www.youtube.com/@TarunmitraGroup

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

पटना
वर्षः 25 अंक 40
मंगलवार 26 मई, 2026

तापमान
अधिकतम 42°C
न्यूनतम 28°C

मूल्य 3 रुपए | पृष्ठ-8 | बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित | www.tarunmitra.in

## ट्रंप बोले-मोदी करीबी दोस्त, भारत हम पर कर सकता है पूरा भरोसा



- दिल्ली समारोह में ट्रंप का लाइव कॉल, मोदी की खुलकर तारीफ

**नई दिल्ली, 25 मई।** भारत और अमेरिका के रिश्तों को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र की खुलकर प्रशंसा की है। नई दिल्ली में आयोजित अमेरिकी दूतावास के 'राष्ट्रीय दिवस स्वागत समारोह' के दौरान राष्ट्रपति ट्रंप का अचानक लाइव फोन कॉल आने से पूरा कार्यक्रम चर्चा का विषय बन गया। समारोह में मौजूद लोगों ने ट्रंप की आवाज सुनते ही तालियों से उनका स्वागत किया।

कार्यक्रम में भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर मंच से संबोधन दे रहे थे। इसी दौरान उनके फोन पर राष्ट्रपति ट्रंप का कॉल आया। राजदूत ने माइक पर ट्रंप को जोड़ा, जिसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत और प्रधानमंत्री मोदी के प्रति अपनी आत्मीयता जाहिर की।

ट्रंप ने कहा, 'मैं प्रधानमंत्री मोदी का बहुत बड़ा फैन हूं। वे मेरे करीबी दोस्त हैं और भारत-अमेरिका संबंध आज इतिहास के सबसे मजबूत दौर में हैं।' ट्रंप ने यह भी कहा कि भारत को जब भी किसी मदद की आवश्यकता होगी, वह सीधे व्हाइट हाउस से संपर्क कर सकता है। उन्होंने भरोसा दिलाते हुए कहा कि भारत अमेरिका पर '100 प्रतिशत भरोसा' कर सकता है। ट्रंप ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था और शेयर बाजार का जिक्र करते हुए कहा कि अमेरिका लगातार नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है और भारत के साथ उसकी साझेदारी भी तेजी से मजबूत हो रही है।

# दस दिनों में चौथी बढ़ोतरी, पेट्रोल शतक पार

## कच्चा तेल सस्ता, फिर भी देश में पेट्रोल-डीजल के दाम बेलगाम

**नई दिल्ली, 25 मई।** पश्चिम एशिया संकट और लगातार बढ़ती ईंधन कीमतों के बीच देश में पेट्रोल-डीजल फिर महंगा हो गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने सोमवार को पेट्रोल के दाम में 2.61 रुपये प्रति लीटर और डीजल में 2.71 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की। इसके साथ ही राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 102.12 रुपये और डीजल 95.20 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया।

पिछले 10 दिनों में यह चौथी बढ़ोतरी है और इस दौरान दोनों ईंधनों की कीमतों में करीब 7.5 रुपये प्रति लीटर तक का इजाफा हो चुका है। करीब चार साल बाद दिल्ली में पेट्रोल फिर 100 रुपये प्रति लीटर के पार पहुंचा है। इससे पहले मई 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान ऐसा हुआ था।

अन्य महानगरों में भी कीमतों में तेज उछाल दर्ज किया गया। कोलकाता में पेट्रोल 113.51 रुपये और डीजल 99.82 रुपये प्रति लीटर हो गया है। मुंबई में पेट्रोल 111.21 रुपये और डीजल 97.83 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है, जबकि चेन्नई में पेट्रोल 107.77 रुपये और डीजल 99.55 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया।

**उछाल**

- पेट्रोल 2.61 और डीजल 2.71 रुपये महंगा, आम आदमी पर महंगाई की नई मार
- डीजल महंगा होने से ट्रांसपोर्ट और खाद्य वस्तुएं होंगी प्रभावित
- राहुल गांधी बोले- किस्तों में जनता की जेब काट रही सरकार
- दस दिनों में पेट्रोल-डीजल करीब साढ़े सात रुपये महंगे

तेल कंपनियों के अनुसार वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और रुपये की कमजोरी के कारण आयात लागत बढ़ी है, जिसका असर घरेलू कीमतों पर पड़ा है।



हालांकि दिलचस्प तथ्य यह है कि सोमवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड 100 डॉलर प्रति बैरल से नीचे रहा, लेकिन घरेलू उपभोक्ताओं को इसका फायदा नहीं मिला।

ईंधन कीमतों में लगातार बढ़ोतरी का असर केवल वाहन चालकों तक सीमित नहीं माना जा रहा। विशेषज्ञों का कहना है कि डीजल महंगा होने से माल ढुलाई की लागत बढ़ेगी, जिससे खाद्य पदार्थों और रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों पर दबाव बढ़ सकता है। हाल के दिनों में सीएनजी और एलपीजी की कीमतों में भी इजाफा हुआ है। 15 मई को पेट्रोल-डीजल में तीन-तीन रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की गई थी, जबकि सीएनजी दो रुपये प्रति किलो महंगी हुई थी। इसके बाद 18 और 23 मई को भी दाम बढ़ाए गए। वहीं 1 मई को वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर के दाम में 993 रुपये तक की वृद्धि की गई थी।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने ईंधन कीमतों में लगातार वृद्धि को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार पेट्रोल-डीजल के दाम किश्तों में बढ़ाकर 'चुपके-चुपके जनता की जेब काट रही है।'

राहुल गांधी ने कहा कि चुनाव खत्म होते ही सरकार ने ईंधन करीब आठ रुपये महंगा कर दिया और आगे भी बढ़ोतरी जारी रहने की आशंका है। उन्होंने महंगाई को 'आर्थिक तूफान' बताते हुए कहा कि इसका असर सीधे आम लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी पर पड़ रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतनी वृद्धि नहीं हुई, जितनी घरेलू बाजार में पेट्रोल-डीजल महंगा किया गया।

उन्होंने कहा कि इसका सबसे ज्यादा असर किसानों, मध्यम वर्ग, छोटे कारोबारियों और एमएसएमई क्षेत्र पर पड़ रहा है। वहीं आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने कहा कि अब देश में शायद ही कोई ऐसा शहर बचा है, जहां पेट्रोल 100 रुपये प्रति लीटर से कम हो। उन्होंने सवाल उठाया कि लगातार बढ़ती कीमतों के बीच आम आदमी आखिर ईंधन का खर्च कैसे उठाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिकी विदेश मंत्री ने पत्नी के साथ किया ताज का दीदार

**आगरा, 25 मई।** चार दिवसीय भारत भ्रमण पर आए अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो अपने पूर्व प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार सोमवार को विशेष वायुयान से आगरा पहुंचे और सपत्नीक ताजमहल की खूबसूरती को निहारा। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो शनिवार से भारत दौरे पर हैं। इस दौरान वह सोमवार को अपनी पत्नी जीनेट रूबीयो के साथ विशेष वायुयान से आगरा में वायुसेना के खेरिया हवाई अड्डे पर पूर्वाह्न करीब 9:30 पहुंचे।

### असम विधानसभा में यूसीसी विधेयक पेश, विपक्ष ने जताया कड़ा विरोध

**दिसपुर, 25 मई।** असम सरकार ने सोमवार को विधानसभा में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक-2026 पेश कर दिया। संसदीय कार्य मंत्री अतुल बोरा ने मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की ओर से सदन में यह विधेयक प्रस्तुत किया। विधेयक पेश होते ही विपक्षी दलों ने इसका विरोध किया और अध्यक्ष से इसे सदन में पेश नहीं करने की मांग की। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि असम विधानसभा में यूसीसी विधेयक पेश होने से इस विषय पर खुली चर्चा का रास्ता साफ हुआ है।

### जंतर-मंतर पर प्रदर्शन मामले में अलका लांबा दोषी करार

**नई दिल्ली, 25 मई।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 2024 में महिला आरक्षण के मामले पर निषेधाज्ञा का उल्लंघन करके जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने के मामले में कांग्रेस नेता अलका लांबा को दोषी करार दिया है।

एडिशनल चीफ जुडिशियल मजिस्ट्रेट अश्विनी पंवार ने अलका लांबा की सजा की अवधि के मामले पर 5 जून को सुनवाई करने का आदेश दिया। कोर्ट ने 4 मई को फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस मामले में कोर्ट ने 14 जनवरी को अलका लांबा के खिलाफ औपचारिक रुप से आरोप तय करने का आदेश दिया था।

## सीबीएसई पाठ्यक्रम में मैथिली को मिली मातृभाषा के रूप में मान्यता, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने किया स्वागत

**पटना, 25 मई।** अपनी मिठास और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए पहचान रखने वाली मैथिली भाषा को अब शिक्षा जगत में एक नई पहचान मिली है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने अपने पाठ्यक्रम में मैथिली भाषा को मातृभाषा विषय के रूप में मान्यता दे दी है। इस फैसले के बाद अब पहली कक्षा से माध्यमिक स्तर तक के विद्यार्थी मैथिली भाषा की पढ़ाई कर सकेंगे। इस निर्णय का बिहार सरकार ने स्वागत किया है।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को इस फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे मिथिला की सांस्कृतिक अस्मिता और भाषाई गौरव के लिए ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि मिथिला की समृद्ध परंपरा और मातृभाषा मैथिली को शिक्षा व्यवस्था में सशक्त स्थान दिलाने की दिशा में यह निर्णय अत्यंत स्वागतयोग्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय भाषाओं, संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण तथा संवर्धन को लगातार मजबूती मिल रही है।

उन्होंने कहा कि सीबीएसई पाठ्यक्रम में मैथिली को शामिल किए जाने से आने वाली पीढ़ियां अपनी मातृभाषा, संस्कृति और जड़ों से और अधिक मजबूती से जुड़ सकेंगी।

दरअसल, दरभंगा लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद गोपाल जी ठाकुर ने 8 फरवरी 2026 को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री जयंत चौधरी से मुलाकात कर मैथिली भाषा को सीबीएसई पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग की थी। इसके बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने पहल करते हुए मैथिली को मातृभाषा विषय के रूप में मान्यता प्रदान कर दी।

इस संबंध में केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री जयंत चौधरी ने सांसद गोपाल जी ठाकुर को पत्र लिखकर फैसले की जानकारी दी।

पत्र में उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) से इस विषय पर जांच कराई गई थी। एनसीईआरटी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत अनुशंसा की है कि पांचवीं कक्षा तक और यथासंभव आठवीं कक्षा तक विद्यार्थियों को उनकी मातृभाषा में शिक्षा दी जानी चाहिए।

### कॉकरोच पार्टी के खिलाफ याचिका पर तुरंत सुनवाई से इनकार


**नई दिल्ली, 25 मई।** उच्चतम न्यायालय ने अचानक चर्चा में आई कॉकरोच जनता पार्टी के खिलाफ दायर याचिका पर तुरंत सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। आज जब इस मामले को मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता बेंच के समक्ष मेंशन कर जल्द सुनवाई की मांग की गई, तो कोर्ट ने कहा कि फिलहाल यह ऐसा कोई गंभीर या आपातकालीन मामला नहीं है, जिस पर तत्काल सुनवाई की जरुरत हो। याचिका वकील राजा चौधरी ने दायर की है। याचिका में कॉकरोच जनता पार्टी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि कॉकरोच जनता पार्टी नामक स्व-घोषित राजनीतिक संगठन की गतिविधियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए।

## यूपी : मुठभेड़ में दो बदमाश ढेर, दो सिपाही भी घायल

**अलीगढ़, 25 मई।** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में दो कुख्यात अपराधी मारे गए, जबकि जवाबी कार्रवाई के दौरान दो पुलिसकर्मी भी घायल हो गए। पुलिस के अनुसार मारे गए बदमाश महिलाओं से लूटपाट की कई घटनाओं में वांछित थे और लंबे समय से पुलिस उनकी तलाश कर रही थी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने बताया कि बीते दिनों मडराक, गोंडा, अतरौली और छर्रा थाना क्षेत्रों में महिलाओं से हथियार के बल पर लूट की कई घटनाएं हुई थीं। बदमाशों ने महिलाओं के कुंडल और अन्य जेवरात लूटे थे, जिसके बाद पुलिस लगातार उनकी तलाश में जुटी हुई थी।

**कार्रवाई**



- महिलाओं से लूटपाट की कई घटनाओं में पुलिस को थी दोनों की तलाश

## नीट मामले में सुप्रीम कोर्ट सख्त, एनटीए और केंद्र से मांगा जवाब

**नई दिल्ली, 25 मई।** नीट-यूजी 2026 परीक्षा विवाद को लेकर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में अहम सुनवाई हुई। फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन (एफएआईएमए) और यूनाइटेड डॉक्टर्स फ्रंट द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए अदालत ने केंद्र सरकार, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 29 मई को होगी।

याचिकाकर्ताओं ने मांग की है कि नीट-यूजी 2026 की दोबारा परीक्षा न्यायिक निगरानी में कराई जाए। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक हाई-पावर्ड कमेटी गठित करने का अनुरोध किया गया है। याचिका में कहा गया है कि इस समिति में साइबर सिक्योरिटी विशेषज्ञ और फॉरेंसिक वैज्ञानिकों को भी शामिल किया जाए, ताकि परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष रह सके। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान एनटीए की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई। अदालत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि यह बेहद दुखद है कि एनटीए ने पिछली घटनाओं से कोई सबक नहीं लिया। कोर्ट ने कहा कि पहले भी इस तरह के मामलों में फैसले और सिफारिशें सामने आ चुकी हैं, लेकिन इसके बावजूद गड़बड़ियां जारी हैं।

अदालत ने एनटीए को निर्देश दिया है कि वह मॉनिटरिंग कमेटी की सिफारिशों को लागू करने की स्थिति पर शपथपत्र दाखिल करे। साथ ही हाई पावर कमेटी के चेयरमैन के. राधाकृष्णन को भी उठाए गए कदमों की जानकारी देने को कहा गया है।

गौरतलब है कि 3 मई को आयोजित नीट-यूजी 2026 परीक्षा बाद में पेपर लीक के आरोपों के चलते रद्द कर दी गई थी। जांच एजेंसियां अब तक 11 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी हैं और मामले की जांच कर रही है।

## मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने पर दिया जोर

**पटना, 25 मई।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को लोक सेवक आवास, 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने राज्य में हरित एवं स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए सौर ऊर्जा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से 'मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना' के तहत घरेलू उपभोक्ताओं को प्रतिमाह 125 यूनिट तक निःशुल्क बिजली उपलब्ध कराई जा रही है।



उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा के उपयोग के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सरकार घरों में सोलर पैनल लगाने की योजना चला रही है, ताकि राज्य सौर ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सके। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा को बढ़ावा मिलने से पारंपरिक बिजली पर निर्भरता कम होगी और विद्युत उत्पादन क्षमता में भी वृद्धि होगी।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हरित एवं स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए समग्र योजना के तहत कार्य किया जाए और जहां भी सोलर पैनल लगाए गए हैं, उनका नियमित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने ग्रामीण क्षेत्रों में जीविका समूहों की महिलाओं को सोलर संयंत्र स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सोलर संयंत्रों की कार्यप्रणाली और उससे होने वाले लाभों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों का सौर ऊर्जा के प्रति रुझान बढ़े। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने 'प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' के कार्यों में तेजी लाने और अधिक से अधिक घरों को इससे जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को सोलर पैनल लगाने के लिए प्रेरित किया जाए। साथ ही 'कुटीर ज्योति योजना' के तहत 10 लाख उपभोक्ताओं के परिसरों में सोलर संयंत्र स्थापित करने के लक्ष्य को शीघ्र पूरा करने पर भी जोर दिया।

मुख्यमंत्री ने कृषि फीडरों के सोलराइजेशन को बढ़ावा देने के निर्देश देते हुए कहा कि अधिक से अधिक कृषि फीडरों को इस योजना में शामिल किया जाए, ताकि कृषि कार्यों में भी सौर ऊर्जा का व्यापक उपयोग सुनिश्चित हो सके।

बैठक में ऊर्जा विभाग के सचिव अजय यादव ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विभागीय योजनाओं की अद्यतन स्थिति, उपभोक्ताओं को मिलने वाले लाभ, प्रधानमंत्री सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना, बीपीएल उपभोक्ताओं के लिए सोलराइजेशन प्लान, जीविका दीदियों के लिए अतिरिक्त प्रोत्साहन योजना तथा पीएम-कुसुम योजना सहित विभिन्न भावी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

### पूंजी, जोखिम और वित्तीय स्थिति की जानकारी सार्वजनिक करना होगा अनिवार्य

# रिजर्व बैंक के नए नियम, बैंकों पर बढ़ेगी निगरानी

नीरज अवस्थी

**नई दिल्ली, 25 मई।** भारतीय रिजर्व बैंक यानी रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने देश की बैंकिंग व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। रिजर्व बैंक ने एक नया मसौदा प्रस्ताव जारी किया है, जिसके तहत बैंकों को अपनी पूंजी स्थिति, जोखिम प्रबंधन और वित्तीय मजबूती से जुड़ी विस्तृत जानकारी सार्वजनिक करनी होगी।

रिजर्व बैंक का मानना है कि वर्तमान समय में बैंकिंग क्षेत्र तेजी से बदल रहा है। डिजिटल बैंकिंग, वित्तीय तकनीकी कंपनियों के विस्तार और ऑनलाइन वित्तीय सेवाओं के बढ़ते उपयोग के कारण बैंकों के सामने नए प्रकार के खतरे उभर रहे हैं। ऐसे में निवेशकों, जमाकर्ताओं और बाजार से जुड़े लोगों को बैंकों की वास्तविक वित्तीय स्थिति की स्पष्ट जानकारी मिलना आवश्यक हो गया है। प्रस्तावित नियमों के अनुसार अब बैंकों को अपनी पूंजी पर्याप्तता, जोखिम आधारित परिसंपत्तियों, नकदी उपलब्धता की स्थिति और विभिन्न प्रकार के जोखिमों का नियमित खुलासा करना होगा।

इसमें ऋण जोखिम, बाजार जोखिम, परिचालन जोखिम और साइबर खतरे जैसी जानकारियां भी शामिल रहेंगी। इसके अलावा बैंकों को तनाव परीक्षण के परिणाम भी सार्वजनिक करने पड़ सकते हैं, जिससे यह पता चल सके कि आर्थिक संकट या बड़े वित्तीय झटकों की स्थिति में बैंक कितने मजबूत हैं। रिजर्व बैंक के इस कदम को बाजार अनुशासन को मजबूत करने वाला माना जा रहा है। 'बेसल स्तंभ-3' का मुख्य उद्देश्य यही है कि बाजार स्वयं बैंकों की वित्तीय स्थिति का मूल्यांकन कर सके। जब बैंक अपनी जोखिम स्थिति और पूंजी ढांचे की अधिक जानकारी सार्वजनिक करेंगे, तब निवेशक और ग्राहक ज्यादा सोच-समझकर निर्णय ले पाएंगे। इससे बैंकिंग क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा और जवाबदेही दोनों बढ़ने की संभावना है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस व्यवस्था से बैंकों पर अपनी बैलेंस शीट यानी लेखा स्थिति मजबूत रखने का दबाव भी बढ़ेगा। पारदर्शिता बढ़ने से ऋण मूल्यांकन एजेंसियों और निवेशकों को सटीक आंकड़े मिल सकेंगे, जिससे बैंकिंग क्षेत्र में दीर्घकालिक स्थिरता मजबूत होगी।

**पारदर्शिता**

- अब बैंक छिपा नहीं सकेंगे अपनी वास्तविक आर्थिक स्थिति
- नए नियमों से बढ़ेगी बैंकिंग क्षेत्र में पारदर्शिता

हालांकि कुछ बैंकिंग विशेषज्ञों ने यह चिंता भी जताई है कि छोटे और क्षेत्रीय बैंकों के लिए इतनी विस्तृत रिपोर्टिंग व्यवस्था लागू करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। इससे नियमों के पालन पर होने वाला खर्च बढ़ने की आशंका भी व्यक्त की जा रही है। रिजर्व बैंक ने फिलहाल इस प्रस्ताव को सार्वजनिक परामर्श के लिए जारी किया है और बैंकों सहित अन्य संबंधित पक्षों से सुझाव मांगे हैं।

माना जा रहा है कि आने वाले महीनों में अंतिम दिशा-निर्देश जारी किए जा सकते हैं।

यदि यह व्यवस्था पूरी तरह लागू होती है, तो भारतीय बैंकिंग प्रणाली वैश्विक मानकों के और अधिक करीब पहुंच जाएगी तथा वित्तीय क्षेत्र में पारदर्शिता और भरोसे को नई मजबूती मिलेगी।

### महाराष्ट्र के अम्बेनाली घाट में कार खाई में गिरी, आठ की मौत

**रायगढ़, 25 मई।** महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई। कोंकण क्षेत्र से सतारा जा रहा एक पर्यटक वाहन अनियंत्रित होकर अम्बेनाली घाट के पास गहरी खाई में गिर गया। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और तुरंत राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया गया।

अधिकारियों के मुताबिक वाहन करीब 1000 से 1500 फीट गहरी घाटी में जा गिरा। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और शव अलग-अलग स्थानों पर बिखरे मिले। अब तक तीन शवों को बाहर निकाल लिया गया है, जबकि अन्य लोगों की तलाश जारी है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## सांसद का प्रयास लाया रंग, भागलपुर-कटिहार स्पेशल ट्रेन को मिली मंजूरी

**भागलपुर, 25 मई (हि.स.)।** विक्रमशिला सेतु के क्षतिग्रस्त होने के कारण भागलपुर संसदीय क्षेत्र सहित आसपास के कई जिलों के लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। आम जनता की इस गंभीर समस्या को देखते हुए सांसद अजय कुमार मंडल ने जनसुविधा के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव सहित संबंधित रेलवे अधिकारियों को पत्र लिखकर भागलपुर से कटिहार (भाया नवगछिया) के बीच दो जोड़ी पैसेंजर ट्रेन चलाने का विशेष अनुरोध किया था। सांसद के इस पत्र पर रेल मंडल के अधिकारियों ने त्वरित एवं सकारात्मक संज्ञान लिया है। रेलवे द्वारा भागलपुर-कटिहार भाया मुंगेर-नवगछिया स्पेशल ट्रेन (गाड़ी संख्याः 03407-03408) के परिचालन की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस स्वीकृति की आधिकारिक जानकारी पूर्व रेलवे (मालदा) के सहायक वाणिज्य प्रबंधक ने पत्र के माध्यम से सांसद अजय कुमार मंडल को दी है।

रेलवे के इस फैसले से क्षेत्र की जनता को बहुत बड़ी राहत मिलेगी। इस त्वरित कार्रवाई के लिए सांसद ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं रेलवे के तमाम अधिकारियों के प्रति हृदय की गहराइयों से आभार और धन्यवाद प्रकट किया है। सांसद ने आगे कहा कि इस स्पेशल ट्रेन सेवा के प्रारंभ होने से भागलपुर, नवगछिया, कटिहार एवं आसपास के जिलों के हजारों यात्रियों को आवागमन में बड़ी सहूलियत होगी और क्षेत्रीय संपर्क व्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी।

# कुरसेला थाना पहुंचे पूर्णिया रेंज के आईजी, बोले-'लापरवाही किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं'

### पुराने कांडों, लंबित मामलों और पुलिसिंग व्यवस्था की हुई गहन समीक्षा, अभिलेख अद्यतन रखने के दिए निर्देश



**कुरसेला, कटिहार, 25 मई (तरुणमित्र)।** पूर्णिया रेंज के आईजी विवेकानंद ने सोमवार को कटिहार जिले के कुरसेला थाना का औचक निरीक्षण किया।

थाना पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद उन्होंने थाना में दर्ज पुराने कांडों, लंबित मामलों, अनुसंधान की प्रगति तथा आमजन से जुड़े कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान आईजी ने थाना के महत्वपूर्ण रजिस्टर, मालखाना, हाजत और परिसर की साफ-सफाई का जायजा लिया। उन्होंने केस फाइलों का अवलोकन करते हुए अनुसंधान कार्य में तेजी लाने तथा लंबित मामलों के समयबद्ध निष्पादन पर जोर दिया।

इस मौके पर कटिहार पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुनील कुमार शर्मा, कोढ़ा सर्किल इंस्पेक्टर साजिद आलम, थानाध्यक्ष राकेश कुमार समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के बाद आईजी विवेकानंद ने कहा कि अपराध अभिलेखों के साथ-साथ आम जनता से जुड़े कार्यों की भी गंभीरता से जांच की गई है। उन्होंने निर्देश दिया कि थाना आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की जानकारी स्टेशन डायरी में अनिवार्य रूप से दर्ज की जाए। साथ ही जिन पदाधिकारियों को मामलों की जांच सौंपी जाती है, उनके कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा, ताकि अनुसंधान समय पर पूरा हो सके।

आईजी ने अपराध अभिलेखों को अद्यतन रखने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि व्यवस्था में सुधार की काफी आवश्यकता है। निरीक्षण के दौरान सभी एसआई और जीएसआई से पूछताछ कर उनकी कार्यप्रणाली की समीक्षा भी की गई। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा पुलिसिंग में पारदर्शिता और जवाबदेही हर हाल में सुनिश्चित करनी होगी।

# एनएच-31 पर हादसे के बाद बवाल: इलाज के दौरान वृद्ध की मौत



**कुरसेला, कटिहार, 25 मई (तरुणमित्र)।** राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर समेली कबीर मठ के समीप अज्ञात पिकअप वाहन की चपेट में आए वृद्ध की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने सोमवार सुबह एनएच-31 को जाम कर प्रदर्शन किया, जिससे कुछ देर तक यातायात प्रभावित रहा। सूचना मिलते ही कुसेर्ला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया।

मृतक की पहचान समेली प्रखंड के मुरादपुर पंचायत निवासी अखिलेश यादव (60 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि अखिलेश यादव रविवार देर शाम राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पार कर रहे थे। इसी दौरान पूर्णिया की ओर तेज रफ्तार से जा रही एक अज्ञात पिकअप वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।

स्थानीय लोगों और परिजनों की मदद से घायल वृद्ध को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समेली लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सोमवार सुबह जैसे ही मौत की खबर गांव पहुंची, परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। लोगों ने एनएच-31 पर शव रखकर सड़क जाम कर दिया और दोषी वाहन चालक की गिरफ्तारी तथा पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग करने लगे। कुसेर्ला पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद जाम समाप्त कराया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात वाहन की पहचान में जुट गई है।

# शिकायतों के समाधान के लिए मील का पत्थर साबित होगा सहयोग शिविर : डीएम




**दरभंगा, 25 मई (तरुणमित्र)।** आगामी 2 जून मंगलवार को आयोजित होने वाले सहयोग शिविर की सफलता के उद्देश्य से सदर प्रखंड अंतर्गत शहबाजपुर एवं शिशो पश्चिम पंचायत का डीएम कौशल कुमार एवं एसएसपी जगुनाथ रेड्डी ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने कहा कि कोई भी शिकायतकर्ता निराश होकर नहीं लौटे। उनके लिए सभी आधारभूत सुविधा उपलब्ध करना सुनिश्चित करें। मेडिकल टीम की कैंप में नागरिकों का निःशुल्क इलाज भी होगी।

डीएम ने बीडीओ को निर्देश देते हुए कहा कि शिविर प्रारंभ होने से पूर्व आमजनों से शिकायत एवं आवेदन प्राप्त करने के पर्याप्त संख्या में कर्मियों की प्रतिनियुक्ति करें ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जो शिकायतकर्ता लिख नहीं सकते उन्हें लिखकर आवेदन भी दिए जाएंगे। इसके लिए अलग से काउंटर की व्यवस्था रहेगी। डीएम ने कहा कि प्राप्त सभी आवेदनों को निर्धारित पोर्टल पर समयबद्ध तरीके से अपलोड करें तथा उनके निष्पादन में पारदर्शिता एवं त्वरित कारवाई सुनिश्चित करें।

उन्होंने शिविर में लगाए जाने वाले 15 विभागीय स्टॉल पर प्राप्त आवेदनों के संधारण हेतु अलग-अलग पंजी उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने परिवादियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवेदन लिखने के लिए अलग स्टॉल पर कर्मियों की प्रतिनियुक्ति करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि शिविर में आने वाले लोगों की शिकायतों को यथासंभव त्वरित समाधान किया जाए। शिविर में आने वाले नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए पेयजल, कुर्सी, शेड, पंखा एवं अन्य सभी मूलभूत सुविधाएं पूर्व से सुनिश्चित कर लें।

ज्ञात हो कि 2 जून को दरभंगा जिला अंतर्गत 36 पंचायत में सहयोग शिविर आयोजित किये जायेंगे। निरीक्षण के दौरान सदर एसडीओ विकास कुमार, सदर बीडीओ, प्रखंड प्रमुख, संबंधित पंचायत के मुखिया सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## आईजी विकास वैभव से मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने किया शिष्टाचार मुलाकात

**गयाजी, 25 मई (तरुणमित्र)।** नेशनल ह्यूमन राइट्स एंड पब्लिक वेलफेयर ट्रस्ट से जुड़े मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने मगध रेंज के नये आईजी विकास वैभव से सोमवार को शिष्टाचार मुलाकात किए।संस्था के संस्थापक सह सचिव गणेश सिंह ने बताया कि आईपीएस विकास वैभव की चर्चा अच्छे पुलिसिंग को लेकर पूरे मगध में ही नहीं बल्कि समस्त बिहार में है। छह साल के बाद विकास वैभव पुलिस डिपार्टमेंट में आए हैं जिससे मगध की जनता में बिहार पुलिस के प्रति नजरिया बदलता फिर से देखा जा सकता है। इससे सभ्य समाज बेहद खुश है। इस मुलाकात के दौरान गणेश सिंह ने कहा आईजी साहब स्वतः मामले को संज्ञान में लेकर संबंधित थाना और पुलिस अधिकारियों को आदेश निर्देश देते दिख रहे।वहीं संगठन के पदाधिकारी और सदस्यों ने पुष्पगुच्छ देकर शिष्टाचार मुलाकात किया।इस मौके पर सत्येंद्र कुमार, शंभू प्रसाद, धीरज बरनवाल, सागर बर्मन, राजेश बरनवाल, पूजा कुमारी, रुन्नी कुमारी, रीता देवी, जारा खान, सलोनी कुमारी, विराट कुमार, अमित कुमार, प्रकाश बाबू, राजू कुमार, अंकुश कुमार, कृष्णा कुमार एवं अन्य लोग भी शामिल थे।

## बकरीद पर्व को लेकर रौतारा थाना में शांति समिति की बैठक, सौहार्द बनाए रखने की अपील




**कोलासी, कटिहार, 25 मई (तरुणमित्र)।** जिले के रौतारा थाना परिसर में बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी लालसार बिंद ने की। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी एवं विभिन्न समुदायों के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

इस दौरान बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।थाना प्रभारी लालसार बिंद ने कहा कि बकरीद आपसी भाईचारे और शांति का पर्व है। पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अशांति, अफवाह या उपद्रव फैलाने वालों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी। उन्होंने सभी लोगों से प्रशासन का सहयोग करने तथा सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की। बैठक में मौजूद लोगों से कहा गया कि सोशल मीडिया पर किसी भी भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट को साझा न करें।

यदि कहीं किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस प्रशासन को दें। थाना प्रभारी ने स्पष्ट कहा कि पर्व के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। शांति भंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने क्षेत्र में अमन-चैन और भाईचारा कायम रखने का भरोसा दिलाया तथा प्रशासन को हर संभव सहयोग देने की बात कही।

# जिला स्तरीय समन्वय समिति की हुई बैठक में न्यायालय में लंबित मामले को निष्पादित करने का निर्देश

**दरभंगा, 25 मई (तरुणमित्र)।** समाहरणालय स्थित अंबेडकर सभागार में उप विकास आयुक्त स्वप्निल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें मानवाधिकार, लोकायुक्त, आरटीपीएस, न्यायालयों में लंबित वाद, मुख्यमंत्री जनता दरबार, एसी-डीसी बिल, सहकारिता, कृषि, राजस्व एवं जन शिकायत सहित विभिन्न विभागों से संबंधित मामलों की समीक्षा की गई।

उप विकास आयुक्त ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित मामलों का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित करें ताकि आम नागरिकों को त्वरित लाभ मिल सके। बैठक में विशेष रूप से आगामी 02 जून को आयोजित होने वाले सहयोग शिविर की तैयारियों की समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि शिविर के सफल आयोजन हेतु सभी आवश्यक तैयारियां पूर्व से कर लें तथा संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करें।

बैठक में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को 14 स्टॉल के अलावा, 15वां स्टॉल हेल्प डेस्क का बनाने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सभी अंचलाधिकारियों को उच्च न्यायालय में लंबित मामलों के निष्पादन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि न्यायालय से संबंधित मामलों में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में अपर समाहर्ता (राजस्व) मनोज कुमार, नगर आयुक्त राकेश कुमार गुप्ता, अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी राजेश कुमार गुप्ता, अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) राकेश कुमार, अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) सलीम अख्तर, उप निदेशक जनसंपर्क सत्येंद्र प्रसाद सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## युवक की हत्या, सड़क किनारे मिला शव, जमीन खरीद-बिक्री का करता था काम

**गयाजी, 25 मई (तरुणमित्र)।** शहर में अपराधियों ने एक युवक की हत्या कर दी ।शव को सड़क किनारे फेंक दिया ।मृतक की पहचान पंचायती अखाड़ा निवासी सैयद इश्तियाक अहमद(37) के तौर पर हुई है ।घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के चांकद हाईवे की है ।मृतक जमीन के कारोबार से जुड़ा था, वह जमीन की खरीद-बिक्री का काम करता था ।पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि उसका किसके साथ विवाद था ।मृतक का किसके साथ विवाद था ।मां का कहना है कि मेरा बेटा सीधा-साधा था ।उसका किसी से कोई विवाद नहीं था ।प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है ।कोतवाली थानाध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह ने बताया कि एक युवक का शव लावारिस हालत में बरामद किया गया है ।हत्या के कारणों का पता लगाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

# खुदना चौक पर शराब सेवन के आरोप में तीन गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजे गए




**कोलासी, कटिहार, 25 मई (तरुणमित्र)।** कटिहार जिले के रौतारा थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस द्वारा चलाए जा रहे गश्ती एवं वाहन जांच अभियान के दौरान खुदना चौक से शराब पीने के आरोप में तीन व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने मौके पर आवश्यक जांच एवं कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद सभी आरोपियों को न्यायालय कटिहार में उपस्थापन हेतु भेज दिया।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान इस प्रकार हुई है- अवधेश पासवान, उम्र लगभग 40 वर्ष, पिता उपेन्द्र पासवान, निवासी खुदना, थाना रौतारा, जिला कटिहार। मनोज ऋषि, उम्र लगभग 50 वर्ष, पिता स्वर्गीय सहदेव ऋषि, निवासी खुदना, थाना रौतारा, जिला कटिहार। रामचन्द्र बिन्द, उम्र लगभग 30 वर्ष, पिता स्वर्गीय हिरालाल बिन्द, वर्तमान निवासी खुदना, थाना रौतारा, जिला कटिहार, स्थायी पता बनबाड़ीपुर, थाना विन्ध्याचल, जिला मिजार्पुर (उत्तर प्रदेश)। पुलिस सूत्रों के अनुसार रात्रि गश्ती के दौरान खुदना चौक पर संदेह के आधार पर तीनों को रोका गया। जांच के दौरान शराब सेवन की पुष्टि होने पर बिहार मद्य निषेध कानून के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें हिरासत में लिया गया। क्षेत्र में शराबबंदी कानून को प्रभावी बनाने के लिए पुलिस लगातार छापेमारी एवं वाहन जांच अभियान चला रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार हो रही कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों एवं शराब सेवन करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

# नगर आयुक्त ने 15 दिनों में नालों की शत-प्रतिशत सफाई पूरी करने का दिया निर्देश

**गयाजी, 25 मई (तरुणमित्र)।** मानसून की तैयारी को लेकर गया नगर निगम ने नाला सफाई अभियान में तेजी कर दी है ।इसी क्रम में सोमवार को नगर निगम के नगर आयुक्त अभिषेक पलासिया ने शहर में चल रहे विशेष नाला सफाई अभियान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान देखा गया कि सभी वार्डों में छोटे-बड़े नाले की साफ सफाई प्रारंभ है।

इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से डेल्हा स्थित कुजापी नाला का निरीक्षण कर सफाई कार्य की प्रगति, गुणवत्ता और जल निकासी व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही विभिन्न सभी वार्डों में चल रहे नाला सफाई कार्य का भी स्थल निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने नालों में जमी गाद, कचरा एवं अन्य अवरोधों को पूरी तरह हटाने का निर्देश दिया ।उन्होंने कहा कि मानसून शुरू होने से पहले सभी प्रमुख एवं शाखा नालों की सफाई सुनिश्चित करना नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है, ताकि बारिश के दौरान जलजमाव की समस्या उत्पन्न न हो और शहरवासियों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

कुजापी नाला के निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने पाया कि कई स्थानों पर नालों के ऊपर और किनारे किए गए अतिक्रमण के कारण सफाई कार्य प्रभावित हो रहा है। अतिक्रमण की वजह से सफाई मशीनों और कर्मियों को कार्य करने में कठिनाई हो रही है, जिससे नालों की समुचित सफाई नहीं हो पा रही है। इस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए संबंधित सिटी मैनेजर को मंगलवार से तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि नालों एवं जल निकासी मार्गों पर किए गए अतिक्रमण को हर हाल में हटाया जाए, ताकि सफाई अभियान बाधारहित तरीके से पूरा किया जा सके। नगर आयुक्त ने कहा कि सार्वजनिक नालों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न केवल सफाई व्यवस्था को प्रभावित करता है, बल्कि बरसात के समय जलभराव और अन्य समस्याओं का कारण भी बनता है ।ऐसे मामलों में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**सफाई अभियान की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा प्रतिदिन कार्य की प्रगति की समीक्षा की जाए - नगर आयुक्त**

निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि नाला सफाई अभियान की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा प्रतिदिन कार्य की प्रगति की समीक्षा की जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि अगले 15 दिनों के अंदर शहर के सभी छोटे-बड़े नालों की शत-प्रतिशत सफाई हर हाल में पूरी कर ली जाए। निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण नहीं होने पर संबंधित एजेंसी एवं जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

नगर आयुक्त ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य शहर को जलजमाव मुक्त बनाना और बेहतर जल निकासी व्यवस्था उपलब्ध कराना है। इसके लिए सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को पूरी जिम्मेदारी और तत्परता के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने सफाई कार्य में लगे कर्मियों को भी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने तथा गुणवत्ता के साथ कार्य संपन्न कराने का निर्देश दिया ।उन्होंने शहरवासियों से भी अपील की कि नालों में कूड़ा-कचरा, प्लास्टिक और अन्य अपशिष्ट सामग्री नहीं फेंकें। नागरिकों के सहयोग से ही स्वच्छ एवं सुचारू जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित की जा सकती है ।नगर निगम मानसून पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है।

## सहयोग शिविर व विकास योजनाओं की डीएम ने की समीक्षा

**कटिहार, 25 मई (तरुणमित्र)।** जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में सहयोग शिविर, जन-भागीदारी, जिला स्तरीय समन्वय समिति एवं प्रोजेक्ट मॉनीटरिंग ग्रुप की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर का आयोजन किया जाता है।

आगामी शिविर 02 जून 26 को आयोजित होगा। शिविरों में राजस्व, प्रमाण-पत्र, पुलिस, पेंशन, राशन कार्ड, आवास योजना समेत विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित समस्याओं का त्वरित निष्पादन किया जाएगा। समीक्षा के दौरान जानकारी दी गई कि 19 से 25 मई तक आयोजित जनजातीय गरिमा उत्सव-2026 के तहत 13 आदिवासी बहुल प्रखंडों के 82 गांवों में शिविर लगाए गए। इन शिविरों में कुल 3,548 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 3,458 मामलों का निष्पादन कर दिया गया है, जबकि शेष 90 आवेदनों के समाधान की प्रक्रिया जारी है।

जिला पदाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय बढ़ाने तथा जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम लोगों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के निर्देश दिए। साथ ही आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में सहयोग शिविरों में भाग लेने की अपील की। बैठक में पीपीटी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से शिक्षा, पर्यटन, कला-संस्कृति एवं युवा, खेल, परिवहन, मद्य निषेध, नगर निगम, श्रम संसाधन, पथ निर्माण प्रमंडल, ग्रामीण पथ प्रमंडल, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण प्रमंडल समेत विभिन्न विभागों की गतिविधियों एवं योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, उप विकास आयुक्त सहित सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### नए सीसीटीएनएस 1.0 पोर्टल का प्रशिक्षण संपन्न

**कटिहार, 25 मई (तरुणमित्र)।** जिले में पुलिस व्यवस्था को और अधिक तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में सोमवार को नए सीसीटीएनएस 1.0 पोर्टल के संबंध में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन माननीय पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार किया गया। जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (ठक्ळ) मुख्यालय द्वारा प्रारंभ किए गए नए पोर्टल को लेकर जिले के पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम को एन आई सी टीम द्वारा जिला सूचना पदाधिकारी (उक्ष्व्) अभिमन्यु एवं सहायक जिला सूचना पदाधिकारी (अउक्ष्व्) मुकेश कुमार मंडल की उपस्थिति में सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया गया। प्रशिक्षण का संचालन पुलिस तकनीकी प्रभारी मनीष शेखर के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को सीसीटीएनएस 1.0 पोर्टल की नई सुविधाओं, तकनीकी पहलुओं तथा उसके संचालन की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने बताया कि नया पोर्टल अत्यधिक सुरक्षित इंटरफेस, बेहतर डेटा प्रबंधन, जियो-फेंसिंग सुविधा, त्वरित केस ट्रैकिंग तथा विभिन्न पुलिस इकाइयों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में सहायक होगा। इससे डिजिटल पुलिसिंग को मजबूती मिलेगी और अनुसंधान कार्य, निगरानी एवं पारदर्शिता में भी सुधार होगा।

### आरपीएफ एवं जीआरपी की महिला कर्मियों ने मानवता और साहस की पेश किया मिसाल

**कटिहार, 25 मई (तरुणमित्र)।** मिली जानकारी के अनुसार, रविवार की रात प्रसव पीड़ा से तड़प रही एक महिला यात्री की हालत गंभीर होने पर आरपीएफ की एलएसआई मुक्ति शील एवं महिला कांस्टेबल विमलेश कुमारी ने तत्परता दिखाते हुए रेलवे डॉक्टर के पहुंचने से पहले ही सुरक्षित प्रसव कराया। आरपीएफ की दोनों महिला कर्मियों की सूझबूझ और सराहनीय प्रयास से महिला ने एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया। बाद में रेलवे चिकित्सक द्वारा मां और नवजात की जांच की गई, जिसमें दोनों स्वस्थ पाए गए। इसके बाद जच्चा-बच्चा को बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल, कटिहार भेजा दिया गया। आरपीएफ एवं जीआरपी के इस मानवीय और सराहनीय कार्य के लिए पीड़िता कदवा निवासी शाकिरा खातून एवं स्थानीय लोगों ने इसकी प्रशंसा करते हुए रेल प्रशासन के साथ आरपीएफ एवं जीआरपी के अधिकारों को धन्यवाद दिया। उक्त पीड़ित महिला यात्री अपने पति के साथ साप्ताहिक ट्रेन से मुंबई से यात्रा कर कटिहार पहुंची ही थी कि अचानक उसे लेबर पेन उठ गया और आरपीएफ और जीआरपी के महिला कर्मी के सहयोग से दोनों सकुशल है। गौरतलब है कि आरपीएफ की एलएसआई मुक्ति शील रेल में अपराध नियंत्रण की दिशा में लेडी सिंघम के रूप में भी जानी जाती है।

### एबीवीपी ने एमयू में हुए 200 करोड़ रुपये के कथित गबन मामले पर जताया आक्रोश

**बोधगया (गया), 25 मई (तरुणमित्र)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत सोशल मीडिया सह संयोजक दक्षिण बिहार सुमित मौर्य ने मगध विश्वविद्यालय में निवर्तमान कुलपति शशि प्रताप शाही से जुड़े 200 करोड़ रुपये के कथित गबन मामले पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह मामला शिक्षा व्यवस्था और विश्वविद्यालय प्रशासन की पारदर्शिता पर गंभीर प्रश्न खड़ा करता है ।उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के भविष्य और विश्वविद्यालय के विकास के लिए आने वाली राशि में इस प्रकार की अनियमितता अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है ।एबीवीपी लंबे समय से विश्वविद्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार, वित्तीय अनियमितताओं और प्रशासनिक लापरवाही के खिलाफ आवाज उठाती रही है ।सुमित मौर्य ने मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो तथा विद्यार्थियों का विश्वविद्यालय प्रशासन पर विश्वास कायम रह सके।

### बच्चों से जुड़े विभिन्न कानूनी विषयों पर आधारित महत्वपूर्ण पुस्तकों का विमोचन किया गया

**गयाजी, 25 मई (तरुणमित्र)।** राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के कार्यालय नूतन नगर गया जी में पॉक्सो कानून, बाल शोषण, बाल अपराध, बाल मजदूरी एवं बच्चों से जुड़े विभिन्न कानूनी विषयों पर आधारित महत्वपूर्ण पुस्तकों का विमोचन सोमवार को डॉ. मनीष पंकज मिश्रा के कर-कमलों द्वारा किया गया ।उपरोक्त पुस्तक मेंपॉक्सो कानून, बाल शोषण, बाल अपराध, बाल मजदूरी एवं बच्चों के अधिकारों से संबंधित कई महत्वपूर्ण पुस्तकों का भव्य विमोचन राष्ट्रीय मानव अधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनीष पंकज मिश्रा के द्वारा किया गया ।इन पुस्तकों में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी जी केसुरक्षा संघर्षों से लेकर आज तकबच्चोंकीसुरक्षाएवंअधिकारों से जुड़े प्रमुख कानूनों का विस्तृत वर्णन किया गया है। साथ ही बच्चों को नर्सरी स्तर से ही बेहतर पालन-पोषण, शिक्षा, संस्कार, खेलकूद एवं स्वस्थ वातावरण देकर देश का होनहार नागरिक बनाने के महत्वपूर्ण पहलुओं को भी पुस्तक में समाहित किया गया है ।पुस्तक विमोचन के अवसर पर डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि आज के डिजिटल युग में भी पुस्तकों का महत्व कभी कम नहीं हो सकता ।विशेष रूप से पॉक्सो कानून भारत के महत्वपूर्ण कानूनों में से एक है, जिसकी जानकारी समाज, छात्रों, अभिभावकों एवं विधि के जानकारों को अवश्य होनी चाहिए ।मौके पर राज संयोजक संयोजक बिहार झारखंड सह पूर्व बाल श्रम आयोग के सदस्य सहित अन्य लोगों उपस्थित हुए।

### गर्मी का असर: जिले में आठवीं तक के स्कूल बंद, 9 से 12वीं तक क्लास सुबह 11 बजे तक ही चलेगी

**गया, 25 मई (तरुणमित्र)।** जिले में भीषण गर्मी से लोगों का हाल बेहाल है। अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के करीब है ।तेज धूप के चलते लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो रहा है ।गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए जिला प्रशासन ने स्कूलों के संचालन समय में बदलाव किया है ।कक्षा आठवीं तक के सभी सरकारी और गैर-सरकारी विद्यालयों, प्री-स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों और कोचिंग संस्थानों को 31 मई तक बंद रखने का आदेश दिया है। जबकि कक्षा 9 से 12वीं तक की सुबह 11 बजे तक ही संचालित की जाएंगी ।यह आदेश जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने जारी किया है, जो 26 मई 2026 से लागू होकर 31 मई 2026 तक प्रभावी रहेगा।

**आदेश का सख्ती से पालन का निर्देश**

प्रशासन का मानना है कि छोटे बच्चों पर गर्मी का असर अधिक होता है, इसलिए एहतियात के तौर पर यह कदम उठाया गया है ।सभी सरकारी और निजी विद्यालयों को इस आदेश का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश की कॉपी आयुक्त मगध प्रमंडल, वरीय पुलिस अधीक्षक, नगर आयुक्त, सिविल सर्जन, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी और संबंधित विभागों को भेज दी गई है।

# जिले में भीषण गर्मी का प्रकोप, घरों में रहने को लोग मजबूर



**भागलपुर, 25 मई (तरुणमित्र)।** जिले में भीषण गर्मी और हीट वेव (लू) का असर अब आम लोगों की सेहत पर साफ दिखने लगा है। तेज धूप और आसमान से बरसती आग के कारण अस्पतालों में हीट वेव से प्रभावित मरीजों की संख्या में लगातार भारी वृद्धि हो रही है।

फिलहाल लोगों को इससे राहत मिलने के आसार नहीं हैं। सोमवार को भी तापमान और उमस का असर बना रहा। जिससे दिनभर लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ा। घरों से बाहर निकलने वाले लोगों के साथ-साथ पशु-पक्षी भी गर्मी से बेहाल हैं। बिहार कृषि विश्वविद्यालय के ग्रामीण कृषि मौसम सेवा केंद्र के अनुसार अगले कुछ दिनों तक मौसम में विशेष बदलाव की संभावना नहीं है। वातावरण में नमी अधिक रहने के कारण उमस का असर बना रहेगा और लोगों को असहज गर्मी महसूस होगी।

गर्मी का असर दुधारू पशुओं पर भी पड़ रहा है। पशुपालकों के अनुसार अधिक तापमान के कारण पशुओं की दूध उत्पादन क्षमता प्रभावित हुई है। पशुओं को गर्मी से राहत देने के लिए दिन में दो बार स्नान कराया जा रहा है। कई पशुपालक अपने मवेशियों को गंगा नदी और पोखरों तक ले जा रहे हैं, जहां उन्हें कुछ राहत मिल रही है। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को सलाह दी है कि पेड़-पौधों में सुबह और शाम के समय सिंचाई तथा हल्का छिड़काव करें। तेज धूप के दौरान पानी देने से बचें, ताकि पौधों पर गर्मी का प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अगले कुछ दिनों तक उमस भरी गर्मी लोगों की परेशानी बढ़ाती रहेगी।

स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को अलर्ट रहने की सलाह दी है। डॉ विनय कुमार झा के अनुसार, तेज धूप में अधिक देर तक रहने, शरीर में पानी की कमी (डीहाइड्रेशन) और अत्यधिक गर्म वातावरण के कारण लोगों का स्वास्थ्य बिगड़ रहा है। इसके मुख्य लक्षणों में चक्कर आना और सिर दर्द होना, शरीर में अत्यधिक कमजोरी और उल्टी होना, तेज बुखार आना या अचानक बेहोश हो जाना शामिल है। सरकारी और निजी दोनों ही प्रकार के अस्पतालों में फिलहाल ऐसे मरीजों का तांता लगा हुआ है। लगातार बढ़ रही इस जानलेवा गर्मी ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है।

चिकित्सकों और स्वास्थ्य विभाग ने आम लोगों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और दोपहर के समय अनावश्यक रूप से घर से बाहर निकलने से बचें। पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और ओआरएस, नीबू-पानी या अन्य तरल पदार्थों का सेवन करते रहें। भोजन हमेशा हल्का और सुपाच्य ही करें।

# एसएसबी के जवानों-विद्यार्थियों ने 8 किमी लंबी रैली निकाली

**गया, 25 मई (तरुणमित्र)।** फिट इंडिया मूवमेंट के तहत रविवार को एक साइकिल रैली निकाली गई। यह रैली एसएसबी 29वीं वाहिनी गया और क्षेत्रक मुख्यालय (वि.प्र.) गया के संयुक्त देखरेख में हुई। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूक करना था। फिट इंडिया मूवमेंट के 75वें संस्करण के अंतर्गत आयोजित इस रैली में एसएसबी के अधिकारियों, जवानों और स्कूली विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।रैली 29वीं वाहिनी मुख्यालय परिसर धनावां से शुरू होकर खटकाचक, गया तक लगभग 8 किलोमीटर की दूरी तय की।यह आयोजन कमांडेंट कुणाल, 29वीं वाहिनी एसएसबी गया के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।रैली के दौरान प्रतिभागियों ने फिटनेस और स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़े संदेशों के माध्यम से लोगों को नियमित व्यायाम और शारीरिक गतिविधियों के प्रति प्रेरित किया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों और बलकर्मियों के बीच स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान समय में अनियमित दिनचर्या और बढ़ते तनाव के कारण लोग कई बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं।ऐसे में साइकिलिंग, योग और नियमित व्यायाम जैसी गतिविधियां स्वस्थ जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।साइकिल चलाने से न केवल शरीर फिट रहता है और मानसिक तनाव कम होता है, बल्कि यह पर्यावरण को भी प्रदूषण मुक्त रखने में सहायक है। रैली में जवानों और विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखा गया। प्रतिभागियों ने पूरे मार्ग में अनुशासन के साथ साइकिल चलाते हुए फिट इंडिया, हेल्दी इंडिया का संदेश दिया।स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को फिटनेस के प्रति प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर अबनीश यादव, उप कमांडेंट, रवि भूषण, उप कमांडेंट, 29वीं वाहिनी एसएसबी गया और रवि शेखर झा, उप कमांडेंट (संचार), क्षेत्रक मुख्यालय (वि.प्र.) एसएसबी गया सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। बलकर्मियों और स्कूल के विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## पूर्व सांसद की बिल्डिंग से नकली दवाइयां बरामद

**गया, 25 मई (तरुणमित्र)।** शहर में पूर्व सांसद रंजीत सिंह उर्फ रंग सिंह की बिल्डिंग से भारी मात्रा में नकली दवाएं बरामद की गई है। रंजीत सिंह की मैत हो चुकी है।उनका बेटा दरभंगा सिविल कोर्ट में वकील है।ये बिल्डिंग किराए पर दी गई थी।यहां किराएदार विकास कुमार मौहरी नकली दवा का कारोबार कर रहा था।जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।लगातार सूचना मिलने के बाद ये कार्रवाई की गई है।इसी मकान में किराए पर पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग का ऑफिस भी है।कोतवाली थाना क्षेत्र के न्यू पीपरपाती मोहल्ले में ड्रग विभाग और पुलिस ने सोमवार को ये छापेमारी की है।ड्रग इंस्पेक्टर विजय कुमार ने बताया, भारी मात्रा में नशे की दवा, कफ सिरप और नींद की गोलियां बरामद की गई।इस मामले में गिरफ्तार आरोपी विकास कुमार मौहरी से लगातार पूछताछ की जा रही है।प्रारंभिक जांच में ये सामने आया है कि इस अवैध नेटवर्क के जरिए बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल समेत कई राज्यों में नशीली दवाओं की सप्लाई की जा रही थी।

# पोक्सो मामले में दोषी को आजीवन कारावास

**किशनगंज, 25 मई (तरुणमित्र)।** अनन्य विशेष न्यायाधीश पोक्सो अधिनियम दीप चंद पाण्डेय की अदालत ने सोमवार को पोक्सो अधिनियम से जुड़े एक महत्वपूर्ण मामले में दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने बहादुरगंज प्रखंड के कोईमारी निवासी तौहीद आलम को नाबालिग पीड़िता के साथ दुष्कर्म का दोषी पाते हुए यह फैसला सुनाया।

जानकारी के अनुसार, महिला थाना कांड संख्या-45/2022 एवं पोक्सो वाद संख्या-02/2023 के तहत आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कराया गया था। मामले की सुनवाई अनन्य विशेष न्यायाधीश पोक्सो अधिनियम की अदालत में चल रही थी। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने आरोपी के खिलाफ साक्ष्य एवं गवाह प्रस्तुत किए, जिसके आधार पर अदालत ने आरोपी को दोषी करार दिया। अदालत ने पोक्सो अधिनियम की गंभीर धाराओं के तहत आरोपी को शेष प्राकृतिक जीवनकाल तक आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके अलावा अन्य धाराओं में भी सश्रम कारावास की सजा दी गई है। न्यायालय ने आरोपी पर एक लाख पचास हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि अर्थदंड की राशि पीड़िता को प्रदान की जाएगी। मामले में विशेष लोक अभियोजक मनीष कुमार साह ने सजा के बिंदु पर अदालत में जोरदार पक्ष रखा। उन्होंने अपराध की गंभीरता को रेखांकित करते हुए कठोर सजा की मांग की। अदालत ने अभियोजन पक्ष की दलीलों एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को दोषी मानते हुए फैसला सुनाया।

# लंदन में फारबिसगंज के होम्योपैथ चिकित्सक डॉ पाल को मिला अंतर्राष्ट्रीय सम्मान

**अररिया, 25 मई (तरुणत्रि)।** बिहार में अररिया जिले के फारबिसगंज शहर के चर्चित होम्योपैथ चिकित्सक डॉ जयंत कुमार पाल को इंग्लैंड की राजधानी लंदन में आयोजित चौथे विश्व होम्योपैथी शिखर सम्मेलन में अंतर्राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि से फारबिसगंज समेत संपूर्ण अररिया जिले में होम्योपैथ चिकित्सा क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है।

लंदन के ऐतिहासिक संसद भवन परिसर में आयोजित इस प्रतिष्ठित समारोह में इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सर एलेस्टर कुक तथा दिग्गज क्रिकेटर डेविड गावर ने संयुक्त रूप से डॉ पाल को सम्मानित किया। समारोह में दुनिया के विभिन्न देशों से आए चिकित्सा विशेषज्ञों और होम्योपैथी चिकित्सकों की मौजूदगी रही। फारबिसगंज शहर के वार्ड संख्या 14 स्थित कृष्णापुरी कॉलोनी निवासी डॉ. पाल को होम्योपैथी चिकित्सा के क्षेत्र में लंबे समय से किए जा रहे उल्लेखनीय योगदान, मरीजों की सेवा और जनजागरूकता अभियान के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सर एलेस्टर कुक ने कहा कि डॉ. पाल होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति को नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वहीं डेविड गावर ने उनके कार्यों को मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। करीब चार दशक से चिकित्सा सेवा में सक्रिय डॉ. जयंत कुमार पाल ने सीमित संसाधनों के बीच वर्ष 1980 के दशक में अपने चिकित्सा सफर की शुरूआत की थी। वर्षों की मेहनत और सेवा भावना के बल पर उन्होंने हजारों मरीजों का इलाज किया और लोगों के बीच अपनी अलग पहचान बनाई।

डॉ. पाल का कहना है कि होम्योपैथी केवल वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति नहीं, बल्कि वैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित प्रभावी चिकित्सा प्रणाली है, जो धैर्य और सही उपचार से गंभीर बीमारियों में भी लाभ पहुंचाती है। मूल रूप से रानीगंज निवासी डॉ. पाल को चिकित्सा क्षेत्र में आने की प्रेरणा उनके पिता स्वर्गीय मुरारी मोहन पाल से मिली। उनके पिता मेडिकल दुकान संचालित करते थे, जहां से उन्होंने सेवा और चिकित्सा से जुड़ी बारीकियों को करीब से समझा। बाद में उन्होंने होम्योपैथी को अपना जीवन मिशन बना लिया।

# चिकित्सक लूटकांड का खुलासा, 24 घंटे में तीन अपराधी गिरफ्तार

**नवादा, 25 मई (तरुणमित्र)।** नवादा जिले में चिकित्सक से लूटपाट मामले का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए सोमवार को तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं एक विधि-विरुद्ध किशोर को भी निरुद्ध किया गया है। पुलिस ने गिरफ्तार अपराधियों के पास से लूटे गए दो मोबाइल फोन और एक चारपहिया वाहन बरामद किया है। इस कार्रवाई से जिले में हुए सड़क लूटकांड के कई मामलों के राज भी खुल गए हैं।




नवादा के पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि अकबरपुर थाना क्षेत्र के पचगांवा स्थित हाईवे पर ड्यूटी से लौट रहे एक चिकित्सक के साथ अपराधियों ने मारपीट कर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया था। घटना के बाद नेमदारगंज थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी एवं मानवीय अनुसंधान के आधार पर अपराधियों की पहचान कर छापेमारी शुरू की। पुलिस ने इस मामले में नालंदा जिले के मानपुर थाना क्षेत्र निवासी अमित कुमार, नारदीगंज थाना क्षेत्र के डोमावर निवासी सुधाकर राज तथा वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के रैकड़ निवासी राजा कुमार को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान अपराधियों ने सड़क लूट की कई अन्य घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस को उम्मीद है कि इस गिरफ्तारी से जिले में सक्रिय लूट गिरोह के नेटवर्क का भी खुलासा होगा।

एसपी ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ संबंधित थानों में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं और इनके आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिले में अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस लगातार अभियान चला रही है तथा सड़क लूट और अपराध की घटनाओं में शामिल अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## बीच गंगा नदी में फिर खराब हुई नाव, एसडीआरएफ के तत्परता से टला हादसा

**भागलपुर, 25 मई (तरुणमित्र)।** भागलपुर में विक्रमशिला सेतु के क्षतिग्रस्त होने के आवाजाही का एकमात्र जरिया नाव है। लेकिन नाव का बीच गंगा में खराब होने की घटना दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। जिससे यात्रियों में भय का माहौल देखा जा रहा है। सोमवार को भी महादेवपुर से बारारी घाट जा रही एक छोटी नाव बीच गंगा नदी में अचानक खराब हो गयी। नाव के बंद हो जाने से यात्रियों में दहशत फैल गयी। वहीं सूचना मिलने के बाद एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और दूसरे नाव की मदद से खराब नाव को टोचन कर सुरक्षित बारारी घाट तक पहुंचाया। इस दौरान सभी यात्री पूरी तरह सुरक्षित रहे। बताया जा रहा है कि महादेवपुर से एक छोटी नाव यात्रियों को लेकर बारारी घाट के लिए रवाना हुई थी। इसी दौरान बीच गंगा नदी में नाव अचानक खराब हो गयी। नाव रुकते ही यात्रियों में अफरातफरी मच गयी और लोग घबराने लगे।

## 11 सूत्री मांगों को लेकर सफाई कर्मियों का जोरदार प्रदर्शन

**बेतिया, 25 मई (तरुणमित्र)।** नगर पंचायत लौरिया के सफाई कर्मियों ने सोमवार को 11 सूत्री मांगों को लेकर नगर पंचायत कार्यालय के समक्ष जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। ऑल इंडिया म्युनिसिपल वर्कर्स एसोसिएशन के बैनर तले आयोजित आंदोलन की अध्यक्षता पिंकी देवी ने की। धरना को संबोधित करते हुए अध्यक्ष पिंकी देवी ने कहा कि सफाई कर्मियों को समय पर चार जोड़ी वर्दी, हैंड ग्लव्स, मास्क और जूते उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही सरकारी छुट्टियों एवं त्योहारों में वेतन कटौती बंद की जाए तथा ड्यूटी के दौरान दुर्घटना होने पर कर्मियों को मुआवजा राशि देने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर पंचायत प्रशासन द्वारा सफाई कर्मियों को मूलभूत सुरक्षा संसाधनों से भी वंचित रखा जा रहा है।

प्रदर्शन के दौरान सफाई कर्मियों ने आउटसोर्सिंग व्यवस्था समाप्त कर स्थायी नियुक्ति, वेतनमान वृद्धि, ईपीएफ में पारदर्शिता तथा सभी कर्मियों को सुरक्षा सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग उठाई। धरना को संबोधित करते हुए एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी सह ट्रेड यूनियन सेंटर ऑफ इंडिया (टीयूसीआई) के केंद्रीय कमेटी सदस्य रवीन्द्र कुमार रवि ने कहा कि वर्षों से नगर निकायों में स्थायी बहाली नहीं होने से सफाई कर्मियों का भविष्य अंधकारमय हो गया है। उन्होंने केंद्र सरकार के चारों लेबर कोड को श्रमिक विरोधी बताते हुए इसे वापस लेने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि आउटसोर्सिंग प्रथा समाप्त कर नियमित बहाली शुरू नहीं की गई तो आंदोलन को राज्यव्यापी रूप दिया जाएगा। टीयूसीआई के जिला प्रभारी हरिशंकर प्रसाद ने सफाई कर्मियों का मासिक वेतन 21 हजार रुपये करने की मांग उठाई। वहीं अध्यक्ष पिंकी देवी ने आरोप लगाया कि नगर पंचायत में वर्षों से वार्षिक वेतन वृद्धि नहीं की गई है और कई कर्मियों के ईपीएफ खाते का स्पष्ट हिसाब भी उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। सफाई कर्मी मिठाई राम ने बताया कि नगर पंचायत में कार्यरत केवल 15 कर्मियों का ही पीएफ काटा जाता है और जमा राशि भी अनियमित है। धरना के बाद सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने अपनी मांगों का ज्ञापन नगर पंचायत कार्यालय में सौंपा।

## संक्षिप्त समाचार

### नगर निगम ने शहर में 24 स्थानों पर लगाए अस्थायी पनशाला

**गयाजी, 25 मई (तरुणमित्र)।** भीषण गर्मी, लू एवं संभावित आपदा की स्थिति को देखते हुए गया नगर निगम ने आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर 24 अस्थायी पनशाला (पेयजल केंद्र) स्थापित किए हैं।इन पनशालाओं के माध्यम से राहगीरों, मजदूरों, रिक्शा चालकों, यात्रियों एवं आम नागरिकों को निःशुल्क शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है।नगर आयुक्त अभिषेक पलासिया ने सोमवार को बताया कि बढ़ते तापमान और हीट वेव को ध्यान में रखते हुए यह व्यवस्था की गई है, ताकि लोगों को गर्मी से राहत मिल सके और निर्जलीकरण जैसी समस्याओं से बचाव हो सके।सभी पनशालाओं पर नियमित रूप से पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि अत्यधिक गर्मी के दौरान अनावश्यक रूप से घरों से बाहर निकलने से बचें, पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें तथा लू से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां बरतें।निगम द्वारा आपदा प्रबंधन के तहत अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर भी लगातार नजर रखी जा रही है।नगर आयुक्त ने कहा कि जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए गर्मी के मौसम में लोगों को राहत पहुंचाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं और पनशालाओं का संचालन लगातार जारी रहेगा।

### भाकपा माले नेताओं ने मृतक अनिल चौधरी के परिवार से की मुलाकात

**बेलागंज (गया), 25 मई (तरुणमित्र)।** थाना क्षेत्र के हरिगांव में बीते दिनों बेलागंज बाजार से सटे भुलटोली पर शव मिलने से परिवार वाला हत्या के आशंका जता रहे हैं मृतक अनिल चौधरी के परिवार से आज भाकपा माले नेताओं ने मुलाकात की।टीम में भाकपा माले जिला कमेटी सदस्य मो. शेरजहां समेत प्रखंड सचिव सूर्या विलास पासवान,मो. अमजद व मनोज चंदेल शामिल थे।नेताओं ने मृतक के पिता सिद्धू चौधरी, भाई बैजू कुमार व पत्नी से मिलकर घटना की जानकारी ली।परिजनों ने बताया कि हमलोग के एक मात्र कमाने वाला थे और बाजार में फल के दुकान थे जिससे परिवार का भरण पोषण करते हैं।कैसे मौत हुई कोई स्पष्ट जानकारी पुलिस को नहीं है बीते रोजाना के तरह 20 मई को अपने दुकान बेलागंज बाजार गए और शाम करीब 4 बजे कुछ समान खरीदने के बोलकर गए लेकिन घर नहीं लौटा काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिल पाया लेकिन 21 मई को बेलागंज भुलटोली में अनिल चौधरी के करीब 3 बजे शव बरामद हुआ।मृतक अपने पीछे मां पिता पत्नी, व 6 बच्चे छोड़ कर गए हैं। अनिल चौधरी के पिता लंबे समय से बीमार चल रहे हैं। परिजनों ने बताया कि घटना के दिन से हमलोग डर दशहत में जी रहे हैं।और कोई सहारा नहीं है एक मात्र कमाने वाला थे सरकार से मदद के गुहार लगा रहे हैं। वहीं भाकपा माले नेता मो. शेरजहां ने कहा कि बेलागंज व नगर प्रखंड में लगातार जघन्य अपराध हो रहे हैं।कानून व्यवस्था पूरी तरह से फेल है।अपराधियों और गुंडों का राज चल रहा है।अनिल चौधरी समेत सभी को उचित न्याय मिले आए दिन हत्या,लुट,बलात्कार के घटना बढ़ा हुआ है।भाकपा माले पीड़ित परिवार के साथ न्याय की लड़ाई में मजबूती से खड़ा है।उन्होंने ने हत्या में शामिल सभी आरोपियों को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग की।

### जनजातीय गरिमा उत्सव पर लगे शिविर में 322 में 267 मामलों का हुआ निष्पादन

**अररिया, 25 मई (तरुणमित्र)।** समाहरणालय स्थित आत्मन सभागार में सोमवार को डीएम विनोद दूहन ने प्रेस प्रतिनिधियों के साथ वार्ता की। जिस उन्होंने जनजातीय गरिमा उत्सव के तहत लगाए गए शिविर में जिला में 322 मामलों में 267 के निष्पादन की बात कही। उन्होंने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य दूरस्थ एवं वंचित परिवारों तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाना तथा लोगों को जागरूक करना रहा। उन्होंने जानकारी दी कि 21 मई से 23 मई तक लगाए गए विशेष शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा लोगों की समस्याओं एवं आवेदनों का निष्पादन किया गया।अभियान के दौरान कुल 525 प्रतिभागियों ने भाग लिया। शिविरों में प्राप्त 322 आवेदनों में से 267 आवेदनों का निष्पादन किया गया, जबकि शेष 55 आवेदनों पर कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। जिलाधिकारी ने बताया कि संबंधित पदाधिकारियों एवं पंचायत स्तरीय कर्मियों को निर्देश किया गया है कि लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। इस अवसर पर जिला के विभिन्न विभागों के वरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### अज्ञात लोगों ने डेढ़ बीघा खेत में लगे फसल और पेड़ को किया क्षतिग्रस्त

**अररिया, 25 मई (तरुणमित्र)।** फारबिसगंज थाना क्षेत्र के तिरसकुंड पंचायत के समौल वार्ड संख्या सात में बीती देर रात अज्ञात लोगों ने डेढ़ बीघा में लगे फसल सब्जी सहित दर्जनों पेड़ों को काटकर क्षतिग्रस्त कर दिया। अज्ञात लोगों के द्वारा फसल पौधों को किए गए क्षतिग्रस्त के कारण दो लाख रुपए मूल्य से अधिक के नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है।मामले को लेकर 28 वर्षीय किसान रंजीत कुमार पिता परमेश्वर मंडल ने फारबिसगंज थाना में सोमवार को आवेदन देकर अज्ञात लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।थानाध्यक्ष को दिए आवेदन में बताया गया कि डेढ़ बीघा खेत सब्जी बोरी लगा हुआ था। इसके अलावे कई फलदार पौधे लगाए गए थे।जिसे देर रात अज्ञात लोगों के द्वारा काटकर क्षतिग्रस्त कर दिया गया।घटना की जानकारी उन्होंने स्थानीय मुखिया,सरपंच सहित अन्य को भी दी है।जिस पर ग्रामीण जनप्रतिनिधि मौके पर जाकर क्षति का अनुमान लगाया और घटना की कड़ी भर्त्सना की और अज्ञात लोगों का शिनाख्त कर कार्रवाई करने की वकालत की। मामले को लेकर फारबिसगंज थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने आवेदन मिलने की बात करते हुए जांच कर कार्रवाई की बात कही।

### 57 बोतल विदेशी शराब के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार, तस्करों में एक नाबालिग

**अररिया, 25 मई (तरुणमित्र)।** फारबिसगंज थाना पुलिस ने सोमवार को गुप्त सूचना के आधार पर एनएच 27 फोरलेन सड़क में यामाहा शोरूम के बगल स्थित वेलकम ढाबा के पास कार्रवाई करते हुए तीन तस्करों को 57 बोतल विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया।पुलिस की कार्रवाई में 19.95 लीटर विदेशी शराब जब्त किया गया। शराब तस्करी के आरोप में पुलिस ने तीन तस्करों को हिरासत में लिया है। जिसमें से एक तस्कर नाबालिग है।हिरासत में लिए गए तस्करों में दो वैशाली जिला का और एक नवादा जिला का रहने वाला है।जानकारी सोमवार को फारबिसगंज थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि सब इंस्पेक्टर उपेन्द्र शर्मा सशस्त्र पुलिस बलों के द्वारा गश्ती में थे,इसी क्रम में सूचना मिली कि सिलीगुड़ी से आए तीन युवक अपने बैग में शराब को भरकर एनएच 27 फोरलेन सड़क में यामाहा शोरूम वेलकम ढाबा के पास उतरा है।

# आरबीएसके योजना बनी उम्मीद की किरण, दो बच्चों को मिला नया जीवन

**किशनगंज, 25 मई (तरुणमित्र)।** गरीबी और आर्थिक तंगी से जूझ रहे दो परिवारों के लिए राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) उम्मीद की नई रोशनी बनकर सामने आया। जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित दो मासूम बच्चों का निःशुल्क सफल ऑपरेशन कराकर स्वास्थ्य विभाग ने न सिर्फ उनकी जिंदगी बचाई, बल्कि परिवारों के चेहरे पर फिर से मुस्कान लौटा दी। ठाकुरगंज के वीर टोला निवासी एक वर्षीय अल्फाज हुसैन और दिलावरगंज निवासी एक वर्ष नौ माह के शिवांश कुमार लंबे समय से हृदय संबंधी बीमारी से पीड़ित थे।



दोनों बच्चों को 18 मई को आईजीआईसी, पटना में भर्ती कराया गया, जहां 21 मई को डिवाइस क्लोजर प्रक्रिया के तहत सफल ऑपरेशन किया गया। उपचार के बाद 23 मई को दोनों बच्चों को स्वस्थ अवस्था में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। अल्फाज के पिता जाहिर आलम पेशे से बढ़ई हैं, जबकि शिवांश के पिता श्रवण कुमार निजी पैथोलॉजी में कार्यरत हैं। सीमित आय के कारण दोनों परिवार बच्चों के महंगे इलाज को लेकर काफी परेशान थे। निजी अस्पतालों में इलाज का खर्च सुनने के बाद परिवारों की उम्मीदें टूटने लगी थीं।

इसी बीच आरबीएसके टीम ने स्क्रीनिंग के दौरान बच्चों की पहचान की और उन्हें निःशुल्क इलाज के लिए पटना भेजा। अल्फाज की मां ने कहा कि बच्चे की बीमारी से पूरा परिवार परेशान था और इलाज कराना संभव नहीं लग रहा था, लेकिन सरकारी योजना ने उनके बेटे को नई जिंदगी दे दी।

वहीं शिवांश की मां ने कहा कि बेटे को सांस लेने में तकलीफ होती थी तो पूरा परिवार डर जाता था। आरबीएसके योजना उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं साबित हुई। सोमवार को सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी ने बताया कि आरबीएसके योजना के तहत जन्मजात हृदय रोग समेत कई गंभीर बीमारियों से पीड़ित बच्चों की पहचान कर उनका निःशुल्क इलाज कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए बड़ी राहत बन रही है। जिलाधिकारी विशाल राज ने कहा कि कोई भी बच्चा आर्थिक अभाव में इलाज से वंचित न रहे, इसके लिए प्रशासन पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रहा है।

## एक शाम साहित्य के नाम में सीआईएसएफ के जवान रह चुके कवि अशोक कुमार जाखड़ ने पढ़ीं देशभक्ति रचनाएँ

**गया जी, 25 मई (तरुणमित्र)।** राष्ट्रीय साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था शब्दवीणा की हरियाणा प्रदेश समिति एवं फरीदाबाद जिला समिति के संयुक्त संयोजन में आयोजित होने वाली मासिक साहित्यिक भेंटवार्ता एक शाम साहित्य के नाम के मई 2026 माह के अंक में आमंत्रित साहित्यकार के रूप में झज्जर, हरियाणा निवासी सैनिक व शब्दवीणा हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष वरिष्ठ कवि अशोक कुमार जाखड़ निःस्वार्थी रहे। कार्यक्रम की संयोजिका शब्दवीणा हरियाणा प्रदेश सचिव सरोज कुमार ने श्री जाखड़ का संक्षिप्त साहित्यिक परिचय दिया।

उन्हें देश का वीर फौजी बताते हुए कार्यक्रम में उनके आगमन को गौरव का विषय बताया।कार्यक्रम की समन्वयक एवं शब्दवीणा की राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. डॉ रश्मि प्रियदर्शनी ने भी हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष श्री निःस्वार्थी का शब्दवीणा के राष्ट्रीय मंच पर अभिनंदन किया।एक शाम साहित्य के नाम की संचालन प्रभारी कवयित्री रिया अग्रवाल ने सरस्वती वंदना से भेंटवार्ता प्रारंभ की।बातचीत के दौरान श्री जाखड़ ने अपने जीवन के खट्टे-मीठे व कड़वे अनुभवों को साझा किया।उन्होंने कहा कि वे सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स (सीआईएसएफ) में रहते हुए देश की 37 वर्षों तक सतत सेवा कर चुके हैं।केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवान के रूप में उन्हें बिहार, बंगाल, यूपी, जम्मू एवं कश्मीर, हरियाणा, आंध्रप्रदेश जैसे प्रदेशों में सेवा देने का अवसर प्राप्त हुआ।राष्ट्र सेवा करने के साथ वे निरंतर साहित्य की सेवा भी करते रहे।वातार्कार रिया अग्रवाल ने श्री जाखड़ से उनके नाम में संलग्न निःस्वार्थी शब्द के औचित्य पर प्रश्न पूछे।श्री जाखड़ से हिन्दी तथा हरियाणवी भाषाओं में कविताएँ सुनाईं।उन्होंने कारगिल युद्ध्र, बॉर्डर पर घुसपैठियों के आतंक, वर्तमान भारत की चुनौतियों, एवं पहलगाम में हुए नृशंस आतंकवादी हमले को चित्रित करती हुई रचनाएँ पढ़ीं।पहलगाम हिंसा के शिकार हुए निर्दोष हिन्दू परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना एवं सहानुभूति जताते हुए उन्होंने सरकार और प्रशासन के प्रति नाराजगी भी जताई।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार
मंगलवार, 26 मई 2026
विक्रम संवत्- 2083, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष, एकादशी

## फिर बढ़ी पेट्रोल-डीजल की कीमतें

आम आदमी पर बोझ और नीतिगत असफलताइस माह पेट्रोल और डीजल की कीमतों में चौथी बार वृद्धि हुई है। दिल्ली में पेट्रोल 2.61 प्रति लीटर और डीजल 2.71 प्रति लीटर महंगा हो गया। यह वृद्धि महज आंकड़ों का खेल नहीं, बल्कि लाखों-करोड़ों परिवारों की रोजी-रोटी, परिवहन लागत और समग्र मुद्रास्फीति पर सीधा प्रहार है। जब देश पहले से ही महंगाई की मार झेल रहा है, तब ईंधन की लगातार बढ़ती कीमतें सरकार की आर्थिक प्राथमिकताओं पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। ईंधन की कीमतें सीधे पूरे अर्थव्यवस्था को प्रभावित करती हैं। परिवहन क्षेत्र सबसे बड़ा उपभोक्ता है। ट्रक, बस, टैक्सी और ऑटो रिक्शा की बढ़ती लागत अनिवार्य रूप से हर वस्तु की कीमत बढ़ा देती है। सब्जी-फल, दूध, दाल, दवा, निर्माण सामग्री लगभग सब कुछ। ग्रामीण क्षेत्रों में किसान खेती के लिए डीजल महंगा खरीदते हैं, जिससे कृषि लागत बढ़ती है और उपज की कीमतें आसमान छूती हैं। मध्यम वर्गीय परिवार, जिनकी आय स्थिर है, अब पेट्रोल-डीजल पर अधिक खर्च करके अन्य जरूरतों से समझौता करने को मजबूर हैं। इस माह चौथी बार हुई वृद्धि ने तो जैसे आग में घी डाल दिया है। सरकार अक्सर अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों को दोष देती है। निःसंदेह, वैश्विक स्तर पर उतार-चढ़ाव होते रहते हैं। लेकिन भारत जैसे बड़े आयातक देश को इस पर पूर्ण निर्भर रहने की जरूरत नहीं है। पिछले वर्षों में जब कच्चा तेल सस्ता हुआ, तब कीमतें कम करने में उत्साह नहीं दिखाया गया। बल्कि एक्साइज ड्यूटी और वैट के रूप में केंद्र व राज्य सरकारें भारी राजस्व जमा करती रहीं। आज जब आम आदमी दबाव में है, तब भी राहत देने के बजाय बोझ बढ़ाया जा रहा है। यह 'टैक्स एंड स्पेंड' की मानसिकता दर्शाती है, जिसमें उपभोक्ता हमेशा हारे हुए पक्ष पर होता है। सबसे चिंताजनक बात मुद्रास्फीति का चक्र है। रिजर्व बैंक पहले ही चिंता जता चुका है। ईंधन महंगा होने से परिवहन मुद्रास्फीति बढ़ेगी, जो खाद्य मुद्रास्फीति को और उकसाएगी। गरीब और निम्न मध्यम वर्ग सबसे अधिक प्रभावित होंगे। जहां एक ओर सरकार 'अमृत काल' और विकसित भारत की बात करती है, वहीं आम नागरिक महंगाई की मार से त्रस्त है। बेरोजगारी और कम आय वृद्धि के बीच यह वृद्धि उपभोक्ता मांग को और दबाएगी, जिससे औद्योगिक विकास प्रभावित होगा। इस संकट का समाधान केवल कीमतें घटाने में नहीं, बल्कि दीर्घकालिक नीतिगत सुधारों में है। पहले, ईंधन पर लगने वाले भारी टैक्सों की समीक्षा जरूरी है। एक्साइज ड्यूटी को तर्कसंगत बनाया जाए। दूसरे, रणनीतिक पेट्रोलियम भंडारण को मजबूत कर कच्चे तेल के उतार-चढ़ाव से बचाव किया जाए। तीसरे, नवीकरणीय ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहनों और वैकल्पिक ईंधन को प्रोत्साहन दिया जाए ताकि दीर्घावधि में निर्भरता कम हो। चौथे, पारदर्शिता अपनाई जाए, कीमत निर्धारण में तेल कंपनियों की भूमिका और सरकार का हस्तक्षेप स्पष्ट हो। जनता समझदार है। वह जानती है कि वैश्विक परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण हैं, लेकिन वह यह भी देख रही है कि पड़ोसी देशों या कुछ अन्य विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में ईंधन प्रबंधन बेहतर है। सरकार को 'सबका साथ, सबका विकास' के सिद्धांत को ईंधन नीति में भी लागू करना चाहिए। राहत पैकेज, लक्षित सब्सिडी या टैक्स में कटौती जैसे तत्काल कदम उठाए जा सकते हैं। अंततः, अर्थव्यवस्था की रीढ़ आम आदमी है। यदि उसकी क्रय शक्ति लगातार कमजोर होती रही, तो विकास के सारे दावे खोखले साबित होंगे। पेट्रोल-डीजल की चौथी वृद्धि सिर्फ एक आर्थिक घटना नहीं, बल्कि नीति-निमार्ताओं के लिए चेतावनी है। समय आ गया है कि महंगाई को नियंत्रित करने, जन-कल्याण को प्राथमिकता देने और सतत विकास के रास्ते पर चलने का संकल्प लिया जाए। अन्यथा, विकास की गाड़ी ईंधन की महंगाई की खाई में फंस जाएगी।

## यह कैसा समाज है, जिसमें अदालतें समझाएं रिश्तों का धर्म



ललित गर्ग

**किसी भी सभ्यता की वास्तविक पहचान उसकी ऊँची इमारतों, चमकती सड़कों, आर्थिक प्रगति या तकनीकी उपलब्धियों से नहीं होती, बल्कि इस बात से होती है कि वह अपने बुजुर्गों, माता-पिता और निर्बल वर्ग के प्रति कितना संवेदनशील है।**

लेकिन आज का सबसे पीड़ादायक प्रश्न यही है कि जिस भारत ने 'मातृ देवो भवः, पितृ देवो भवः' का उद्घोष किया, जिस धरती से 'वसुधैव कुटुम्बकम' का विचार पूरी दुनिया में पहुँचा, उसी भूमि पर आज माता-पिता को अपने ही घर में सम्मान और आश्रय पाने के लिए अदालतों का दरवाजा खटखटाना पड़ रहा है। हाल के वर्षों में देश की अदालतों में ऐसे मामलों की संख्या बढ़ी है, जहाँ वृद्ध माता-पिता को अपने ही बच्चों से संरक्षण, भरण-पोषण, रहने की व्यवस्था और संपत्ति पर अधिकार के लिए न्यायिक हस्तक्षेप लेना पड़ा। कहीं बेटे को अदालत यह निर्देश दे रही है कि वह अपनी वृद्ध मां को घर में एक कमरा, अलग स्नानघर और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराए, तो कहीं दुर्व्यवहार करने वाली संतान को माता-पिता की संपत्ति से बेदखल करने के आदेश दिए जा रहे हैं। यह केवल कानूनी घटनाएँ नहीं, बल्कि हमारे सामाजिक और नैतिक पतन की वे चेतावनियाँ हैं जो भविष्य के भारत की तस्वीर पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा रही हैं।

वास्तव में यह अत्यंत विडंबनापूर्ण है कि जिस मां ने नौ महीने गर्भ में रखकर संतान को जीवन दिया, जिसने अपना रक्त, ममता और त्याग देकर उसे पाला, उसी मां को अपने ही घर में रहने के लिए न्यायालय की शरण लेनी पड़े। जिस पिता ने अपने पसीने और परिश्रम से घर बनाया, बच्चों का भविष्य संवारा, वृद्धावस्था में उसी घर में उसके अधिकार के लिए अदालत को हस्तक्षेप करना पड़े, यह स्थिति केवल व्यक्तिगत कृतघ्नता नहीं, बल्कि सामाजिक संवेदनाओं के क्षरण का प्रमाण है। यह प्रश्न इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि आज भारत विकसित भारत 2047 की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

आर्थिक विकास, डिजिटल क्रांति, स्मार्ट शहर, वैश्विक नेतृत्व और आत्मनिर्भरता की बातें हो रही हैं। लेकिन यदि घर के किसी कोने में बैठे वृद्ध माता-पिता अकेलेपन, उपेक्षा और अपमान का जीवन जी रहे हों, तो क्या यह विकास पूर्ण माना जा सकता है? यदि हमारे बुजुर्ग अपनी छोटी-छोटी आवश्यकताओं के लिए भी दूसरों पर निर्भर और उपेक्षित हो जाएँ, तो हमारी सारी उपलब्धियाँ खोखली प्रतीत होती हैं।

आज की सबसे बड़ी चुनौती केवल आर्थिक नहीं, बल्कि भावनात्मक निर्धनता की है। नई पीढ़ी का एक बड़ा वर्ग आत्मकेंद्रित होता जा रहा है। भौतिक उपलब्धियाँ, कैरियर, उपभोगवाद और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की अवधारणाएँ जीवन के केंद्र में आ गई हैं। संयुक्त परिवार टूट रहे हैं, रिश्तों की ऊष्मा कम हो रही है और संवाद का स्थान डिजिटल माध्यम ले रहे हैं।

परिणामतः बुजुर्गों का जीवन अकेलेपन, अवसाद और असुरक्षा का पर्याय बनता जा रहा है। यह सच है कि महानगरीय जीवन की अपनी कठिनाइयाँ हैं। रोजगार, समयाभाव, आर्थिक दबाव और बदलती जीवनशैली ने नई पीढ़ी की चुनौतियाँ बढ़ाई हैं। लेकिन इन कठिनाइयों के बावजूद माता-पिता के प्रति दायित्व समाप्त नहीं हो सकते। भारतीय संस्कृति में माता-पिता की सेवा केवल सामाजिक परंपरा नहीं, बल्कि जीवन-मूल्य रही है। श्रवण कुमार का आदर्श केवल कथा नहीं, बल्कि भारतीय चेतना का हिस्सा है।

दुर्भाग्य यह है कि आज संपत्ति और स्वार्थ ने अनेक संबंधों को प्रभावित किया है। अखबारों में आए दिन ऐसे समाचार दिखाई देते हैं जिनमें संपत्ति के लिए माता-पिता को प्रताड़ित किया जाता है, घर से निकाला जाता है, मानसिक यातना दी जाती है या उनकी उपेक्षा की जाती है। अनेक वृद्धाश्रम ऐसे माता-पिता से भरे पड़े हैं जिनकी सबसे बड़ी 'गलती' केवल यह थी कि उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी बच्चों के लिए समर्पित कर दी। यदि यह प्रवृत्ति यूँ ही बढ़ती रही तो भारत भी उस दिशा में बढ़ सकता है जहाँ पश्चिमी देशों की तरह माता-पिता और संतान के संबंध केवल कानूनी और औपचारिक होकर रह जाएँ। पश्चिमी समाज में अनेक माता-पिता प्रारंभ से ही बच्चों को आत्मनिर्भर बना देते हैं क्योंकि वे भविष्य में उनसे देखभाल की अपेक्षा नहीं रखते। लेकिन भारतीय समाज का आधार इससे भिन्न रहा है। यहाँ परिवार केवल जैविक इकाई नहीं, बल्कि भावनात्मक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संस्था रहा है।

यह भी स्मरणीय है कि देश में वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम, 2007 जैसे कानून बनाए गए हैं ताकि वृद्ध माता-पिता के अधिकारों की रक्षा हो सके। न्यायालयों ने अनेक अवसरों पर माता-पिता के संपत्ति अधिकारों को सुरक्षित रखा है और दुर्व्यवहार करने वाली संतानों के विरुद्ध कठोर टिप्पणियाँ भी की हैं। लेकिन कानून केवल सुरक्षा दे सकता है, संवेदना नहीं। अदालतें कमरे दिला सकती हैं, सम्मान नहीं, भरण-पोषण का आदेश दे सकती हैं, लेकिन ममता और अपनत्व नहीं लौटा सकतीं।

यही कारण है कि समाधान केवल कानूनी नहीं, सामाजिक और सांस्कृतिक होना चाहिए। परिवारों में संस्कारों की पुनर्स्थापना आवश्यक है। बच्चों को केवल उच्च शिक्षा और आधुनिक सुविधाएँ देना पर्याप्त नहीं, बल्कि उन्हें मानवीय मूल्य भी देना होंगे। विद्यालयों, धार्मिक संस्थाओं और सामाजिक संगठनों को परिवार, सेवा, कृतज्ञता और बुजुर्ग सम्मान जैसे विषयों पर गंभीर पहल करनी चाहिए।

आज आवश्यकता है कि विकसित भारत 2047 की अवधारणा में 'वृद्ध सम्मान' को भी एक महत्वपूर्ण सूचक बनाया जाए। जिस देश में बुजुर्ग सुरक्षित, सम्मानित और संतुष्ट होंगे, वही वास्तव में विकसित कहा जा सकेगा। हमें ऐसी नीतियाँ बनानी होंगी जिनमें वृद्धजन कल्याण, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा और भावनात्मक सहयोग को प्राथमिकता मिले।

साथ ही परिवारों को यह समझना होगा कि माता-पिता केवल जिम्मेदारी नहीं, हमारी जड़ें हैं। जिस वृक्ष की जड़ें सूख जाएँ, उसकी शाखाएँ अधिक समय तक हरी नहीं रह सकतीं।

माता-पिता की उपेक्षा केवल एक व्यक्ति की नहीं, पूरी पीढ़ी की नैतिक पराजय है। यह भी विचारणीय है कि जो संतान आज अपने माता-पिता के साथ व्यवहार कर रही है, वही व्यवहार भविष्य में उसके हिस्से भी आ सकता है। बच्चे केवल उपदेश से नहीं, व्यवहार से सीखते हैं। यदि वे अपने माता-पिता को बुजुर्गों की उपेक्षा करते देखेंगे तो वही संस्कार आगे बढ़ेंगे।

आज आवश्यकता अदालतों के आदेशों से अधिक अंतःकरण के जागरण की है। रिश्तों की मयार्दाएँ, गरिमा और दायित्व यदि न्यायालयों को समझाने पड़ें तो यह केवल कानूनी संकट नहीं, बल्कि सभ्यता का संकट है। यह समय आत्ममंथन का है कि क्या हम तकनीकी रूप से आधुनिक होते-होते मानवीय रूप से निर्धन होते जा रहे हैं? भारत की पहचान उसकी संवेदनशीलता रही है। यदि हम इस संवेदनशीलता को बचा सके, तभी विकसित भारत का स्वप्न सार्थक होगा।

अन्यथा ऊँची उपलब्धियों और भव्य योजनाओं के बीच भी हमारे घरों के किसी कोने में बैठा एक उपेक्षित वृद्ध हमारी समस्त प्रगति पर मौन प्रश्नचिह्न बनकर खड़ा रहेगा। अंततः याद रखना होगा-विरासत संपत्ति नहीं, संस्कार होते हैं, विकास इमारतों से नहीं, रिश्तों से मापा जाता है और वह समाज कभी महान नहीं कहलाता जहाँ माता-पिता को अपने अधिकार के लिए अदालतों में खड़ा होना पड़े।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

## नौ दिन तपायेगा नौतपा



बाल मुकुंद ओझा

हिंदू पंचांग के अनुसार ज्येष्ठ का महीना सबसे गर्म माना जाता है और इस दौरान सूर्य देव अपने चरम पर होते हैं। वहीं मान्यता यह है कि इसी दौरान नौतपा आता है, जिसका मतलब है साल के सबसे ज्यादा गर्म 9 दिन। देश में नौतपा 25 मई से शुरू हो गया है और यह 2 जून तक रहेगा। नौतपा' का मतलब होता है नौ दिनों की तपन।

इन 9 दिनों में तेज धूप, गर्म हवाएं और लू का असर देखने को मिल सकता है। पंचांग के मुताबिक सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश के साथ ही नौतपा की शुरूआत हो जाती है। इन 9 दिनों में सूर्य प्रचंड गर्मी फैलाते हैं। हर साल मई के अंत और जून की शुरूआत में पड़ने वाले इन नौ दिनों को साल के सबसे गर्म दिनों में गिना जाता है। ज्योतिष शास्त्र और भारतीय पंचांग में इसका विशेष महत्व बताया गया है। मान्यता है कि इस दौरान सूर्य की तपिश सबसे अधिक प्रभावशाली होती है। मान्यताओं के अनुसार अगर नौतपा के दौरान अच्छी गर्मी पड़े तो आने वाला मानसून बेहतर माना जाता है। किसानों के लिए यह समय बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है।

देश और प्रदेश में भीषण और जानलेवा गर्मी और लू ने आमजन के छक्के छुड़ा दिए है। इस बार गर्मी ने प्रारम्भ से ही अपने तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिए। मार्च का महीना अपेक्षाकृत अनुकूल वातावरण वाला महीना है। मार्च के शुरू में ठण्ड थी मगर अंत आते आते पहले पंखे चले और फिर कूलर और एसी चलने लगे।

गर्मी ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया और देखते देखते लोग तेज गर्मी से बेहाल हो गए। बताते है की ऋतुओं में सर्दी का असर केवल तीन माह ही रहता है। मार्च से शुरू हुई गर्मी अगस्त और सितंबर तक अपना असर दिखती है। वर्षा के बाद बसंत केवल दो माह अपना असर छोड़ता है। कहने का तात्पर्य है सर्वाधिक गर्मी रहती है और वह भी व्याकुल करने वाली। इसी के साथ गर्मीजन्य बीमारियां और पेयजल की किल्लत शुरू हो जाती है। जलवायु परिवर्तन के अजब गजब नजारों के मध्य नौतपा 25 मई से शुरू हो गया है। सूरज ने आग उगलना शुरू कर दिया है। आसमान में आग उगलता सूरज और तवे सी तपती धरती ने मैदानी क्षेत्र को झुलसा कर रख दिया है।

गर्मी के रौद्र रूप धारण कर लेने से समूचा उत्तर और मध्य भारत त्राहि त्राहि कर रहा है। अल सुबह से रात तक राहत नहीं मिलने से मानव जीवन व्याकुल हो रहा है। सवेरे नलों में छत पर रखी टंकी से गर्म पानी आने से शौच के साथ नहाने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। उत्तर भारत के कई शहर एसी-कूलर को फेल कर देने वाली गर्मी से तप रहे हैं। थार के रेगिस्तान में बसे राजस्थान की गर्मी जेठ महीने के साथ ही अपने रौद्र रूप में आ गई है। राज्य के ज्यादातर हिस्से लू की चपेट में हैं और गर्मी ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। विशेषकर नौतपा के 9 दिनों में गर्मी अपने चरम पर होगी। नौतपा 25 मई से शुरू होकर 2 जून को समाप्त होगा। ये 9 दिन गर्मी सबसे अधिक होती है।

गांव की चौपाल से चाय पान की दुकानों पर लोग गरम लू और गर्मी से जूझ रहे है। गर्मी अपने रौद्र रूप में लोगों को बेहाल किये हुए है। देश के अनेक स्थानों पर तापमान 48 डिग्री तक पहुँच रहा है। पानी बिजली संकट के साथ भीषण और जानलेवा गर्मी और लू ने आमजन के छक्के छुड़ा दिए है। नौतपा के दौरान गर्मी से बचाव के लिए जरूरतमंद और राहगीरों को पानी पिलाना चाहिए। आप इस दौरान प्याऊ भी लगवा सकते हैं। ऐसा करना भी बहुत शुभ माना जाता है। नौतपा में लोगों को शरबत, दूध, दही आदि दान करना भी बहुत पुण्यकारी माना जाता है। नौतपा के दौरान सूर्य देव की उपासना करने से व्यक्ति के जीवन में सुख-समृद्धि और खुशहाली आती है। साथ ही समाज में सम्मान भी बढ़ता है। साथ ही इस दौरान मौसमी फलों जैसे खरबूजा, तरबूज, आम और गुड़ या चीनी आदि का भी दान भी किया जा सकता है।

नौतपा के दौरान ये सभी काम करने से साधकों को सूर्य देव की असीम कृपा प्राप्त होती है, जिससे जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहती है। मान्यता है कि सूर्य की गर्मी और रोहिणी के जल तत्व के कारण यह मानसून का गर्भ आ जाता है और इसी कारण नौतपा को मानसून का गर्भकाल माना जाता है। ऐसे में जब सूर्य रोहिणी नक्षत्र में होता है तो उस समय चंद्रमा नौ नक्षत्रों में भ्रमण करते हैं। जबर्दस्त तेज गर्म हवाओं ने जनजीवन अस्तव्यस्त कर दिया है। देश में भीषण गर्मी का दौर जारी है और पारा 48 डिग्री को पार गया है। अनेक क्षेत्रों में सड़कें सुनी नजर आईं। बाजारों में सन्नाटा पसरा दिखा।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

### महंगा पेट्रोल लाया !



कृष्णेन्द्र राय

ये तोहफा आप कर लें कुबूल ।
माफ करना हुई जो हमसे भूल ।।
क्योंकि दुनियां में छाई महंगाई ।
महंगा पेट्रोल लाया ।।
क्रूड ऑयल ने सबको रूलाया ।।
आहट युद्ध की ये सबको डराया ।।
हैं थोड़े सतर्क हम ।
पर बोझ थोड़ा डाल दिया ।।
ये तोहफा आप कर लें कुबूल ।
माफ करना हुई जो हमसे भूल ।।
क्योंकि दुनिया में छाई महंगाई ।
महंगा पेट्रोल लाया ।।
ना चिंता ना कोई फिकर है ।
भरा भी है सरकारी खजाना ।।
ली है जिम्मेदारी तो ।
वादा भी निभाना ।।

### सूडोकु नवताल- 7806

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | | 5 | | |
| | 1 | | | 8 | | | | 9 |
| 7 | | | | | 4 | | | |
| | | | 9 | | | 1 | | |
| | 3 | | | | | | 6 | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | | 3 | | | | | 8 |
| 5 | | | | 6 | | | 2 | |
| | | 4 | | | | | | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore


- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7805 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 2 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 9 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 4 |

## 'योगी मतलब जीत की गारंटी'

### राष्ट्रीय राजनीति में उभरा भाजपा का सबसे प्रभावशाली स्टार प्रचारक



अमित सिंह मोनू

उत्तर प्रदेश से निकलकर राष्ट्रीय राजनीति के केंद्र में पहुंचे योगी आदित्यनाथ ने 2017 से 2026 के बीच देश के अनेक विधानसभा और लोकसभा चुनावों में भाजपा के लिए आक्रामक, राष्ट्रवादी और विकास आधारित प्रचार का नेतृत्व किया। बंगाल से गुजरात, त्रिपुरा से राजस्थान और लोकसभा चुनावों तक योगी की सभाओं ने भाजपा कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरी, हिंदुत्व और सुशासन की राजनीति को धार दी तथा कई राज्यों में भाजपा की जीत में निर्णायक भूमिका निभाई। **'योगी फैक्टर' : एक मुख्यमंत्री से राष्ट्रीय चेहरा बनने तक-** भारतीय राजनीति में कुछ नेता केवल अपने राज्य तक सीमित रहते हैं, जबकि कुछ नेता राष्ट्रीय प्रभाव छोड़ते हैं। योगी आदित्यनाथ उन नेताओं में शामिल हो चुके हैं जिनकी राजनीतिक शैली, भाषण क्षमता, प्रशासनिक छवि और संगठनात्मक स्वीकार्यता ने उन्हें भाजपा का सबसे भरोसेमंद स्टार प्रचारक बना दिया है। 2017 में उत्तर प्रदेश की सत्ता संभालने के बाद योगी आदित्यनाथ ने कानून व्यवस्था, धार्मिक-सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, विकास और गरीब कल्याण को जिस प्रकार राजनीतिक विमर्श का केंद्र बनाया, उसने भाजपा को राष्ट्रीय स्तर पर एक नया प्रचार मॉडल दिया। आज भाजपा के चुनावी अभियानों में 'मोदी की गारंटी' के साथ 'योगी फैक्टर' भी एक प्रभावशाली राजनीतिक शक्ति बन चुका है।

**2017 : उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिक जीत और योगी युग की शुरूआत** : 2017 का उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव भारतीय राजनीति का टर्निंग पॉइंट माना जाता है। भाजपा ने प्रचंड बहुमत हासिल किया और इसके बाद योगी आदित्यनाथ को मुख्यमंत्री बनाया गया। यहीं से भाजपा ने योगी को केवल एक क्षेत्रीय नेता नहीं बल्कि हिंदुत्व और निर्णायक प्रशासन के राष्ट्रीय प्रतीक के रूप में प्रस्तुत करना शुरू किया। उत्तर प्रदेश में अपराध नियंत्रण, माफिया कार्रवाई, धार्मिक स्थलों के विकास, एक्सप्रेसवे, निवेश और गरीब कल्याण योजनाओं ने योगी की छवि को 'कठोर लेकिन परिणाम देने वाले नेता' के रूप में स्थापित किया। **2018-2019 : हिंदी पट्टी से पूर्वोत्तर तक योगी का विस्तार** : 2018 के बाद भाजपा ने योगी आदित्यनाथ को कई राज्यों में स्टार प्रचारक के रूप में उतारा।

**त्रिपुरा में भाजपा की ऐतिहासिक सफलता** : त्रिपुरा में भाजपा ने वामपंथी शासन को समाप्त करने के लिए आक्रामक प्रचार अभियान चलाया। योगी आदित्यनाथ की सभाओं ने कार्यकर्ताओं में उत्साह भरा और भाजपा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की। त्रिपुरा में योगी की हिंदुत्व आधारित राष्ट्रवादी अपील भाजपा के लिए लाभकारी साबित हुई।

2019 लोकसभा चुनाव : 'मोदी के साथ योगी' मॉडल- 2019 के लोकसभा चुनाव में योगी आदित्यनाथ भाजपा के सबसे व्यस्त प्रचारकों में शामिल रहे। उन्होंने पश्चिम बंगाल, बिहार, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और कर्नाटक समेत कई राज्यों में दर्जनों रैलियां कीं। उनके भाषणों में राष्ट्रवाद, सुरक्षा, राम मंदिर, हिंदुत्व और गरीब कल्याण प्रमुख मुद्दे रहे। भाजपा को 303 सीटों की ऐतिहासिक जीत मिली और राजनीतिक विश्लेषकों ने माना कि हिंदी भाषी राज्यों तथा बंगाल जैसे क्षेत्रों में योगी की सभाओं ने भाजपा के कोर वोट को मजबूत किया।

**पश्चिम बंगाल : जहां 'योगी फैक्टर' सबसे ज्यादा चर्चा में आया**

पश्चिम बंगाल में भाजपा ने योगी आदित्यनाथ को विशेष रणनीति के तहत उतारा। बंगाल में योगी की सभाओं में भारी



भीड़ जुटी। उन्होंने धार्मिक पहचान, सीमा सुरक्षा, घुसपैठ, दुर्गा पूजा, जय श्रीराम और हिंदू अस्मिता जैसे मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाया। 2021 के विधानसभा चुनाव में भाजपा सत्ता तक तो नहीं पहुंच सकी, लेकिन उसने 3 सीटों से बढ़कर 77 सीटें जीत लीं। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार बंगाल में भाजपा के अभूतपूर्व विस्तार के पीछे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, अमित शाह और योगी आदित्यनाथ की संयुक्त रणनीति महत्वपूर्ण रही। योगी ने जिन क्षेत्रों में प्रचार किया वहां भाजपा का वोट प्रतिशत उल्लेखनीय रूप से बढ़ा।

**गुजरात : हिंदुत्व और विकास का संयुक्त मॉडल-** गुजरात विधानसभा चुनावों में योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के लिए कई जनसभाएं कीं। गुजरात में योगी की छवि एक ऐसे मुख्यमंत्री की रही जिसने उत्तर प्रदेश जैसे विशाल राज्य में कानून व्यवस्था को मजबूत किया। भाजपा ने इसे 'डबल इंजन मॉडल' के विस्तार के रूप में प्रस्तुत किया। गुजरात में भाजपा की रिकॉर्ड जीत के दौरान योगी की सभाओं ने उत्तर भारतीय मतदाताओं और युवा वर्ग को विशेष रूप से प्रभावित किया।

**राजस्थान और मध्य प्रदेश : हिंदुत्व प्लस सुशासन-** राजस्थान और मध्य प्रदेश के चुनावों में योगी आदित्यनाथ ने दर्जनों सीटों पर प्रचार किया। उनके भाषणों का मुख्य केंद्र रहा– कानून व्यवस्था धार्मिक आस्था महिला सुरक्षा, माफिया पर कार्रवाई, गरीब कल्याण योजनाएं- बुलडोजर मॉडल, भाजपा ने इन राज्यों में योगी की लोकप्रियता का उपयोग विशेष रूप से शहरी और युवा मतदाताओं के बीच किया। मध्य प्रदेश में भाजपा की बड़ी जीत और राजस्थान में कांग्रेस विरोधी माहौल को मजबूत करने में योगी की सभाओं को प्रभावशाली माना गया। दक्षिण भारत में भी बढ़ती स्वीकार्यता कर्नाटक और तेलंगाना जैसे राज्यों में भी भाजपा ने योगी आदित्यनाथ को हिंदुत्व के मजबूत चेहरे के रूप में प्रस्तुत किया। हालांकि दक्षिण भारत की राजनीतिक परिस्थितियां अलग हैं, लेकिन भाजपा कार्यकताओं के बीच योगी की लोकप्रियता लगातार बढ़ी है।

**'बुलडोजर बाबा' की राजनीतिक ब्रांडिंग-** योगी आदित्यनाथ की सबसे चर्चित राजनीतिक पहचान 'बुलडोजर बाबा' की बनी। अवैध कब्जों, माफियाओं और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई ने उनकी छवि को कठोर प्रशासक के रूप में स्थापित किया। भाजपा ने कई चुनावों में इस छवि को राजनीतिक रूप से उपयोग किया। समर्थकों ने इसे 'कानून का राज' बताया, जबकि विरोधियों ने इसे कठोर राजनीति कहा। लेकिन इसमें संदेह नहीं कि यह छवि जनमानस में गहराई से स्थापित हुई।

**क्या सचमुच 'योगी मतलब जीत की गारंटी'** ? राजनीति में किसी एक नेता को पूरी जीत का श्रेय देना उचित नहीं माना जाता। चुनाव अनेक कारकों से प्रभावित होते हैं–संगठन, स्थानीय नेतृत्व, जातीय समीकरण, केंद्र सरकार की नीतियां और क्षेत्रीय परिस्थितियां। लेकिन यह भी सच है कि 2017 से 2026 के बीच भाजपा ने जिन राज्यों में योगी आदित्यनाथ को आक्रामक तरीके से प्रचार में उतारा, वहां भाजपा के कोर वोट बैंक का ध्रुवीकरण मजबूत हुआ और कार्यकताओं का मनोबल बढ़ा। विशेष रूप से हिंदी पट्टी और हिंदुत्व आधारित राजनीतिक विमर्श वाले राज्यों में योगी भाजपा के सबसे प्रभावी प्रचारकों में उभरे हैं।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

## आज का राशिफल

**मेष-** अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है।

**वृष-** महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है।

**मिथुन-** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। अच्छे समय इन्तजार करें।

**कर्क-** सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा।

**सिंह-** अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है।

**कन्या-** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा।

**तुला-** पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**वृश्चिक-** दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**धनु-** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी।

**मकर-** मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रह। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी।

**कुंभ-** स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी।

**मीन-** सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी।

पं0 सुभाष पाण्डेय: हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918

# जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में 'जन भागीदारी अभियान - सबसे दूर, सबसे पहले' का 'डी ब्रिफिंग' की आयोजित

**मोतिहारी, 25 मई (तरुणमित्र)।** सोमवार को जिला पदाधिकारी ,पूर्वी चंपारण मोतिहारी की अध्यक्षता में जनजातीय गरिमा उत्सव 2026 के अंतर्गत जन भागीदारी अभियान सबसे दूर, सबसे पहले का डी ब्रिफिंग आयोजित की गई। इस क्रम में पूर्वी चंपारण जिले में जनजातीय गरिमा उत्सव 2026 के अंतर्गत दिनांक 18 मई 2026 से 25 मई 2026 तक जन भागीदारी अभियान सबसे दूर, सबसे पहले के सफलतापूर्वक समापन होने उपरांत डी ब्रिफिंग के माध्यम से समीक्षा की गई। बैठक में जनजातीय गरिमा उत्सव से संबंधित विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा ,कार्यों के समुचित मूल्यांकन, अनुभवों के आदान-प्रदान एवं भविष्य के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दी गई। अभियान का



उद्देश्य जनजातीय समुदायों तक सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित करना तथा उन्हें लाभान्वित किया जाना था। अभियान के दौरान कल्याणपुर एवं केसरिया प्रखंडों में कुल 13 शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में कुल 1009 लोगों की सक्रिय सहभागिता रही। अभियान के तहत आयोजित 5 मेडिकल कैंपों में कुल 405 लाभार्थियों को स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की गईं। साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित कुल 92 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 72 आवेदनों का निष्पादन एवं हकदारी वितरण किया गया, शेष 20 आवेदनों का यथाशीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया गया।

सूचना, शिक्षा एवं संचार गतिविधियों के माध्यम से व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। इस क्रम में कुल 52 फोटो आदि प्रसारण पोर्टल पर तथा 57 फोटो गूगल ड्राइव पर अपलोड किए गए। इसके अतिरिक्त कुल 8 स्थानों पर दीवार लेखन/पेंटिंग के माध्यम से जन-जागरूकता फैलायी गयी।

अभियान के दौरान दिनांक 20.5.2026 को ग्राम भ्रमण के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया तथा उनके समाधान हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई। दिनांक 21.5.2026 को कल्याणपुर प्रखंड अंतर्गत सामुदायिक भवन , दरमहा एवं केसरिया प्रखंड के बैरिया वार्ड नंबर 07 तथा दिनांक 23.05.2026 को पंचायत सरकार भवन सरोतर में जन सुनवाई कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।इसके माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया तथा उनके समाधान हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई।

जिला प्रशासन ने इस अभियान की सफलता में सहयोग देने वाले संबंधित विभागों, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय ग्रामीणों के प्रति आभार व्यक्त किया है तथा कहा है कि भविष्य में भी जनजातीय समुदायों के सर्वांगीण विकास हेतु ऐसे प्रयास जारी रहेंगे।

# ग्रामीण छात्रों को मिलेगा आधुनिक विज्ञान शिक्षा का तोहफा

**सीवान, 25 मई (तरुणमित्र)।** विद्यार्थियों को आधुनिक एवं प्रयोगात्मक विज्ञान शिक्षा से जोड़ने की दिशा में एक बड़ी पहल करते हुए देवेशकांत सिंह ने नारायण कर्मयोगी हाई स्कूल गोरेयाकोठी में विज्ञान लैब निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। बिहार शिक्षा परियोजना परिषद् के तहत गोरेयाकोठी प्रखंड के 10 उच्च माध्यमिक विद्यालयों में फिजिक्स, केमिस्ट्री एवं बायोलॉजी लैब का निर्माण कराया जाएगा।विधायक ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार सरकार की प्राथमिकता है। आधुनिक विज्ञान लैब बनने से ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने में बड़ी सहायता मिलेगी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विद्यालय में लैब निर्माण पर 14 लाख 70



हजार रुपये खर्च किए जाएंगे, जबकि सभी विद्यालयों में कुल 1 करोड़ 47 लाख 50 हजार रुपये की लागत से यह कार्य कराया जाएगा।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि आज के दौर में केवल पुस्तक आधारित शिक्षा पर्याप्त नहीं है, बल्कि प्रयोगात्मक शिक्षा भी उतनी ही आवश्यक है। विज्ञान लैब बनने से छात्र-छात्राओं को प्रयोग के माध्यम से पढ़ाई करने का अवसर मिलेगा, जिससे उनमें वैज्ञानिक सोच और अनुसंधान की भावना विकसित होगी।उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है।

जरूरत केवल बेहतर संसाधन और अवसर उपलब्ध कराने की है। सरकार विद्यालयों में भवन, प्रयोगशाला, पुस्तकालय और अन्य बुनियादी सुविधाओं का लगातार विस्तार कर रही है ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके।

# सुपौल में विवाहिता के गायब होने से सनसनी मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप

**सुपौल, 25 मई (तरुणमित्र)।** जिले के कुनौली थाना क्षेत्र से एक विवाहिता के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। घटना के बाद मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाते हुए हत्या की आशंका जताई है। मामले को लेकर इलाके में तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं।

जानकारी के अनुसार कमलपुर पंचायत के धरहरा टोला निवासी वासुदेव यादव की पत्नी दुर्गा देवी अचानक घर से गायब हो गईं। परिजनों का आरोप है कि महिला को जहर देकर मार दिया गया और सबूत मिटाने की नीयत से शव को नाव के जरिए कोसी नदी के रास्ते नेपाल की ओर ले जाया गया। बताया जा रहा है कि दुर्गा देवी की शादी करीब तीन वर्ष पहले प्रेम विवाह के रूप में हुई थी। दंपति का एक छोटा बच्चा भी है।सोमवार को महिला के गायब होने की खबर मिलने पर मायके पक्ष के लोग ससुराल पहुंचे। वहां की स्थिति देखकर उन्हें संदेह हुआ, जिसके बाद उन्होंने कुनौली थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची। टीम ने घर और आसपास के इलाके का निरीक्षण कर कई नमूने एकत्र किए हैं। पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।स्थानीय लोगों के मुताबिक घटना के बाद से ससुराल पक्ष के कई सदस्य घर छोड़कर फरार बताए जा रहे हैं। इससे पूरे मामले को लेकर संदेह और गहरा गया है।

कुनौली थाना अध्यक्ष सत्य प्रकाश कुमार ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस साक्ष्यों और जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई करेगी। फिलहाल महिला की तलाश और पूरे घटनाक्रम की सच्चाई सामने लाने का प्रयास जारी है।

## तालाब में डूबने से 13 वर्षीय किशोर की मौत

**सारण, 25 मई (तरुणमित्र)।** जिले में एकमा स्थानीय थाना क्षेत्र के भटौली गांव में उस समय शोक की लहर दौड़ गई, जब नजदीक के एक पोखरे में नहाने के दौरान 13 वर्षीय आदित्य कुमार नमक बालक की डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार आदित्य अपने दोस्तों के साथ पोखरे में नहाने गया था। इसी बीच वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। स्थानीय लोग आनन-फानन में उसे लेकर एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद सीएचसी परिसर में आदित्य की मां और परिजनों की चीख-पुकार से वहां मौजूद हर शख्स की आंखें नम हो गईं। मृतक के पिता अजय यादव बाहर रहकर काम करते हैं।

# आज से 31 मई तक स्कूलों में दोपहर के बाद डीएम ने लगाया पठन-पाठन पर प्रतिबंध

**बेगूसराय, 25 मई (तरुणमित्र)।** जिले में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी तथा लू की स्थिति को देखते हुए जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं जीवन की सुरक्षा के दृष्टिकोण से आवश्यक आदेश जारी किया गया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा-163 के अंतर्गत जारी आदेश के अनुसार बेगूसराय जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में वर्ग-08 तक की शैक्षणिक एवं आंगनबाड़ी केंद्रों की शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन पूर्व निर्धारित समयानुसार जारी रहेगा, जबकि वर्ग-09 से वर्ग-12 तक की शैक्षणिक गतिविधियों एवं पठन-पाठन पर प्रतिदिन पूर्वाह्न 11:30 बजे के बाद प्रतिबंध रहेगा।

जिला प्रशासन द्वारा विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिया गया है कि उक्त आदेश के अनुरूप शैक्षणिक गतिविधियों का पुनर्निर्धारण सुनिश्चित करें तथा विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

यह व्यवस्था 26 से 31 मई तक प्रभावी रहेगी। जिला प्रशासन ने आमजन, अभिभावकों एवं शिक्षण संस्थानों से अपील की है कि गर्मी एवं लू के प्रभाव को देखते हुए सतर्कता बरतें तथा प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करें।

## जनता दरबार में प्राप्त मामलों का गंभीरता से परीक्षण कर समय सीमा के भीतर समाधान सुनिश्चित करें अधिकारी : जिलाधिकारी

**बेगूसराय, 25 मई (तरुणमित्र)।** जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में बिहार सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम सबका सम्मान, जीवन आसान के अंतर्गत जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन जिला पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया। जनता दरबार के दौरान भूमि विवाद, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, विद्युत आपूर्ति, पेयजल, अतिक्रमण, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा अन्य जनहित से जुड़े 37 मामलों पर सुनवाई की गई। जिला पदाधिकारी ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों पर त्वरित एवं पारदर्शी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनता दरबार शासन और आमजनों के बीच संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है। जिसके माध्यम से लोगों की शिकायतों का निष्पादन शीघ्रता से सुनिश्चित किया जा रहा है।

# डीएम ने नहर सफाई कार्य का किया निरीक्षण

**सुपौल, 25 मई (तरुणमित्र)।** जिले में किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में प्रशासन सक्रिय नजर आ रहा है। सोमवार को जिलाधिकारी सावन कुमार ने प्रखंड सुपौल अंतर्गत लौकहा पंचायत पहुंचकर हर खेत तक सिंचाई का पानी योजना के तहत चल रहे नहर सफाई एवं तटबंध मरम्मत कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने कजरा माइनर नहर में चल रहे गाद सफाई (डिसिल्टिंग) और नहर तटबंध मरम्मत कार्य की प्रगति का जायजा लिया। यह योजना जल संसाधन विभाग द्वारा मनरेगा एवं वीबी-जी-राम-जी योजना के माध्यम से क्रियान्वित की जा रही है।



उन्होंने मौके पर मौजूद अभियंताओं और मनरेगा अधिकारियों को कार्य में गुणवत्ता बनाए रखने तथा प्राक्कलन के अनुरूप काम सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।जिलाधिकारी ने मुख्य नहर से निकलने वाली उप शाखा नहरों में पानी के बेहतर प्रवाह को लेकर भी विशेष निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य नहर में लगे ह्यूम पाइप की सफाई कराने और निर्धारित मानकों के अनुसार गहराई तक तल सफाई कराने को कहा, ताकि किसानों तक निर्बाध रूप से सिंचाई का पानी पहुंच सके।निरीक्षण के दौरान डीएम ने कहा कि कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए सिंचाई व्यवस्था मजबूत होना बेहद जरूरी है। योजनाओं का प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन ही किसानों को समय पर पानी उपलब्ध करा सकता है, जिससे खेती को सीधा लाभ मिलेगा। इस मौके पर डीआरडीए सुपौल के निदेशक अनित कुमार, मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी, विभागीय कर्मी और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

# टॉप-10 स्मैक तस्कर श्याम बिहारी गिरफ्तार

**सीवान, 25 मई (तरुणमित्र)।** सीवान जिला पुलिस एवं एस.टी.एफ. की संयुक्त कार्रवाई में जिले के वांछित टॉप-10 स्मैक तस्करों में शामिल श्याम बिहारी कुमार उर्फ श्याम को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद ड्रग्स कारोबार से जुड़े अपराधियों में हड़कंप मच गया है। पुलिस अधीक्षक पुरन कुमार झा के निर्देश पर जिले में स्मैक, गांजा एवं अन्य मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री में शामिल फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।इसी क्रम में 24 मई को गुप्त सूचना के आधार पर मुफ्फसिल थाना पुलिस टीम एवं एस.टी.एफ. टीम ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर बड़हरिया थाना क्षेत्र के कोइरीगामा निवासी श्याम बिहारी कुमार उर्फ श्याम को ललित बस स्टैंड स्थित खुमार्बाद मंदिर के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त राजेश्वर प्रसाद उर्फ साही पटेल का पुत्र बताया जाता है।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त मुफ्फसिल थाना कांड संख्या-191/26, दिनांक 04 अप्रैल 2026 में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8(सी)/ 21(बी)/ 20(2)(बी) के तहत वांछित था। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि श्याम बिहारी कुमार का आपराधिक इतिहास काफी लंबा रहा है। उसके विरुद्ध सराय थाना में एनडीपीएस एक्ट के दो मामले दर्ज हैं। इसके अलावा बड़हरिया थाना में हत्या के प्रयास, मारपीट, सरकारी कार्य में बाधा तथा एससी/एसटी एक्ट समेत कई गंभीर धाराओं में कांड दर्ज हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### 12 वर्षीय किशोरी ने फंदे से लटककर की आत्महत्या

**सुपौल, 25 मई (तरुणमित्र)।** जिले के त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र के हरिहरपट्टी पंचायत स्थित भगवानपुर वार्ड संख्या-5 में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। घरेलू विवाद के बाद 12 वर्षीय किशोरी ने कथित तौर पर फंदे से लटककर अपनी जान दे दी। मृत बच्ची की पहचान श्रीलाल सदा की पुत्री काजल कुमारी के रूप में की गई है।बताया जाता है कि रविवार की शाम घर में खाना बनाने को लेकर काजल की अपनी मां से कहासुनी हो गई थी। विवाद के बाद वह नाराज होकर अपने कमरे में चली गई। देर रात तक परिवार के लोगों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया।सोमवार सुबह जब काफी देर तक काजल कमरे से बाहर नहीं निकली तो परिजनों को चिंता हुई। दरवाजा अंदर से बंद था। काफी आवाज लगाने के बाद भी कोई हलचल नहीं होने पर घरवालों ने दरवाजा खोला। कमरे के भीतर काजल को फंदे से लटका देख परिवार में चीख-पुकार मच गई। घटना की सूचना मिलते ही त्रिवेणीगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष राकेश कुमार के नेतृत्व में पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सुपौल सदर अस्पताल भेज दिया।काजल के निधन से परिवार पूरी तरह टूट गया है। आसपास के लोग भी घटना से स्तब्ध हैं। बताया जा रहा है कि वह आठ भाई-बहनों में दूसरे नंबर पर थी। परिवार की आर्थिक और सामाजिक स्थिति को लेकर भी गांव में चर्चा है। पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। अभी तक परिजनों की ओर से कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### वारंटियों पर पुलिस का शिकंजा,चार आरोपी गिरफ्तार

**सुगौली, पू.चः, 25 मई (तरुणमित्र)।** स्थानीय थाना की पुलिस ने अपराधियों और फरार वारंटियों के खिलाफ सख्त अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। थानाध्यक्ष अनीष सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर तीन वारंटी अभियुक्तों समेत थाना के एक पुराने कांड के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र के अपराधियों में हड़कंप मच गया है। थानाध्यक्ष अनीष सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में थाना? क्षेत्र के कानू टोला निवासी गौरीशंकर प्रसाद का पुत्र रामबाबू कुमार,डंडी टोला निवासी जंगनाथ महतो का पुत्र अभिलाख महतो,राजकुमार महतो तथा थाना के पूर्व कांड का एक आरोपी शामिल है। पुलिस लंबे समय से इनकी तलाश में जुटी थी और गुप्त सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी को दबोच लिया गया।थानाध्यक्ष ने कहा कि फरार अभियुक्तों और आपराधिक तत्वों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा तथा किसी भी सूरत में अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा। गिरफ्तार चारों आरोपियों से आवश्यक पूछताछ और कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को अपराध नियंत्रण की दिशा में बड़ी सफलता माना जा रहा है।

# विदेशी शराब बरामद,तीन तस्कर गिरफ्तार



**सुगौली, पू.चः, 25 मई (तरुणमित्र)।** स्थानीय थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है। थानाध्यक्ष अनीष सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के छपवा चौक पर छापेमारी कर तीन शराब तस्करों को गिरफ्तार किया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने Royal Stag 750 एमएल की 55 बोतल एवं Blender's Pride 750 एमएल की 35 बोतल जब्त की। कुल मिलाकर 67.5 लीटर विदेशी शराब बरामद हुई है।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नितेश कुमार सहनी, पिता सत्ताउ सहनी, निवासी टलवा थाना कोटवा, छोटू कुमार, पिता कामेश्वर सहनी तथा सन्नी कुमार पासवान, पिता मोतीलाल पासवान, दोनों निवासी भोपतपुर, जिला पूर्वी चंपारण के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार तीनों आरोपी शराब की खेप लेकर किसी स्थान पर आपूर्ति करने की फिराक में थे, तभी गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्हें धर दबोचा। पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत मामला में केस दर्ज करते हुए,कागजी प्रक्रिया पुरी कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस की इस कार्रवाई से शराब तस्करों में हड़कंप मच गया है।

# पिकअप से 427 किलो गांजा बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

**सुपौल, 25 मई (तरुणमित्र)।** जिले के पिपरा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक पिकअप वाहन से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने 427.95 किलोग्राम गांजा जब्त किया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1 करोड़ 71 लाख रुपये बताई जा रही है। मौके से एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है।

थानाध्यक्ष राजेश कुमार झा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि मधुबनी जिले के भुतहा इलाके से गांजा की बड़ी खेप एक पिकअप वाहन पर लादकर भागलपुर की ओर भेजी जा रही है। सूचना मिलते ही पुअनि राजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया और सिंहेश्वर मार्ग पर रेलवे पुल के आगे सोमवार सुबह करीब पांच बजे वाहन जांच अभियान चलाया गया। नाकाबंदी के दौरान तेज रफ्तार में आ रही एक संदिग्ध पिकअप को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखकर चालक वाहन लेकर भागने लगा, लेकिन पुलिस टीम ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। वाहन की तलाशी लेने पर पुलिस को पीछे की सीट और डाला के नीचे बनाए गए गुप्त चेंबर से बोरे में पैक गांजा मिला। इलेक्ट्रॉनिक कांटा से वजन करने पर कुल 427.95 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ।पुलिस के अनुसार तस्करों ने गांजा छिपाने के लिए बोरे के ऊपर खाली कैरेट रख दिए थे, ताकि किसी को शक न हो। हालांकि पुलिस की सतर्कता और पहले से मिली सूचना के कारण तस्करों की यह चाल सफल नहीं हो सकी। गिरफ्तार तस्कर की पहचान पटना जिले के दुल्हिन बाजार थाना क्षेत्र के कोपा गांव निवासी उपेंद्र कुमार यादव के रूप में हुई है। पूछताछ में उसने पुलिस को बताया कि वह गांजा की खेप भुतहा से लेकर भागलपुर पहुंचाने जा रहा था। पुलिस ने गांजा और पिकअप वाहन को जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है। वहीं गिरफ्तार तस्कर को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस अब इस तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

# बकरीद आपसी भाईचारे,संवेदनशीलता एवं सामाजिक सद्भाव का पर्व : डीएम

**बेगूसराय, 25 मई (तरुणमित्र)।** आगामी ईद-उल-जोहा (बकरीद) पर्व के अवसर पर जिले में विधि-व्यवस्था, सामाजिक सौहार्द एवं शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक में पुलिस अधीक्षक मनीष , उप विकास आयुक्त आकाश चौधरी , नगर आयुक्त सोमेश बहादुर माथुर, सिविल सर्जन, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित शांति समिति के सदस्य एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे। जिला पदाधिकारी ने कहा कि बकरीद आपसी भाईचारे, संवेदनशीलता एवं सामाजिक सद्भाव का पर्व है। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान जिले में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं प्रतिबद्ध है। उन्होंने प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि पर्व के अवसर पर किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा सभी संवेदनशील एवं चिन्हित स्थलों पर विशेष निगरानी सुनिश्चित की जाए। बैठक में विशेष रूप से 28 मई से 30 मई तक जिले में सतत निगरानी एवं प्रभावी विधि-व्यवस्था संधारण की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।



जिला पदाधिकारी ने पर्व के दौरान मांस वितरण तथा उससे संबंधित अफवाहों के कारण उत्पन्न होने वाली संभावित परिस्थितियों पर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों पर फैलने वाली भ्रामक सूचनाओं एवं अफवाहों पर प्रशासन द्वारा त्वरित एवं सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला पदाधिकारी ने सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नमाज अदा किए जाने वाले स्थलों पर साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने नगर निकायों एवं स्थानीय प्रशासन को आपसीई समन्वय के साथ सभी तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण करने को कहा। पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि संवेदनशील स्थलों पर विशेष गश्ती, निरंतर पेट्रोलिंग तथा असामाजिक एवं विधि-विरुद्ध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी की जा रही है। साथ ही स्थानीय स्तर पर शांति समिति की बैठकों को सक्रिय रूप से आयोजित कर जनप्रतिनिधियों, धर्मगुरुओं एवं समाज के प्रबुद्ध लोगों से निरंतर संवाद एवं समन्वय बनाए रखने पर बल दिया गया।

# विभिन्न मुद्दों को बिहार राज्य किसान सभा ने किया धरना प्रदर्शन

**पत्रकार नगर, खगड़िया, 25 मई (तरुणमित्र)।** बिहार राज्य किसान सभा, बिहार राज्य खेत मजदूर यूनियन, बिहार महिला समाज, ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन, ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन, जिला शाखा खगडिया की ओर से खगड़िया समाहरणालय पर संयुक्त धरना दिया गया। धरना की अध्यक्षता बिहार राज्य किसान सभा खगड़िया जिला सचिव कां रविंद्र यादव किए। धारणा को संबोधित करते बिहार राज्य किसान सभा के राज्य परिषद सदस्य खगड़िया जिला के प्रभारी कां प्रभाकर प्रसाद सिंह ने कहा राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत विभिन्न जन संगठन की ओर से बिहार के तमाम समाहरणालय पर धरना प्रदर्शन आयोजित किया जा रहा है इसी कड़ी में आज खगड़िया समाहरणालय पर विभिन्न मुद्दों को लेकर आज धरना हो रहा है। मोदी सरकार देश किसानो के ऊपर अमेरिका के साथ ट्रेड समझौता कर किसानों के पेट पर लात मारने का काम किया है। मोदी सरकार के विदेश नीति के चलते डीजल,पेट्रोल,गैस की कीमत बढ़ जाने से पूरे देश में हाहाकार मचा हुआ है। किसानों के समर्थन मूल्य सरकार द्वारा घोषित किया गया लेकिन आज तक सरकारी क्रय केंद्र के माध्यम से सरकारी रेट पर किसानों का अनाज गेहूं मकई का खरीदारी नहीं हो रही है। जिसके चलते किसानों को फसल का समर्थन मूल्य नहीं मिल पा रहा है।

## बेटी को न्याय दिलाने के लिए चुप्पी साधते रह गए बेगूसराय के सांसद और विधायक

**बेगूसराय, 25 मई (तरुणमित्र)।** बेगूसराय की बेटी के साथ पटना में हुई दरिंदगी के मामले में सांसद और विधायकों द्वारा आवाज नहीं उठाने पर सोशल मीडिया में बेगूसराय में जिले के लोगों ने जमकर आक्रोश व्यक्त किया। लेकिन बावजूद किसी के कान तक आवाज नहीं पहुंची। इससे लगता है कि अपराधी उन लोगों का रिश्तेदार हो। सभी लोगों ने बेगूसराय की बेटी को न्याय दिलाने की मांग सोशल मीडिया के माध्यम से की है। कुछ लोगों ने सांसद गिरिराज सिंह को यह भी कह दिया कि अगर हिन्दू और मुस्लिम की बात होती तो तो अब तक सोशल मीडिया पर उनकी गूंज इतनी होती कि लोगों का कान भी सूज जाता। कुछ लोगों ने विधायकों पर भी निशाना बनाया। लेकिन उन विधायकों की आवाज भी पैरों तले दबी रह गई। कुछ लोगों ने उस बेगूसराय की बेटी को न्याय दिलाने के लिए आंदोलन की भी चेतावनी दी है।


## NOTICE

I, Indranil Das S/o Biswadeb Das R/o Bhuku Seth Flat Bhaga, Near Bhaga Railway Gate, Bhaga, Parasia, Dhanbad, Jharkhand - 828301, have changed my minor son's name from Yuvraj Das Aged 03 Years to Rudvik Das forever

## NOTICE

I Munni Devi W/o Ramnath Sah R/o Village Khurian, Konki, Rohtas, Takia Bazar, Bihar-821113, have changed my name to Kalpato Devi

## NOTICE

It is for general information that I, Ritik Kumar Verma S/o Anil Kumar Verma R/o Laxmi Jwaellors, Post Nawagarh, PS Barora, Harina Market, Dist: Jharkhand-828306, declare that name of my father has been wrongly written as Anil Verma in my 12th Class School Certificate Cum Marksheet. The actual name of my father is Anil Kumar Verma, which may be amended accordingly.

# डीएम ने आमजनों से सतर्क रहने एवं बचाव के उपाय अपनाने की अपील

**सासाराम, 25 मई (तरुणमित्र)।** रोहतास जिले में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी एवं तापमान को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। जिलाधिकारी उदिता सिंह ने आमजनों से अपील करते हुए कहा है कि गर्म हवाओं एवं लू के प्रभाव से बचने के लिए सभी नागरिकों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। प्रशासन द्वारा लोगों को सतर्क रहने तथा आवश्यक दिशा-निर्देशों का पालन करने की सलाह दी गई है, ताकि लू एवं अत्यधिक गर्मी के दुष्प्रभाव से बचा जा सके।जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान मौसम परिस्थितियों को देखते हुए विशेष रूप से बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं एवं बीमार व्यक्तियों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की आवश्यकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि किसी व्यक्ति में लू के लक्षण दिखाई दें तो तुरंत सहायता उपलब्ध कराएं तथा आवश्यकता पड़ने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें।प्रशासन द्वारा बताया गया है कि लू लगने के प्रमुख लक्षणों में चक्कर आना, घबराहट होना, दिल की धड़कन तेज होना, अत्यधिक पसीना आना, सिरदर्द, बेहोशी, तेज बुखार, शरीर की त्वचा का अत्यधिक गर्म हो जाना तथा जी मिचलाना शामिल हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए और तुरंत चिकित्सकीय सलाह लेनी चाहिए।लू से बचाव के लिए जिला प्रशासन ने आम लोगों को कई महत्वपूर्ण सावधानियां अपनाने की सलाह दी है। लोगों से कहा गया है कि यथासंभव धूप में बाहर निकलने से बचें तथा अत्यधिक आवश्यक होने पर ही घर से बाहर जाएं। बाहर निकलते समय हल्के रंग के सूती कपड़े पहनें और सिर को कपड़े, टोपी अथवा छाते से ढंककर रखें। साथ ही पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें ताकि शरीर में पानी की कमी न हो।लोगों को ओ.आर.एस., नींबू पानी, लस्सी, छाछ एवं फलों के रस जैसे तरल पदार्थों का सेवन करने की सलाह दी है। वहीं चाय, कॉफी एवं अत्यधिक शर्करा युक्त पेय पदार्थों से बचने को कहा गया है।

दोपहर के समय भारी शारीरिक श्रम नहीं करने तथा लंबे समय तक तेज धूप में लगातार खड़े रहने अथवा काम करने से बचने की अपील की गई है।इसके अलावा बच्चों एवं पालतू जानवरों को बंद वाहनों में अकेला नहीं छोड़ने की सलाह दी गई है। घर एवं कार्यस्थल को यथासंभव ठंडा रखने तथा बाहर निकलते समय पानी की बोतल साथ रखने पर भी जोर दिया गया है।जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य विभाग सहित सभी संबंधित विभागों को पूरी तरह सतर्क रहने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि जागरूकता एवं सावधानी के माध्यम से आमजन स्वयं तथा अपने परिवार को लू एवं गर्म हवाओं के दुष्प्रभाव से सुरक्षित रख सकते हैं।किसी भी आपात स्थिति में सहायता के लिए टोल फ्री नंबर 101 एवं 112 पर संपर्क किया जा सकता है। वहीं समाहरणालय रोहतास में स्थापित कंट्रोल रूम के नंबर 06184-226072 एवं 06184-226093 पर भी सहायता के लिए संपर्क करने की अपील की गई है।

## पशु–पक्षी समेत आम नागरिकों के लिए जल संकट बन रही गंभीर समस्या

**बिक्रमगंज, 25 मई (तरुणमित्र)।**तपिश बढ़ने के साथ ही मैदानी इलाकों में जल संकट गंभीर समस्या बनते जा रहा है । मई माह के चढते ही मौसम के उतार-चढ़ाव के बाद अब तेज धूप में जहां लोगों के घर निकलना मुश्किल कर दिया है तो वहीं जल स्रोत के नीचे चले जाना भी अब चिंता का विषय बनते जा रहा है। चापाकल एवं नल जल के जवाब देने के कारण जहां लोग जल संकट से गुजरने लगे हैं तो वही प्रकृति के गोद में विचरण करने वाले पशु पक्षी भी अब सुरक्षित नहीं। नहर, तालब, नदियां एवं आहर सहित अन्य जल स्रोतों के सूखते हुए स्वरूप ने इन पशु पक्षियों के लिए भी जीवन संकट पैदा कर दिया है। यत्र तत्र दिख रहे बाग बगीचे की सिमटती दुनिया ने जीव जंतुओं एवं वनस्पतियों आश्रय को भी नहीं रहने दिया। फसलों की कटाई हो चुकी है और तपती धूप में जंगली पशुओं जैसे नीलगाय एवं हिरन,शियार के झुंड को आप इधर-उधर भागते हुए देख सकते हैं। स्पष्ट है पहले जो जीव जंगलों में रहते थे जंगलों की सफाई के बाद अब यह ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंच गए हैं और अपने आश्रय की तलाश में इधर-उधर भटकते हुए दिखाई दे रहे हैं। कई जंतु इधर-उधर मरे हुए भी दिखाई दे रहे हैं।

इससे एक असंतुलित वातावरण का सृजन हो रहा है।वन्य प्राणी और वनस्पतियों के समाप्ति के बाद जीवन संकट स्वाभाविक है। फसलों की बबार्दी को रोकने के लिए सरकार ने कई जगहों पर तो इन्हें मारने तक का भी अनुमति दे रखा है ।लेकिन क्या इन नरेश जंगली जंतुओं एवं पशु पक्षियों के संरक्षण पर ध्यान देना चाहिए। ज्ञात हो कि कई जंगली जंतु एवं पशु पक्षियों की स्थिति विलुप्तप्राय हो चुकी है, जिनके संरक्षण के लिए सरकार द्वारा योजनाएं भी चलाई जा रही है। लेकिन ऐसे समय में जब जल संकट और बढ़ते हुए तापमान इन्है अधिक प्रभावित कर रहे हैं तो सरकार की कोई भी योजना इस ओर दिखाई नहीं दे रही जो भविष्य के लिए शुभ संकेत नहीं है।पूर्व के लोगों के द्वारा खेतों में गड्ढे बनाकर पानी जमा कर दिया जाता था, ताकि गर्मी के दिनों में पशु पक्षी पानी पियेंगे तो वही तालाबों में पानी भर दिया जाता था। लेकिन आज सब संसाधन मौजूद है। इसके बावजूद लोगों की तृष्णा के कारण प्राकृतिक वनस्पतियां एवं जल स्रोत असुरक्षित हैं। क्या विकसित हो रहे मानवता के द्वारा इसी तरह का सभ्यता का सृजन किया जाएगा? यह एक विचारणीय प्रश्न बनते जा रहा है?

## भीषण गर्मी के साथ लू से आमजनों के बचाव को ले जिला प्रशासन तत्पर

**सासाराम, 25 मई (तरुणमित्र)।** भीषण गर्मी के साथ लू से आमजनों के बचाव एवं राहत हेतु जिला प्रशासन एवं लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग लगातार प्रयासरत एवं तत्पर है। जिला अन्तर्गत लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा संचालित की जा रही कुल-3158 अदद योजनाओं से नियमित जलापूर्ति की जा रही है। जिला पदाधिकारी के निदेशानुसार किसी प्रकार का शिकायत/समस्या होने पर 24-72 घंटों में इसका त्वरित निष्पादन कर योजना को क्रियाशील करने का प्रयास किया जा रहा है। वर्तमान में जिला अन्तर्गत विभिन्न प्रखंडों में कुल 68 अदद मरम्मति दल कार्यरत है, जिनके द्वारा योजनाओं के मरम्मति हेतु निरंतर प्रयास किया जा रहा है। जिन योजनाओं में विशेष मरम्मति की आवश्यकता है, वहाँ वर्तमान में आपातकालीन व्यवस्था के तहत मोटर / स्टाटर को क्रियाशील कर 5 अदद स्टैण्ड पोस्ट के माध्यम से जलापूर्ति दी जा रही है।जिलान्तर्गत लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा अधिष्ठापित कुल-26178 अदद चापाकल अन्तर्गत कुल-26029 अदद चापाकल कार्यरत है। बंद पड़े चापाकलों की मरम्मति हेतु प्रत्येक प्रखंड में एक-एक चलन्त चापाकल मरम्मति दल कार्यरत है। विभाग द्वारा माह मार्च, 2026 से अबतक कुल-2746 अदद IM-II/III चापाकलों की मरम्मति कराकर कर चालू कराया गया है।

लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा आमजनों से अनुरोध है कि इस भीषण गर्मी एवं लू में पानी को बर्बाद न करें एवं संयम बनाए रखे। पेयजल से संबंधित किसी प्रकार की समस्या होने पर शिकायत हेतु जिला स्तर पर जिला नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है, जिसका दूरभाष सं0-8544428995 है। कोई भी आमजन कार्यालय अवधि में (10:00 बजे पूर्वाह्न से 5:00 बजे अपराह्न तक) इस नंबर पर संपर्क कर / हँ३२अस्त्रस्र के माध्यम से अपना शिकायत दर्ज करा सकते है। साथ ही विभागीय टोल फ्री नं0 18001231121 एवं प्रखंड अन्तर्गत पदस्थापित कनीय अभियंता / सहायक अभियंता को दूरभाष / वाट शॉप के माध्यम से भी अपना शिकायत दर्ज करा सकते है।

प्रखंडवार कनीय अभियंता / सहायक अभियंता का नाम एवं मोबाईल नंम्बर संलग्न किया जा रहा है।समस्त रोहतास जिला के साथ-साथ सासाराम नगर निगम क्षेत्र में गर्मी की तीव्रता में आमलोगों को घर से बाहर निकलने में कठिनाईयों को देखते हुए नगर निगम के स्तर से विभिन्न प्रमुख स्थलों पर लोगों को राहत पहुँचाने हेतु शुद्ध शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के लिए स्टैण्ड एवं घड़ा के साथ प्याउ एवं मोबाईल टैंकर के द्वारा जल की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जा रही है, ताकि बाहर निकले लोगों को गर्मी की आपदा जैसी स्थिति में पेयजल उपलब्ध हो सके।

## राजकीय आदर्श मध्य विद्यालय नरवर में जनगणना को लेकर हुई महत्वपूर्ण बैठक

**कोचस (रोहतास), 25 मई (तरुणमित्र)।** राजकीय आदर्श मध्य विद्यालय नरवर भगीरथा के प्रांगण में जनगणना कार्य को लेकर पर्यवेक्षक भरत प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी प्रगणक उपस्थित रहे। बैठक में जनगणना कार्ये से संबंधित 34 बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस दौरान शौचालय, नल-जल योजना के अंतर्गत लगाए गए नल, एलपीजी गैस कनेक्शन सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया गया।बैठक में पर्यवेक्षक जयप्रकाश सिंह ने सभी बिंदुओं पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त करते हुए जनगणना कार्य को सही एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न करने पर बल दिया। वहीं विद्यालय के प्रधानाध्यापक सह पर्यवेक्षक भारत प्रसाद सिंह ने कहा कि जनगणना के सभी 34 बिंदुओं का सावधानीपूर्वक एवं सही तरीके से अंकन किया जाए, ताकि किसी प्रकार की त्रुटि न हो और आंकड़े पूर्णतः सही तैयार हो सकें।

## एमपी-एमएलए कोर्ट ने मोकामा से जेडीयू विधायक अनंत सिंह की गिरफ्तारी पर लगाई रोक

**गोपालगंज, 25 मई (तरुणमित्र)।** गोपालगंज की एमपी-एमएलए की विशेष अदालत ने हथियार लहराने और अश्लील डांस के वायरल वीडियो मामले में सोमवार को सुनवाई के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। वहीं, मोकामा से जदयू विधायक अनंत सिंह की गिरफ्तारी पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। मामले की अगली सुनवाई 30 मई को निर्धारित की गई है।इस मामले में विधायक अनंत सिंह समेत कुल नौ आरोपित नामजद हैं। हालांकि, अदालत ने सभी आरोपितों में से केवल अनंत सिंह को ही राहत देते हुए उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगाई है। अन्य आरोपितों को फिलहाल कोई राहत नहीं मिली है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद एमपी-एमएलए अदालत के न्यायाधीश ने अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया।

अदालत में अनंत सिंह की ओर से पटना उच्च न्यायालय के अधिवक्ता कुमार हर्षवर्धन और गोपालगंज सिविल कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार पाठक ने पक्ष रखा। बचाव पक्ष के वकीलों ने अदालत के समक्ष कानूनी तथ्यों और परिस्थितियों का हवाला देते हुए दलील दी कि विधायक के खिलाफ तत्काल गिरफ्तारी जैसी कार्रवाई की आवश्यकता नहीं है। दलीलों पर सुनवाई के बाद अदालत ने उनकी गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक लगाने का आदेश दिया।बचाव पक्ष के अधिवक्ता कुमार हर्षवर्धन ने अदालत में वायरल वीडियो को एडिटेड बताते हुए कहा कि विधायक को झूठे मुकदमे में फंसाने की कोशिश की जा रही है।वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार पाठक ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि मामले की अगली सुनवाई 30 मई को होगी। उन्होंने कहा कि इस केस में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 111 जोड़ने के लिए आवेदन दिया गया है, हालांकि अदालत ने अभी तक उस आवेदन को स्वीकार नहीं किया है।

## बकरीद पर्व को लेकर नोखा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित

**नोखा (रोहतास), 25 मई (तरुणमित्र)।** आगामी बकरीद पर्व 28 मई को मनाई जाएगी। इस मौके पर शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर सोमवार को नोखा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, मस्जिद कमिटी के सदस्यों एवं सामाजिक कार्यकताओं ने भाग लिया और पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की गई।बैठकें की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी सुश्री शेफाली एवं अंचलाधिकारी मधुसूदन चौरसिया की उपस्थिति में की गई। मौके पर पुलिस सर्किल इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार, नोखा थाना अध्यक्ष अनुज कुमार सिंह, नगर परिषद सभापति राधेश्याम सिंह, उपसभापति धनजी सिंह, नगर प्रबंधक प्रवीण कुमार ओझा तथा सीसीरिता ओपी अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह मौजूद रहे।बैठक में बकरीद के अवसर पर विभिन्न मस्जिदों में अदा की जाने वाली नमाज को लेकर समय निर्धारण एवं आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की गई। प्रशासन की ओर से बताया गया कि सभी मस्जिदों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा तथा पर्व के दौरान शांति एवं आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की गई। सदर मस्जिद में सुबह 6:30 बजे नमाज अदा किए जाने की जानकारी दी गई।अधिकारियों ने कहा कि बकरीद त्याग और बलिदान का पर्व है, इसलिए इसे आपसी सौहार्द एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाना सभी की जिम्मेदारी है। बैठक में उपस्थित कमिटी के सदस्यों एवं गणमान्य लोगों ने भी अपने-अपने सुझाव रखे और प्रशासन को सहयोग करने का भरोसा दिलाया।मौके पर अपर थानाध्यक्ष नवीन कुमार, अभय कुमार, मुस्लिम अंसारी, इजहार राजा उर्फ बाबू, अनिल कुमार हिंदू, नगर परिषद ब्रांड एम्बेसडर राजेंद्र कुमार सिंह, विनोद कुमार, गुलाम मोहम्मद, क्षितिज कुमार, बबलू गुप्ता तथा नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष बृज बिहारी प्रसाद, बचन जी सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मऊ की धरती से भरा हुंकार,कलम चलाने वालों का भविष्य कब होगा सुरक्षित ?

### रोहतास के पत्रकार ने उठाई आवाज




**सासाराम, 25 मई (तरुणमित्र)** राष्ट्रीय पत्रकार संघ-भारत के तत्वावधान में मधुबन, मऊ उत्तर प्रदेश में आयोजित भव्य शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह केवल औपचारिक आयोजन बनकर नहीं रह गया, बल्कि पत्रकारों के अधिकार, सम्मान और भविष्य की सुरक्षा को लेकर एक सशक्त विमर्श का मंच बन गया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय मंच से रोहतास जिले के दिनारा निवासी एवं बिहार प्रदेश प्रभारी कमला कान्त दूबे ने अपने ओजस्वी, बेबाक और तथ्यपूर्ण संबोधन से उपस्थित जनसमूह को गहराई से सोचने पर मजबूर कर दिया।पत्रकार हितों के संरक्षण, संगठनात्मक सक्रियता तथा जमीनी पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए कमला कान्त दूबे को राष्ट्रीय पत्रकार संघ-भारत द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान ग्रहण करने के बाद अपने संबोधन में उन्होंने बिहार के हजारों ग्रामीण और पेशेवर पत्रकारों की वर्षों पुरानी पीड़ा को मंच से मुखरता के साथ उठाया।उन्होंने कहा कि बिहार में ऐसे असंख्य पत्रकार हैं, जो दशकों से गांव-गांव, कस्बों और प्रखंडों में रहकर विभिन्न हिंदी दैनिक समाचार पत्रों के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। दिन-रात खबरों के लिए संघर्ष करने वाले इन पत्रकारों के श्रम का लाभ बड़े मीडिया संस्थान तो उठाते हैं, लेकिन विडंबना यह है कि उन्हें न तो नियमित पारिश्रमिक दिया जाता है और न ही भविष्य निधि (पीएफ) जैसी बुनियादी सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराई जाती है। अपने संबोधन में उन्होंने तीखा सवाल उठाते हुए कहा कि जब पत्रकारों का पीएफ ही नहीं कटेगा और उन्हें भुगतान का कोई वैधानिक प्रमाण ही उपलब्ध नहीं कराया जाएगा, तब वे बिहार सरकार की पत्रकार पेंशन योजना का लाभ आखिर कैसे प्राप्त करेंगे?उन्होंने बिहार पत्रकार पेंशन योजना के कलम-12 का उल्लेख करते हुए कहा कि योजना का लाभ उन्हीं पत्रकारों को मिल सकता है, जिनके पास बीस वर्षों तक पारिश्रमिक प्राप्ति, चेक अथवा पीएफ कटौती से संबंधित प्रमाण उपलब्ध हों।

जबकि जमीनी स्तर पर कार्यरत अधिकांश पत्रकारों को मीडिया प्रबंधन की ओर से कोई वैधानिक दस्तावेज ही उपलब्ध नहीं कराया जाता। ऐसे में वर्षों तक पत्रकारिता करने वाले अनेक पत्रकार वृद्धावस्था में सरकारी योजनाओं से वंचित रह जाते हैं।कमला कान्त दूबे ने कहा कि यह केवल आर्थिक शोषण का मामला नहीं, बल्कि पत्रकारों के भविष्य और सम्मान के साथ किया जा रहा गंभीर अन्याय है।

## संक्षिप्त समाचार

### एनएच 120 पर अनियंत्रित ट्रक ने ट्रक में मारी जोरदार टक्कर,एक की मौत

**बिक्रमगंज /रोहतास, 25 मई (तरुणमित्र)।** सूर्यपुरा थाना क्षेत्र के कल्याणी मोड के समीप एनएच 120 पर बिक्रमगंज , डुमरांव मुख्य सड़क पर एक अनियंत्रित ट्रक ने आगे जा रही ट्रक में पीछे से मारी जोरदार टक्कर, जिसमें पीछे से टक्कर मारने वाले ट्रक चालक की इलाज के दौरान बिक्रमगंज रेफरल अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक चालक का नाम मुन्ना सिंह यादव उम्र 37 वर्ष, पिता ठगाई यादव बताया जाता है। जो यूपी के मऊ का रहने वाला था। सोमवार को सुबह 06 बजे आगे उसके सहयोगी चालक यूपी निवासी छोटेलाल यादव ने बताया 22 चक्के वाली ट्रक पर बालू लदे ट्रक ले कर वह बक्सर बॉडर की ओर जा रहा था कि मध्य रात्रि 2.15 बजे कल्याणी मोड के समीप आगे खड़ा एक बालू लदे ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी और खुद स्टेयरिंग में फंस गया। वहां मुख्य सड़क पर अचानक खड़ा हुए ट्रक देख वहां गस्ती कर रहे 112 की टीम पहुंचा तो देखा कि ड्राईवर स्टेयरिंग में फंसा हुआ है। तब पुलिस के जवानों ने उसके शरीर को किसी तरह बाहर निकाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सूर्यपुरा पूरा लाया जहां चिकित्सक डॉ अखिलेश सिंह अनुमंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया, जा रस्ते में उसकी मौत हो गई। जिसकी सूचना उसके परिजनों को दे दी गई है।

### दो गांवों में लगी आग लाखों की हुआ नुकसान

**कोचस (रोहतास), 25 मई (तरुणमित्र)।** प्रखंड क्षेत्र के अलग अलग हिस्सो मे हुए अगलगी घटनाओं में लाखों रुपये के सम्पत्ति जलकर राख हो गयी। घटना सोमवार की बताई गई है।पहली घटना कंजर पंचायत के अमइसीडिहरा गांव में घटी जहां सॉट सर्किट से आग लग गई जिसमें सुदर्शन चौधरी एवं विजय बहादुर चौधरी के घर आग के चपेट में आ गया। जिसमें मवेसी, मवेसी के चारा,कपड़ा, साईकिल, मोटर पम्प, गुमटी एवं खाने पीने वाले सामग्री जलकर राख हो गयी। सूचना पर पहुंचे दमकल के टीम बड़ी मसकत से आग बुझाने में कामयाब हुई। साथ ही मोबाइल पशु चिकित्सक की भी टीम पहुंच जले हुए पशुओं का इलाज किया।वहीं दूसरी घटना बलथरी पंचायत के लकड़ी टोला पर घटना घटी जिसमें रामजी चौहान के घर मे बिजली के तार से सॉर्ट सर्किट से आग लग गयी। जिसमें मवेसी के चारा समेत अन्य सामग्री जलकर राख हो गयी। वही आग लगी के घटना के बाद पीड़ित परिवार का रो रो कर बुरा हाल हो गया है।

### गोला व्यवसायी पर जानलेवा हमला, लाखों की लूट,दो नामजद समेत चार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**दिनारा, 25 मई (तरुणमित्र)।** दिनारा थाना क्षेत्र के खनिता चौक के समीप स्थित एक गोला व्यवसायी के यहां बीते 19 मई को हुई मारपीट एवं लूट की घटना को लेकर पुलिस ने दो नामजद तथा दो अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। घटना के बाद इलाके में व्यवसायियों के बीच दहशत का माहौल बना हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार सुरवारे पंचायत के बराढ़ी गांव निवासी कृष्णा साह, पिता अक्षय लाल साह, ने दिनारा थाना में लिखित आवेदन देकर बताया है कि वह अपने गोला पर बैठे थे, तभी दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार लोग वहां पहुंचे। आरोप है कि आते ही बदमाशों ने लोहे की रॉड से उनके सिर पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना के बाद आरोपित गोला गद्दी में रखे करीब एक लाख अस्सी हजार रुपये लूटकर फरार हो गए।घटना के बाद आसपास के लोगों ने घायल व्यवसायी को उपचार के लिए भेजा गया। वहीं सूचना मिलते ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई। इस संबंध में दिनारा थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र प्रसाद ने बताया कि पीड़ित के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले में दो नामजद एवं दो अज्ञात व्यक्तियों को अभियुक्त बनाया गया है। पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है तथा आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### काराकाट प्रखंड व नगर में भीषण गर्मी से जनजीवन अस्त-व्यस्त, पेयजल व्यवस्था पर नाराजगी

**काराकाट रोहतास, 25 मई (तरुणमित्र)।** प्रखंड क्षेत्र में जारी भीषण लू और हीट वेव के कारण सोमवार से जनजीवन प्रभावित है। पिछले कई दिनों से तापमान 43झ44 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है, जबकि मंगलवार को अधिकतम तापमान लगभग 41 और न्यूनतम 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण सड़कें सूनी रहीं और लोग केवल आवश्यक काम पर ही घरों से बाहर निकले। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों पर गर्मी का खास प्रभाव दिखा; पशु-पक्षी भी इससे बेहाल हैं। नगरपंचायत काराकाट के मुख्य बाजार गोडारी में पेयजल आपूर्ति की जर्जर स्थिति को लेकर नगर वासियों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि केवल पर्दा लगा दिया गया है, पर पीने के लिए साफ पानी नहीं मिल रहा; कई राहगीर पानी के लिए भटकते देखे गए। इस लचर व्यवस्था ने ताप के दिनों में मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। सीएचसी गोडारी तथा निजी अस्पतालों में डिहाइड्रेशन, उल्टी-दस्त, चक्कर और बुखार के मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है। चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. विजय शंकर प्रसाद सिंह ने बताया कि ये तकलीफें शरीर में पानी की कमी के कारण हो रही हैं।

### एसडीएम ने जनता दरबार में 39 मामले का किया निष्पादन

**बिक्रमगंज /रोहतास, 25 मई (तरुणमित्र)।** सबका सम्मान जीवन आसान कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी रोहतास उदिता सिंह के आदेश पर सोमवार को एसडीएम बिक्रमगंज प्रभात कुमार ने अपने कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किये। एसडीएम बिक्रमगंज द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित ₹सबका सम्मान-जीवन आसान₹ के तहत अपनी समस्याओं को लेकर पूरे अनुमंडल क्षेत्र से आम नागरिक उपस्थित हुए थे। इस दौरान अनुमंडल क्षेत्र से कुल 39 आवेदन पड़े। जिसमें भूमि विवाद से संबंधित 24, राशन कार्ड से संबंधित 11 एवं अन्य 04 मामले लेकर परिवादी उपस्थित हुए। सभी ने अपनी-अपनी समस्याएँ रखीं तथा एसडीएम को आवेदन सौपा। एसडीएम ने सभी आवेदन पत्रों का अवलोकन करने के उपरांत शीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित कार्यालयों व पदाधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होने कहा कि जनता दरबार का उदेश्य है कि आम लोगों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़े।

## पछुआ हवा के ललकार और तापमान के तल्ख होने से खिसकने लगी जल स्रोत

### गहराने लगी पेयजल संकट की समस्या,बूंद बूंद पानी के लिए तरसने लगे लोग

**दुर्गेश किशोर तिवारी**



**सासाराम, 25 मई (तरुणमित्र)।** रोहिणी नक्षत्र के चढ़ते ही इस समय धरती पर नीले आसमान से आग का गोला बरस रहा है ।पछुआ हवा की ललकार व गर्म वातावरण में लोगो का जीना नित दिन मुहाल होता जा रहा है ।तापमान कभी दिन में 43 से 44 डिग्री सेल्सियस तो कभी लुढ़कर 38 से 39 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रहने से लोगो को अपने दैनिक कार्य निपटाने में काफी असहज होते जा रहे है ।ऐसे में तापमान के तल्ख होने तथा जल स्रोत के नीचे खिसकने से लोगो के समक्ष अब जल संकट की समस्या भी काफी विकराल होती जा रही है ।इस वर्ष मई माह से ही मौसम के तल्ख होने एव पछुआ हवा की ललकार से धरती गर्म रह रहा है। जो अबतक बरकरार है ।जिससे चहुओर पेयजल व जल संकट गहराने के साथ ही हाहाकर मचा हुआ है ।मौसम के बढ़ते तापमान व प्रचंड लू एवं भीषण गर्मी पड़ने से जहां लोगो का हाल बेहाल होता जा रहा है ।वही नदी तालाब,नहर,आहर भी सुख जाने से पीने का पानी सहित जल संकट की गम्भीर समस्या क्षेत्र में उत्पन्न होती जा रही है ।मालूम हो कि जिले में करीब एक माह से नीले आसमान से आग का गोला बरस रहा है तथा दिन के आठ नौ बजे के बाद ही लू के साथ गर्म हवाओं के बहना देर शाम तक जारी रहने से अपने घरों में दुबकने को लोग विवश होने को मजबूर दिखने लगते है ।बढ़ते तपिस व पछुआ हवा के ललकार से आमजनजीवन तो त्रस्त है ही पशु पंक्षी भी बेहाल होते जा रहे है ।ताल तलैया,आहर,पइन इत्यादि के सुख जाने से बूंद बूंद पानी के लिए तरसते निरंतर मौत के गाल में समाते जा रहे है ।लोगो का मानना है कि सूर्य के धरती पर आग उगलने के कारण बढ़ते तापमान से जनजीवन पूरी तरह अस्त ब्यस्त होता जा रहा है। आसमान से बरसते आग और गर्म हवाओं से मौसम पूरी तरह तपने लगा है ।इन दिनों सूर्य के पहली किरण निकलने के साथ ही लोगो का शरीर झुलसने लगता है ।इस मौसम ने लोगो का जहा जीना बेहाल कर दिया है। वही बढ़ते तपिस से लोगो को फिलहाल गर्मी से निजात मिलते नही दिख रहा है। लोगो का कहना है कि बढ़ते तपिस और लू के थपेड़ों से राहत दिलाने के लिए न तो खराब पड़े सरकारी यंत्रों को मजबूत किया जा रहा है और न ही मरमती से किया जा रहा है ।सुविधाओं का घोर अभाव है ।सरकारी योजनाओं के नाम पर केवल अधिकारी लूटखसोट मचा रहे है।

मुंह झुलसा देने वाली पड़ रही तपिस और हलक सूखा देने वाली गर्मी तथा बहते गर्म पछुआ हवा के उपरांत दोपहर के वक्त हाल बेहाल हो जाता है ।दूसरी ओर जिले के विभिन्न हिस्सों से मिल रही जानकारी के मुताबिक बढ़ते तपिस के चलते कई गांवों के चापाकल से पानी निकलना बंद हो गया है तो कई चापाकल के लेयर नीचे खिसक गया है ।लोगो का कहना है कि दर्जनों बार हैंडिल चलाने के उपरांत एक बाल्टी पानी बड़ी मुश्किल से निकल पाता है ।वही शहर सहित गांवों में लगे सरकारी नलकूप व चापाकल भी इन दिनों बेकार साबित हो रहे है ।क्योंकि ये नलकूप व चापाकल मरम्मती के अभाव में महीनों सालो से खराब पड़े हुए है ।जिसका सुंध लेना वाला शायद कोई नही है ।पीएचडी विभाग के अधिकारियों का कहना है कि शिकायत मिलने पर मरम्मती हेतु मिस्त्री भेजा जाता है ।जबकि बिक्रमगंज नगर परिषद के वार्ड संख्या आठ में बुडको कम्पनी द्वारा एक दशक पूर्व सरकार के महत्वकांक्षी योजना में सुमार रहा सात निश्चय के तहत घर घर नल का जल पहुंचाने की योजना बेकार साबित हो रही है ।क्योंकि लगने के कुछ ही दिन बाद से वार्ड के दर्जनों घरो में नल से जल करीब आठ नौ वर्षो से नहीं गिरा ।बताया जाता है कि इसकी शिकायत दर्जनों बार अधिकारियों से की गई ।लेकिन किसी ने कोई सुंध आजतक नहीं लिया ।आलम यह है कि घर का चपाकल जबाव देने से लोग बूंद बूंद पानी के लिए तरसने लगे है ।वहीं चापाकल महीनों से पानी देना बंद कर दिया है और अब बकरी या भैस बांधने के कार्य मे उपयोग हो रहा है। लोगो ने बताया कि ऐसे चापाकलों की संख्या दर्जनों में है जो खराब होकर बेकार पड़ा हुआ है ।जबकि इन चापाकलों से राहगीर भी अपनी प्यास बुझाते है ।हालांकि पानी की गंभीर समस्या मैदानी इलाकों के अलावा जिले के पहाड़ी इलाकों में है ।जहां कोसो दूर पैदल चलकर लोग अपनी प्यास बुझा रहे है।

## ईदुल-जोहा को ले अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित




**बिक्रमगंज , 25 मई (तरुणमित्र)।** थाना परिसर में सोमवार को ईदुल-जोहा (बकरीद) पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम प्रभात कुमार ने की। बैठक में मुख्य रूप से बिक्रमगंज अंचल के पुलिस इंस्पेक्टर निकुंज भूषण,बीडीओ सुनील कुमार गौतम,अनुमंडल के सभी थानाध्यक्ष, बीडीओ, सीओ, कार्यपालक पदाधिकारी, अग्निशमन अधिकारी, एक्साइज विभाग के अधिकारी, शांति समिति सदस्य, स्थानीय जनप्रतिनिधि,मीडिया प्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।बैठक के दौरान पर्व को लेकर मौजूद लोगों ने प्रशासन के समक्ष अपनी- अपनी समस्याएं एवं सुझाव रखे । अधिकारियों ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुना तथा आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम प्रभात कुमार ने कहा कि ईदुल-जोहा आपसी भाईचारा, त्याग और सौहार्द का पर्व है । इसे शांति एवं सामाजिक समरसता के साथ मनाना सभी की जिम्मेदारी है । उन्होंने स्पष्ट कहा कि पर्व के दौरान अफवाह फैलाने, माहौल बिगाड़ने अथवा कानून व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने वालों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी और ऐसे तत्वों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी ।

उन्होंने लोगों से सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट या आपत्तिजनक संदेश साझा नहीं करने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को दें । वहीं पुलिस प्रशासन ने भी संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी,गश्ती बढ़ाने एवं सुरक्षा व्यवस्था को चाक- चौबंद रखने का भरोसा दिलाया ।बैठक के अंत में सभी शांति समिति सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों ने आपसी सहयोग से पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने का संकल्प लिया ।

स्वत्याधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं समूह सम्पादक कैलाशनाथ के द्वारा अजीमाबाद प्रिन्टर 5-47 प्लाट न0 905 वाचस्पती कॉलनी रोड कुम्हरार गुमटी संदलपुर रोड, पटना से मुद्रित होकर 302, रघुवंशम अपार्टमेन्ट किदवईपुरी, पटना से प्रकाशित। कार्यकारी संपादक-योगेन्द्र विश्वकर्मा। फोन/फैक्स 0612-2522597, 2529927 मो. 8578001500 पोस्ट पंजीयनः CO- 174/2002 आर.एन.आई BIHHIN/2002/9030, इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद पटना न्यायालय के अधीन होंगे। email ID-tarunmitrapatna@gmail.com

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सैनिक बन्धु की बैठक सम्पन्न

## जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को सफल कार्यकाल में किया गया सम्मानित



**कुशीनगर , 25 मई (तरुणमित्र)।** आज कलेक्ट्रेट सभागार में सैनिक बन्धु की बैठक जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में विंग कमांडर आलोक सक्सेना (अ०प्रा०), जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, कुशीनगर उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि विंग कमांडर आलोक सक्सेना का कार्यकाल दिनांक 12 जून 2026 को पूर्ण हो रहा है तथा यह उनकी अंतिम सैनिक बन्धु बैठक है। जिलाधिकारी ने उनके सफल एवं सराहनीय कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई एवं सम्मान प्रदान किया।

उन्होंने कहा कि विंग कमांडर आलोक सक्सेना ने अपने कार्यकाल में सर्वाधिक सैनिक बन्धु बैठकों का आयोजन कर पूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं उनके आश्रितों की समस्याओं का संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ निराकरण कराया। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों के हित में उनके द्वारा किया गया कार्य अत्यंत सराहनीय एवं प्रेरणादायी है। बैठक के प्रारम्भ में जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों का अभिनन्दन किया गया तथा पिछली बैठकों में दिये गये निर्देशों एवं प्रकरणों की समीक्षा की गई। तत्पश्चात बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई, जिसमें कुल 28 पूर्व सैनिक एवं विधवाएं उपस्थित रहीं। बैठक में कुल 04 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जो न्यायालय में लंबित विवाद, भूमि पैमाइश एवं भूमि आवंटन से संबंधित थे। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये। बैठक में ? वैभव मिश्र, अपर जिलाधिकारी, सुनील कुमार यादव वरिष्ठ कोषाधिकारी, प्रदीप कुमार मौर्य, जिला उद्योग विभाग, उमेश चन्द्र भट्ट क्षेत्राधिकारी, सूबेदार एस०के० हुड्डा, एनसीसी बटालियन पडरौना सहित सम्मानित पूर्व सैनिक कैप्टन लाल बहादुर त्रिपाठी, कैप्टन शमसुद्दीन अंसारी, कैप्टन दयाशंकर पाण्डेय, हवलदार शारदा प्रसाद, अमिताभ कुमार श्रीवास्तव (पी०एल०वी०) एवं अन्य पूर्व सैनिक एवं वीर नारियां उपस्थित रहीं। बैठक का संचालन जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के प्रभाकर नाथ तिवारी, द्वारा किया गया। बैठक के सफल आयोजन में राजेश कुमार गुप्त, श्रीमती धर्मशीला, जालंधर प्रसाद एवं कार्यालय के समस्त कर्मचारियों का सहयोग रहा।

# बकरीद पर शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील

## डीएम ने अधिकारियों को दिए सतर्कता और व्यवस्थाओं के निर्देश



**देवरिया, 25 मई (तरुणमित्र)।** आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस लाइन सभागार में रविवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने की, जबकि पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर भी मौजूद रहे। बैठक में विभिन्न धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों और प्रबुद्धजनों ने भाग लेकर अपने सुझाव साझा किए। जिलाधिकारी ने कहा कि त्योहार आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक है।

उन्होंने लोगों से अपील की कि सभी पर्व को पारंपरिक और शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं तथा ऐसा कोई कार्य न करें जिससे किसी की भावनाएं आहत हों। उन्होंने निर्देश दिए कि नमाज केवल निर्धारित स्थानों पर ही अदा की जाए। अधिक भीड़ होने की स्थिति में शिफ्टवार नमाज की व्यवस्था की जाए ताकि यातायात और आवश्यक सेवाएं प्रभावित न हों। जिलाधिकारी ने प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न करने, अफवाहों से बचने तथा कुर्बानी के बाद अवशेषों का निस्तारण करने के निर्देश भी दिए।

प्रशासनिक अधिकारियों को पर्व से पूर्व व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने और ड्यूटी स्थल पर उपस्थित रहकर जिम्मेदारी निभाने को कहा गया। उप जिलाधिकारियों को तहसील स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित करने तथा कर्मचारियों की तैनाती के निर्देश दिए। जिला पंचायत राज अधिकारी एवं नगर निकायों को साफ-सफाई, पेयजल और प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखने को कहा गया। वहीं मुख्य चिकित्सा अधिकारी को गर्मी को देखते हुए चिकित्सा टीम, दवाइयों और ओआरएस की उपलब्धता के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने कहा कि सभी की सुरक्षा प्रशासन और पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि कुर्बानी के बाद मांस को यदि कहीं ले जाया जाए तो उसे पूरी तरह ढककर ले जाया जाए और संबंधित विवरण की पर्ची साथ रखी जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### एडीएम की अध्यक्षता में खलीलाबाद-बांसी नई रेल लाइन परियोजना को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

**संत कबीर नगर , 25 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी आलोक कुमार के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी (वित्त व राजस्व) सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में खलीलाबाद-बांसी नई रेल लाइन परियोजना में प्रभावित भूमि के प्रतिकर वितरण एवं परियोजना कार्य में आ रही कतिपय समस्याओं के निराकरण हेतु समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। अपर जिलाधिकारी द्वारा परियोजना में कतिपय बाधाओं का त्वरित निदान करने के साथ ही अवशेष गाटाओं/भूमियों का अंश निर्धारण तथा अवशेष प्रतिकर भुगतान से संबंधित भू-स्वामियों से प्रतिकर भुगतान हेतु फार्म सीसी/बैंक खाता/आधार कार्ड/फोटो आदि विवरण उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।इसी क्रम में एन0एच0 28 पर बनने वाले आर0ओ0बी0 निर्माण में आने वाली दिक्कतों के निदान हेतु सभी अधिकारियों को समन्वय स्थापित कर निराकरण हेतु निर्देशित किया गया।बैठक में उप जिलाधिकारी खलीलाबाद हृदय राम तिवारी, उप जिलाधिकारी मेहदावल अरुण कुमार, तहसीलदार खलीलाबाद आनंद ओझा एवं रेलवे के उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण/सामान्य उपस्थित रहे।

### शुरू हुआ जून माह का राशन वितरण

**देवरिया, 25 मई (तरुणमित्र)।** जिला पूर्ति अधिकारी संजय पांडेय ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत जून 2026 के सापेक्ष खाद्यान्न वितरण की प्रक्रिया 25 मई से 10 जून तक उचित दर दुकानों के माध्यम से संचालित की जाएगी। अंत्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 35 किलोग्राम खाद्यान्न निःशुल्क मिलेगा, जिसमें 10 किलो गेहूं और 25 किलो चावल शामिल है। वहीं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 5 किलो खाद्यान्न दिया जाएगा, जिसमें 1 किलो गेहूं और 4 किलो चावल शामिल रहेगा। जिला पूर्ति अधिकारी ने सभी लाभार्थियों से निर्धारित अवधि में अपनी उचित दर दुकान से खाद्यान्न प्राप्त करने की अपील की।

### पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों पर सपा जिलाध्यक्ष ने साधा निशाना

**देवरिया , 25 मई (तरुणमित्र)।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने पेट्रोलियम पदार्थों की बढ़ती कीमतों को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में 8 से 11 प्रतिशत तक कमी आई है, इसके बावजूद देश में पेट्रोल और डीजल के दाम लगातार बढ़ाए जा रहे हैं, जिससे आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सरकार का दायित्व जनता के दुख-दर्द को कम करना होता है, लेकिन वर्तमान सरकार आम लोगों की परेशानियों के प्रति संवेदनशील नहीं दिखाई दे रही है। बढ़ती महंगाई से गरीब, किसान, मजदूर और मध्यम वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हो रहा है। सपा जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि गैस, डीजल और पेट्रोल की किल्लत पैदा कर कीमतों में वृद्धि का रास्ता तैयार किया जा रहा है। उन्होंने सरकार से जल्द मूल्यवृद्धि वापस लेकर आमजन को राहत देने की मांग की।

### गंगा दशहरा पर कुबरी घाट का निरीक्षण



**कौशाम्बी, 25 मई (तरुणमित्र)।** गंगा दशहरा पर्व के अवसर पर जनपद में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने थाना कड़ाधाम क्षेत्र स्थित कुबरी घाट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ड्यूटी में तैनात पुलिस कर्मियों को पूरी सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गंगा स्नान के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। अपर पुलिस अधीक्षक ने घाट परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। पुलिस कर्मियों को संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने तथा श्रद्धालुओं के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार बनाए रखने के लिए विशेष रूप से निर्देशित किया गया। पुलिस प्रशासन की निगरानी एवं प्रभावी व्यवस्था के चलते गंगा दशहरा का पर्व सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया गया।

# डीएम की अध्यक्षता में स्वास्थ्य व आयुष विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**कुशीनगर , 25 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति, रोगी कल्याण समिति, जिला क्षय रोग समिति, संचारी रोग नियंत्रण समिति, जिला एड्स समन्वय समिति, फाइलेरिया उन्मूलन समिति, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से संबंधित योजनाओं तथा जिला आयुष कार्यकारी निकाय की संयुक्त समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं एवं विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान पूर्व में आयोजित बैठकों में दिये गये निर्देशों के अनुपालन आख्या की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रेरणा कैंटीन के संचालन की स्थिति की जानकारी प्राप्त की, जिस पर मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 08 स्थानों पर कार्यवाही की जा रही है तथा शेष स्थानों पर संचालन की प्रक्रिया प्रचलित है। जिलाधिकारी ने कार्यों में तेजी लाते हुए सभी केंद्रों पर शीघ्र संचालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। आशा कार्यकर्त्रियों सहित अन्य लंबित भुगतानों की समीक्षा के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा बताया गया कि बजट 3-4 दिन पूर्व ही प्राप्त हुआ है। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी लंबित भुगतान की कार्यवाही तत्काल पूर्ण कराते हुए संबंधित कार्मिकों एवं आशाओं को समय से भुगतान सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी स्वीकार नहीं की जाएगी।

बैठक में कार्य न करने वाली आशाओं के संबंध में भी चर्चा की गई, जिस पर जिलाधिकारी ने निष्क्रिय एवं कार्य में रुचि न लेने वाली आशाओं के विरुद्ध सेवा समाप्ति की कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त पूर्व मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा नियम विरुद्ध भर्ती किये गये कर्मचारियों के लंबित बकाया भुगतान के संबंध में भी आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि भुगतान की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करायी जाए।

# अवैध बसों पर प्रशासन का शिकंजा, तीन बसें सीज

**देवरिया, 25 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निर्देश पर सोमवार को परिवहन विभाग और यातायात पुलिस ने जनपद में अवैध एवं नियमों का उल्लंघन करने वाली बसों के खिलाफ सघन अभियान चलाया। जांच के दौरान परमिट शर्तों का उल्लंघन करते पाए जाने पर तीन बसों को सीज कर दिया गया, जबकि करीब एक लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया। एआरटीओ आशुतोष शुक्ला ने बताया कि डग्गामार और बिना परमिट संचालित बसों पर विभाग की लगातार नजर है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने वाली बसों के खिलाफ आगे भी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए अभियान लगातार चलाया जाएगा ।

# पुलिस अधीक्षक ने महिला अपराध संबंधित लंबित विवेचनाओं के संबंध में की समीक्षा

**संत कबीर नगर, 25 मई (तरुणमित्र)।** आज दिनाँक 25.05.2026 को पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर संदीप कुमार मीना* द्वारा थाना कोतवाली खलीलाबाद, थाना दुधारा, थाना धनघटा, थाना मेहदावल, थाना बखिरा व थाना बेलहरकला पर नियुक्त समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों व विवेचकों के साथ पुलिस कार्यालय पर महिला अपराध संबंधित अपराधो की लंबित विवेचनाओं के संबंध में की गयी समीक्षा ।समीक्षा के दौरान थानों पर अधिक समय से लंबित विवेचनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत समीक्षा की गयी । विवेचनाओं के लंबित रहने के कारणों पर चर्चा करते हुए अकारण लंबित प्रकरणों पर नाराजगी व्यक्त की गयी तथा सभी विवेचकों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया ।

साथ ही जनशिकायतों की सुनवाई कर त्वरित जांच, विधिक निस्तारण तथा क्षेत्र में अपराध नियंत्रण हेतु प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। साथ ही विवेचकों को भविष्य में विवेचना कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही एवं शिथिलता न बरतने हेतु चेतावनी दी गई। प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को अपने अधीनस्थ समस्त विवेचकों की नियमित समीक्षा कर कार्यों का समय से निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया गया ।

# डीएम की अध्यक्षता में शादी अनुदान योजना के तहत जनपद स्तरीय स्वीकृति समिति की बैठक आयोजित

**संत कबीर नगर, 25 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में शादी अनुदान योजनान्तर्गत जनपद स्तरीय स्वीकृति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) चंद्रेश कुमार सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी उपस्थित रहे।दबैठक में उपस्थित अधिकारियों को अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु शादी अनुदान योजना के अन्तर्गत जनपद को कुल 1200 लाभार्थियों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके सापेक्ष 600 आवेदकों हेतु शासन से रु० 120.00 लाख की धनराशि प्राप्त हो चुकी है। बैठक में अवगत कराया गया कि माह मार्च 2026 में सम्पन्न हुई शादियों के संबंध में प्राप्त आवेदनों में से परीक्षणोपरांत 28 आवेदक पात्र पाए गए हैं। इसके अतिरिक्त वर्तमान वित्तीय वर्ष में प्राप्त आवेदनों में से 58 आवेदक पात्र पाए गए हैं। इस प्रकार कुल 76 पात्र लाभार्थियों को नियमानुसार रु० 15.20 लाख की धनराशि स्वीकृत किए जाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित जनप्रतिनिधियों की सहमति से उपलब्ध बजट के अंतर्गत कुल 76 पात्र लाभार्थियों को रु० 15.20 लाख की धनराशि व्यय किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से लाभान्वित किया जाए,।

# बरसात से पहले सड़क परियोजनाएं पूरी करने के निर्देश, डीएम ने की समीक्षा




**देवरिया, 25 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को बरसात से पहले प्रमुख परियोजनाओं में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी कार्य गुणवत्ता और तय समयसीमा के भीतर पूरे किए जाएं तथा निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में लोक निर्माण विभाग, एनएचएआई और भूमि अधिग्रहण से जुड़ी परियोजनाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान राम-जानकी मार्ग, नवलपुर-सिकंदरपुर मार्ग, सलेमपुर बाईपास, देवरिया बाईपास तथा तमकुहीराज-मझौली मार्ग की प्रगति पर चर्चा हुई। अधिकारियों ने बताया कि राम-जानकी मार्ग परियोजना में 53.60 प्रतिशत, नवलपुर-सिकंदरपुर मार्ग में 30 प्रतिशत, सलेमपुर बाईपास में 32 प्रतिशत तथा तमकुहीराज-मझौली राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना में 82 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है।

देवरिया बाईपास परियोजना की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जून माह तक सड़क निर्माण कार्यों में अपेक्षित प्रगति हर हाल में सुनिश्चित की जाए। बैठक में वीके सिंह, प्रेम नारायण सिंह और रामशंकर समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# शादी की खुशियां मातम में बदलीं बाइक की टक्कर से अधेड़ की मौत

**राजापाकड़/कुशीनगर, 25 मई (तरुणमित्र)।** सपही टड़वा चौराहे पर एक दर्दनाक सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया। अगले महीने होने वाली नातिन की शादी के लिए खरीदी गई नई पल्सर बाइक की पूजा कर घर लौट रही एक बुजुर्ग महिला को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इनरपति देवी (पत्नी बदरी प्रसाद), निवासी बरवा राजापाकड़ टोला जमुवान थाना तुर्कपट्टी अपनी नातिन की शादी के लिए खरीदी गई नई पल्सर बाइक की पूजा करने बभनौली स्थित दुर्गा मंदिर गई थीं। पूजा के उपरांत जब वह अपने घर लौट रही थीं और सपही टड़वा चौराहे पर दाहिनी ओर एक दुकान के सामने किसी से बात कर रही थीं, तभी सेवरही की तरफ से आ रहे एक तेज रफ्तार अपाची बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अपाची बाइक पर नसरुद्दीन अंसारी (पुत्र खुरशेद अंसारी) निवासी सोहनपुर शुक्लपट्टी थाना कुबेरस्थान और एक युवती गुलाबा पिता का नाम अज्ञात सवार थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि इनरपति देवी का पैर कई टुकड़ों में टूट गया और उनके सिर में गंभीर चोटें आईं। वह मौके पर ही अचेत हो गईं। स्थानीय लोगों ने तुरंत एम्बुलेंस बुलाकर उन्हें सेवरही सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांचोपरांत मृत घोषित कर दिया।हादसे में बाइक सवार नसरुद्दीन अंसारी और युवती गुलाबा को भी हल्की चोटें आई हैं। तुर्कपट्टी पुलिस दोनों बाइक सवारों को अपने साथ थाने ले गई। थाना प्रभारी तुर्कपट्टी आलोक यादव ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी। जिस घर में अगले महीने शादी की शहनाइयां बजने वाली थीं, वहां अब मातम पसरा हुआ है। इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है।

# जनता दर्शन में डीएम ने सुनीं समस्याएं

**देवरिया, 25 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनशिकायतों का समाधान सभी अधिकारियों की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए तथा जनता दर्शन के दौरान अधिकारी अपने कार्यालयों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। जिलाधिकारी ने कहा कि फरियादी बड़ी उम्मीद के साथ सरकारी कार्यालय पहुंचते हैं, इसलिए उनकी समस्याओं का संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ समाधान किया जाए। उन्होंने आईजीआरएस समेत विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध और पारदर्शी निस्तारण पर जोर देते हुए लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी। गंभीर मामलों में डीएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और दूरभाष के माध्यम से उपजिलाधिकारियों व तहसीलदारों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए।

# टॉप-10 भूमि विवाद अभियान में बड़ी कार्रवाई मौके पर हटाया गया अवैध अतिक्रमण

**कौशाम्बी, 25 मई (तरुणमित्र)।** जिले में चलाए जा रहे टॉप-10 भूमि विवादों का मौके पर समाधान अभियान के तहत प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम स्तर पर ही कई पुराने विवादों का निस्तारण कराया। इसी क्रम में उप जिलाधिकारी मंझनपुर आकाश सिंह ने सोमवार को ग्राम कोरीपुर में विशेष कैम्प आयोजित कर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम के साथ भूमि विवादों की सुनवाई की। कैम्प के दौरान राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने भूमि विवाद से संबंधित तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण सुनिश्चित कराया। प्रशासन की इस कार्रवाई से ग्रामीणों में संतोष दिखाई दिया। शिकायतकर्ता आशा देवी की शिकायत पर ग्राम की आराजी संख्या-313 स्थित चकमार्ग की पैमाइश कर उसे चिन्हांकित किया गया। जांच में अवैध अतिक्रमण पाए जाने पर प्रशासनिक टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके पर ही अतिक्रमण हटवा दिया। इसी प्रकार शिकायतकर्ता राम शिरोमणि सिंह द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत पर ग्राम की आराजी संख्या-130 स्थित बंजर भूमि का चिन्हांकन कराया गया। जांच के दौरान भूमि पर अवैध कब्जा पाए जाने पर संयुक्त टीम ने तत्काल अतिक्रमण हटवाकर भूमि को कब्जामुक्त कराया। वहीं, शिकायतकर्ता शैलेंद्र सिंह के मामले में भूमिधरी भूमि से जुड़े विवाद का समाधान दोनों पक्षों के बीच आपसी सुलह-समझौते के आधार पर कराया गया। प्रशासन की पहल से विवाद शांतिपूर्ण ढंग से समाप्त हो गया।

# सुप्रीम कोर्ट में समझौता योग्य मामलों के लिए विशेष लोक अदालत अगस्त में

**गाजीपुर, 25 मई (तरुणमित्र)।** न्याय को घर-घर तक सरल एवं सुलभ बनाने तथा सहमति से न्याय की भावना को मूर्त रूप देने के उद्देश्य से भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाधान समारोह 2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन दिनांक 21 अप्रैल 2026 से प्रारंभ है तथा इसका समापन 21, 22 एवं 23 अगस्त 2026 को विशेष लोक अदालत के आयोजन के साथ होगा। इस समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) के आयोजन का लक्ष्य सर्वोच्च न्यायालय में लंबित वैसे मामले जो आपसी सहमति तथा सुलह से निष्पादन योग्य है, उनको सुलह-सहमति से निष्पादित करना है। इस संबंध में नीरज गोंड, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजीपुर द्वारा बताया गया कि उपरोक्त विशेष लोक अदालत का आयोजन माननीय उच्चतम न्यायालय परिसर में किया जायेगा। सर्वोच्च न्यायालय में लंबित पारिवारिक विवाद, दुर्घटना दावा, चेक बाउंस, भू-अधिग्रहण, आपराधिक सुलहनीय मामले, श्रम संबंधी विवाद तथा ऐसे मामले जो आपसी सहमति से निष्पादन योग्य है उन्हें शामिल किया गया है ।तथा उन मामलों से संबंधित पक्षकारों के आपसी सुलह वार्ता हेतु प्रयास करने वाली बैठकों का आयोजन राज्य, जिला, तालुका एवं उच्च न्यायालय स्तर के विधिक सेवा प्राधिकरणों के मध्यस्थता केन्द्रों में किया जायेगा। पक्षकार इन बैठकों में सशरीर (व्यक्तिगत रूप से) अथवा आभासी (ऑनलाइन) माध्यम से भाग ले सकते हैं। मामले के पक्षकार एवं उनके अधिवक्ता इन सुलह वार्ता में भाग ले सकते हैं।साथ ही यह भी अवगत कराया गया है कि जनसामान्य में यदि किसी व्यक्ति का कोई प्रकरण माननीय उच्चतम न्यायालय के समक्ष लंबित है तथा यदि वह लंबित प्रकरण उपरोक्त श्रेणी में आता है तथा व्यक्ति उसे सुलह के आधार पर निस्तारित कराना चाहता है तो इसके लिए एक ऑनलाइन गूगल फॉर्म उपलब्ध कराया गया है,। जिसे भरकर आवेदन किया जा सकता है। इसे भरना अत्यंत सरल है। यह माननीय सर्वोच्च न्यायालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजीपुर से सम्पर्क कर सकते है।

# डीआईओएस कार्यालय के बाहर आत्मदाह की चेतावनी

**प्रयागराज, 25 मई (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में डायोसिस ऑफ लखनऊ से जुड़े एक विवाद को लेकर डीआईओएस कार्यालय के बाहर आत्मदाह की चेतावनी देने वाले प्रबंधक ने पूरे मामले की एसआईटी जांच कराने की मांग की है। इस संबंध में उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव को संबोधित ज्ञापन भेजकर उन्होंने पुलिस कार्रवाई और शिकायतों की निष्पक्ष जांच पर सवाल उठाए हैं। मुख्य सचिव को भेजें गए पत्र में डायोसिस ऑफ लखनऊ के प्रबंधक रेव. मॉरिस एडगर दान ने आरोप लगाया है कि उनके विरुद्ध दर्ज कराए गए मुकदमे और लगाए गए आरोप तथ्यहीन हैं तथा उन्हें और संस्था से जुड़े लोगों को बदनाम करने की साजिश के तहत कार्रवाई की जा रही है।

# एडीएम की अध्यक्षता में सैनिक बंधु की बैठक आयोजित



**संत कबीर नगर, 25 मई (तरुणमित्र)।** अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) चंद्रेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में सैनिक बन्धु बैठक का आयोजन वीर चक्र सिपाही सत्यवान सिंह सभागार में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। बैठक के प्रारंभ में जिला सैनिक कल्याण एवं एवं पुनर्वास अधिकारी, कर्नल राम प्रकाश मिश्र (अ0प्रा0) द्वारा मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), सी0ओ0 (चकबन्दी), अधिशासी अभियन्ता (विद्युत) खलीलाबाद, सेवायोजन अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी के प्रतिनिधि सहित उपस्थिति सभी अधिकारीयों पूर्व सैनिकों, उनके आश्रितों एवं वीर नारीयों का औपचारिक स्वागत व अभिनंदन किया गया । इस दौरान 24 अप्रैल 2026 को हुई पिछली बैठक की प्रगति की समीक्षा की गई तथा जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने आभार प्रकट किया। इस अवसर पर पूर्व सैनिकों के हितार्थ, पूर्व सैनिक श्री मुक्तनाथ जी द्वारा एक वाटर कूलर भेंट किया गया। अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) महोदय ने एक वयोवृद्ध पूर्व सैनिक को अपने हाथों से शीतल जल पिलाकर इस वाटर कूलर का शुभारंभ किया और इस पुनीत व जनहितकारी कार्य के लिए श्री मुक्तनाथ जी की भूरि-भूरि प्रशंसा की। बैठक को संबोधित करते हुए कर्नल राम प्रकाश मिश्र (अ०प्रा०) ने अवगत कराया कि जनपद में मोबाइल कैंटीन सेवा हेतु जनरल ऑफिसर कमांडिंग (सब एरिया) से सकारात्मक वार्ता हुई है। उन्होंने सभी पूर्व सैनिकों से अपील की कि जिनका जिला अभी भी रिकॉर्ड में 'बस्ती' दर्ज है, वे उसे अविलंब 'संत कबीर नगर' करवाएं। इसके अतिरिक्त, बच्चों के नाम व जन्म तिथि में किसी भी प्रकार के संशोधन हेतु तत्काल 'पार्ट टू ऑर्डर' करा लें, ताकि उन्हें केन्द्रीय सैनिक बोर्ड की कल्याणकारी सुविधाओं का निर्बाध लाभ मिल सके।

बैठक के दौरान पूर्व सैनिकों की ओर से भूमि विवाद, शस्त्र लाइसेंस, चकबन्दी, सोलर सिस्टम, मोबाइल कैंटीन और जिला चिकित्सालय में पूर्व सैनिकों हेतु अलग काउंटर स्थापित करने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए गए। अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ने इन सभी प्रकरणों के त्वरित निदान हेतु पूर्ण आश्वासन दिया। अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ने सेवारत एवं पूर्व सैनिकों को आश्वस्त किया ।

# ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए तैयार भारतीय महिला हॉकी टीम, पहला मुकाबला 26 मई को

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैचों की बहुप्रतीक्षित मैत्री श्रृंखला खेलने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह दौरा आगामी एफआईएच महिला हॉकी नेशंस कप न्यूजीलैंड 2025-26 की तैयारियों के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



श्रृंखला का पहला मुकाबला 26 मई को पर्थ हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा। इस साल की शुरूआत में अर्जेंटीना दौरे पर शानदार प्रदर्शन करने के बाद भारतीय टीम आत्मविश्वास से भरी हुई है। दुनिया की दूसरे नंबर की टीम अर्जेंटीना के खिलाफ भारत ने चार मैचों की श्रृंखला 2-2 से बराबर की थी। शुरूआती दो मुकाबले हारने के बाद भारतीय टीम ने दमदार वापसी कर अपनी क्षमता का परिचय दिया था। मुख्य कोच सजॉर्ड मारिजने की देखरेख में भारतीय टीम ने हाल के हफ्तों में साई बेंगलुरु में आयोजित राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में कड़ी तैयारी की। खिलाड़ियों ने सामरिक अभ्यास, पेनल्टी कॉर्नर संयोजन, फिटनेस और संरचनात्मक खेल पर विशेष ध्यान दिया।

टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने दौरे को लेकर हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, 'पूरी टीम इस दौरे को लेकर बेहद उत्साहित है। ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम के खिलाफ उनके घरेलू मैदान पर खेलना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है और यही चुनौती हमें इस समय चाहिए। पर्थ में होने वाला हर मुकाबला हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण रहेगा।' उन्होंने आगे कहा, 'हम ऑकलैंड में होने वाले नेशंस कप में आत्मविश्वास और सकारात्मक लय के साथ उतरना चाहते हैं। ऑस्ट्रेलिया हमें हमारी सीमाओं तक चुनौती देगा और हम इस अवसर का उपयोग खुद को और मजबूत टीम बनाने के लिए करना चाहते हैं।' 22 सदस्यीय भारतीय टीम में अनुभव और युवा खिलाड़ियों का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिल रहा है। सोनम, हीना बानो और लालथांतलुआंगी जैसी युवा खिलाड़ी भी अपनी छाप छोड़ने को तैयार हैं। एफआईएच विश्व रैंकिंग में नौवें स्थान पर मौजूद भारतीय टीम आठवें स्थान की ऑस्ट्रेलियाई टीम को कड़ी चुनौती देने के इरादे से मैदान पर उतरेगी।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला मुकाबला 26 मई को भारतीय समयानुसार शाम 5 बजे खेला जाएगा।

भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला का कार्यक्रम (भारतीय समयानुसार)

पहला मैच – 26 मई, शाम 5:00 बजे

दूसरा मैच – 27 मई, शाम 5:00 बजे

तीसरा मैच – 29 मई, सुबह 11:00 बजे

चौथा मैच – 30 मई, सुबह 11:00 बजे

भारतीय महिला हॉकी टीम

गोलकीपर

सविता, बिचु देवी खारीबाम

डिफेंडर

निकी प्रधान, इशिका चौधरी, सुशीला चानू पुखरामबम, लालथांतलुआंगी, ज्योति, शिल्पी डबास

मिडफील्डर

सलीमा टेटे, लालरेमसियामी, नेहा, साक्षी राणा, सुनेलिता टोप्पो, दीपिका सोरेंग, सोनम

फॉरवर्ड

नवनीत कौर, बलजीत कौर, दीपिका, अन्नू, इशिका, हीना बानो, ऋतुजा दादासो पिसाल।

# डीपीवीएल चरण-1 ट्रायल्स में दिल्ली के युवा वॉलीबॉल खिलाड़ियों का दिखा जबरदस्त उत्साह

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रो वॉलीबॉल लीग (डीपीवीएल) के पहले चरण के ट्रायल्स में राजधानी के उभरते वॉलीबॉल खिलाड़ियों का भारी उत्साह देखने को मिला। भीषण गर्मी और लू जैसी कठिन परिस्थितियों के बावजूद बड़ी संख्या में युवा खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और खेल के प्रति अपना समर्पण, जु ट्रायल्स में दिल्ली वॉलीबॉल संघ के सदस्य कुलबीर सिंह और प्रियंक शर्मा भी मौजूद रहे। उनकी उपस्थिति ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने का काम किया। इन ट्रायल्स का उद्देश्य जमीनी स्तर से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान करना था। कई युवा खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से चयनकताओं को प्रभावित किया। डीपीवीएल प्रबंधन ने प्रतिभागियों की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि लीग का लक्ष्य दिल्ली में भविष्य के वॉलीबॉल सितारों को मजबूत मंच प्रदान करना है।



पारदर्शी और पेशेवर चयन प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए लीग ने अनुभवी चयन समिति का गठन किया था। खिलाड़ियों का मूल्यांकन तकनीकी क्षमता, फिटनेस, खेल की समझ और कोर्ट पर प्रदर्शन के आधार पर किया गया। ट्रायल्स के दौरान भारतीय वॉलीबॉल खिलाड़ी विनीत कुमार और प्रिंस मलिक भी पहुंचे। दोनों खिलाड़ियों ने प्रतिभागियों से बातचीत की और उन्हें प्रेरित किया।

पूर्व भारतीय कप्तान विनीत कुमार ने कहा कि भीषण गर्मी के बावजूद इतने युवा खिलाड़ियों का समर्पण के साथ ट्रायल्स में हिस्सा लेना बेहद प्रेरणादायक है। आज खिलाड़ियों में जो ऊर्जा और जुनून देखने को मिला, वह साबित करता है कि दिल्ली में वॉलीबॉल की अपार संभावनाएं हैं। डीपीवीएल जैसी पहल भविष्य के खिलाड़ियों के लिए मजबूत रास्ता तैयार कर सकती है।

भारतीय खिलाड़ी प्रिंस मलिक ने भी आयोजन और खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि ट्रायल्स का माहौल बेहद सकारात्मक और ऊर्जावान था। खिलाड़ियों ने कोर्ट पर अपना सर्वश्रेष्ठ देने की पूरी कोशिश की। भारतीय वॉलीबॉल को जमीनी स्तर पर इसी तरह की पहल की जरूरत है। डीपीवीएल उभरती प्रतिभाओं के लिए शानदार मंच तैयार कर रहा है।

# यूनिटी कप के लिए 17 खिलाड़ियों के साथ लंदन पहुंची भारतीय फुटबॉल टीम

**नई दिल्ली।** भारतीय सीनियर पुरुष फुटबॉल टीम यूनिटी कप 2026 में भाग लेने के लिए 17 खिलाड़ियों के साथ 24 मई को लंदन पहुंच गई। रविवार तड़के बेंगलुरु से रवाना हुई भारतीय टीम 2002 के बाद पहली बार ब्रिटिश धरती पर कोई मुकाबला खेलने गई है।

मुख्य कोच खालिद जमील की टीम ने 22 मई को बेंगलुरु में अभ्यास शिविर शुरू किया था, जो इंडियन सुपर लीग 2025-26 के समापन के एक दिन बाद लगाया गया था। हालांकि, 23 मई को मोहम्मडन बागान सुपर जायंट ने अपने खिलाड़ियों को राष्ट्रीय शिविर से वापस बुला लिया। इसके बाद भारत बाकी 17 खिलाड़ियों के साथ लंदन रवाना हुआ। गोलकीपर ऋतिक तिवारी अलग से यात्रा कर रहे हैं और आज टीम से जुड़ेंगे।

फीफा रैंकिंग में 136वें स्थान पर मौजूद भारत का सामना 27 मई की मध्यरात्रि (भारतीय समयानुसार 28 मई) को दूसरे सेमीफाइनल में जमैका (71वीं रैंकिंग) से होगा। पहले सेमीफाइनल में 26वीं रैंकिंग वाली नाइजीरिया टीम का मुकाबला 130वीं रैंकिंग वाली जिम्बाब्वे से होगा। दोनों सेमीफाइनल हारने वाली टीमें 30 मई को तीसरे स्थान के मुकाबले में आमने-सामने होंगी। प्रतियोगिता के सभी मुकाबले लंदन स्थित 'द वैली' स्टेडियम में खेले जाएंगे, जो चार्लटन एथलेटिक फुटबॉल क्लब का घरेलू मैदान है। मैचों का सीधा प्रसारण फैनकोड पर किया जाएगा।

यूनिटी कप 2026 के लिए भारत की टीम- गोलकीपरः गुरप्रीत सिंह संधू, ऋतिक तिवारी, अल्बिनो गोम्स। डिफेंडरः राहुल भेके, निखिल पुजारी, रोशन सिंह नाओरेम, संदेश झिंगन, आकाश मिश्रा, बिजॉय वर्गीज, प्रमवीर।

मिडफील्डरः जैक्सन सिंह थौनाओजाम, नौफल पीएन, रिकी शाबोंग।

फॉरवर्ड : रयान विलियम्स, एडमंड लालरिंडिका, लालियानजुआला छांगते, रहीम अली, फारुख चौधरी।

यूनिटी कप 2026 कार्यक्रम

पहला सेमीफाइनल

27 मई, रात 12:00 बजे (भारतीय समयानुसार)

नाइजीरिया बनाम जिम्बाब्वे।

दूसरा सेमीफाइनल- 28 मई, रात 12:00 बजे (भारतीय समयानुसार) जमैका बनाम भारत।

फाइनल और तीसरे स्थान का मुकाबला- 30 मई 2026 स्थानः द वैली स्टेडियम, लंदन।

# जी. किशन रेड्डी ने एजेंसियों को लंबित खनन और अन्वेषण परियोजनाओं में तेजी लाने का निर्देश दिया



**नई दिल्ली।** केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने सोमवार को बेंगलुरु में समीक्षा बैठकों के दौरान सभी खनन और अन्वेषण एजेंसियों को लंबित खनन और अन्वेषण परियोजनाओं में तेजी लाने का निर्देश दिया। केंद्रीय मंत्री ने बेंगलुरु में जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (जीएसआई), नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रॉक मैकेनिक्स (एनआईआरएम), इंडियन ब्यूरो ऑफ माइन्स (आईबीएम) और रिमोट सेंसिंग और एरियल सर्वे (आरएसएएस) डिवीजन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठकेन कीं।

उन्होंने खान मंत्रालय के अधीन सभी खनन और अन्वेषण एजेंसियों को निर्देश दिया कि वे लंबित परियोजनाओं में तेजी लाएं और भारत की खनिज सुरक्षा तथा रणनीतिक विकास लक्ष्यों को मजबूत करने के लिए 'मिशन-मोड' दृष्टिकोण अपनाएं। साथ ही उन्होंने आगे सभी संगठनों को स्पष्ट रूप से परिभाषित समय-सीमाओं, मापने योग्य परिणामों और अधिक जवाबदेही के साथ, एक समन्वित 'मिशन-मोड' दृष्टिकोण अपनाकर काम करने का निर्देश दिया। उन्होंने अपने संबोधन में सभी संगठनों को अपने लंबित प्रोजेक्ट्स को तेजी से आगे बढ़ाने का आह्वान करते हुए कहा कि उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि टेक्नोलॉजी, पारदर्शिता और कार्यकुशलता हर संस्थागत प्रक्रिया की नींव बनें। रेड्डी ने आगे कहा कि भारत के लोग और भारत सरकार इस क्षेत्र में काम करने वाली हर एजेंसी से तेजी, जवाबदेही और स्पष्ट परिणामों की उम्मीद करते हैं। उन्होंने आगे सभी संगठनों को स्पष्ट रूप से परिभाषित समय-सीमाओं, मापने योग्य परिणामों और अधिक जवाबदेही के साथ, एक समन्वित 'मिशन-मोड' दृष्टिकोण अपनाकर काम करने का निर्देश दिया।

मंत्री ने भारत के अन्वेषण इकोसिस्टम को मजबूत करने में उन्नत तकनीकों, डेटा एकीकरण और वैज्ञानिक नवाचार के महत्व पर भी जोर दिया।

